*    ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

29 अगस्त, 2022
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 07, अंक 309

19 अक्टूबर को
मिलेगा कांग्रेस को
फुल टाइम प्रेसिडेंट












### सियासत : इंतजार और सियासी हलचल में कटा रविवार

# रांची में ही रहे यूपीए विधायक, सीएम ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी से बात की

आजाद सिपाही टीम

**रांची।** झारखंड में सियासी हलचल रविवार को भी जारी रही। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता पर फैसले का इंतजार होता रहा, वहीं सत्तारूढ़ यूपीए गठबंधन के विधायक रांची में ही जमे रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे से स्टेट गेस्ट हाउस के बंद कमरे में करीब एक घंटे तक बातचीत की और बाहर विधायकों की एकजुटता पर बार-बार बयान दिये जाते रहे। उधर यूपीए विधायकों के नेतरहाट या फिर छत्तीसगढ़ शिफ्ट किये जाने की चर्चा भी होती रही, लेकिन देर शाम तक इसके कोई संकेत नहीं मिले।



### सीएम हेमंत ने बंद कमरे में बात की

तीसरे पहर सीएम हेमंत सोरेन ने अविनाश पांडे से मुलाकात की। स्टेट गेस्ट हाउस में दोनों ने करीब एक घंटे तक बंद कमरे में बातचीत की। बातचीत का ब्योरा नहीं दिया गया है। इस मुलाकात के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सरकार को कोई खतरा नहीं है। कांग्रेस पूरी तरह हेमंत सोरेन के साथ मजबूती से खड़ी है।

### राज्यपाल से पूछो भाई: हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी रविवार को रिलैक्स दिखे। उन्होंने वैसे तो मीडिया से बात नहीं की, लेकिन स्टेट गेस्ट हाउस के बाहर जब मीडिया ने उनसे राज्यपाल की चुप्पी की बाबत सवाल किया, तो उन्होंने कहा: राज्यपाल से पूछो भाई। हम तो सरकार चला रहे हैं।

### बैठक में मौजूद रहे 14 विधायक

रविवार को सुबह कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और अन्य नेता भी थे। बैठक में 14 विधायक उपस्थित थे। विधायक ममता देवी स्वास्थ्य कारणों से बैठक में शामिल नहीं हुईं, जबकि डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी पार्टी से निलंबित कर दिये गये हैं। वे कोलकाता में हैं। बैठक में विधायकों ने एक स्वर से दोहराया कि हेमंत सोरेन सरकार को कोई खतरा नहीं है। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने विधायकों से भाजपा की चालों से सतर्क रहने को कहा।

### विधायकों को शिफ्ट किये जाने की चर्चा

इस बीच यह चर्चा भी जोरों पर रही कि यूपीए विधायकों को नेतरहाट और फिर रायपुर शिफ्ट किया जायेगा। शनिवार को खूंटी के लतरातू डैम स्थित डूमरगढ़ी गेस्ट हाउस में यूपीए विधायकों की पिकनिक के बाद यह चर्चा फैली। कहा गया कि रायपुर के मेफेयर रिसॉर्ट में विधायकों के ठहरने का इंतजाम किया गया है। नेतरहाट में भी कुछ होटल बुक किये जाने की बात सामने आयी। लेकिन ये सभी सूचनाएं अफवाह साबित हुईं। यूपीए के विधायक दिन भर रांची में ही रहे। शाम को सीएम आवास पर उनका जुटान हुआ।

### चुनाव आयोग की अधिसूचना का इंतजार

इन तमाम सियासी हलचलों के बीच उम्मीद की जा रही थी कि सीएम हेमंत सोरेन की सदस्यता को लेकर चुनाव आयोग की अधिसूचना जारी होगी, लेकिन देर शाम तक ऐसा नहीं हुआ। राज्यपाल की तरफ से इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गयी।

# नोएडा के ट्विन टावर 12 सेकेंड में जमींदोज

## दोनों टावर 80 हजार टन मलबे में तब्दील




आजाद सिपाही संवाददाता

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 93 में बने सुपरटेक के अवैध ट्विन टावर दोपहर ढाई बजे ढहा दिये गये। 100 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले दोनों टावर गिरने में सिर्फ 12 सेकेंड का वक्त लगा। इन्हें गिराने के लिए 3700 किलो बारूद का इस्तेमाल किया गया। इसके बाद दोनों टावर करीब 80 हजार टन मलबे में तब्दील हो गये। इस मलबे में कॉन्क्रीट और स्टील शामिल है, जिसकी कीमत करीब 15 करोड़ रुपये आंकी गयी है। ब्लास्ट से पहले ट्विन टावर की नजदीकी इमारतों में रहने वाले करीब 7 हजार लोगों को सुरक्षित जगह भेजा गया। एक्सप्लोजन जोन से डेढ़ किलोमीटर तक का एरिया खाली कराया गया था। विस्फोट से टावर के पास मौजूद एक सोसायटी की दीवार को नुकसान पहुंचने और शीशे टूटने की जानकारी मिली है। हालांकि प्लानिंग के मुताबिक टावर एमराल्ड कोर्ट की तरफ नहीं, एटीएस की तरफ गिरे, जो सुरक्षित फॉल है।

**5 मंजिलों के बराबर मलबा :** ब्लास्ट के बाद दोनों टावर्स का मलबा साइट पर जमा हो गया है। मलबे का ढेर करीब 50 से 60 फीट की ऊंचाई तक फैला नजर आया। यह ऊंचाई 5 मंजिला इमारत के बराबर है। पेड़ों और इमारतों से धूल हटाने के लिए 50 से ज्यादा फायर टेंडर्स को लगाया गया है। इलाके में पॉल्यूशन लेवल मॉनिटर करने के लिए स्पेशल डस्ट मशीनें लगायी गयी हैं।

**35 मिनट बाद खाली जगह दिखी :** नोएडा के सेक्टर 93 में जिस जगह सुपरटेक के अवैध टावर खड़े थे, वहां ब्लास्ट के 30 मिनट बाद धूल का गुबार हटने पर खाली जगह नजर आयी। इसके साथ ही टावर के पीछे बनीं इमारतें भी दिखायी देने लगीं। टावर मलबे में बदले, तो करीब आधा किलोमीटर के इलाके में धूल फैल गयी। आधे घंटे के बाद नोएडा अथॉरिटी के अमले ने एक्सप्लोजन साइट पर मोर्चा संभाल लिया। मलबा पूरी तरह हटाने में करीब तीन महीने का समय लगेगा।

### हम सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का सम्मान करते हैं : सुपरटेक फाउंडर आरके अरोड़ा



एमराल्ड कोर्ट परियोजना में बने ट्विन टावरों को बनाने वाली कंपनी सुपरटेक लिमिटेड है। यह एक गैर-सरकारी कंपनी है। इस कंपनी को 7 दिसंबर, 1995 में निगमित किया गया था। सुपरटेक के फाउंडर आरके अरोड़ा हैं। उन्होंने अपनी 34 कंपनियां खड़ी की हैं। 1999 में आरके अरोड़ा की पत्नी संगीता अरोड़ा ने दूसरी कंपनी सुपरटेक बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी शुरू की। ट्विन टावर मामले पर सुपरटेक का बयान आया है। बयान में कहा गया है कि प्राधिकरण को पूरा भुगतान करने के बाद हमने टावर का निर्माण किया था। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने तकनीकी आधार पर निर्माण को संतोषजनक नहीं पाया है और दोनों टावरों को ध्वस्त करने के आदेश जारी किये। हम सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का सम्मान करते हैं। हमने करीब 70000 से अधिक लोगों को फ्लैट्स तैयार करके दे दिये हैं। बाकी लोगों को भी निर्धारित समय में फ्लैट देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# हमारा गठबंधन मजबूत, जनता की चुनी हुई सरकार के खिलाफ चल रही साजिश नहीं होगी कामयाब : चंपई

- राज्यपाल और चुनाव आयोग सार्वजनिक करें रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य में चल रही सियासी हलचल के बीच रविवार को पहली बार महागठबंधन के नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। झामुमो के मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि हमारा गठबंधन मजबूत है। जनता की चुनी हुई सरकार के खिलाफ एक बड़ी साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को एक आदिवासी मुख्यमंत्री पच नहीं रहा है। इसलिए साजिश कर विकास के पहिये को धीमा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का इतिहास है गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकार को अस्थिर करना। लेकिन झारखंड में उनका मंसूबा कामयाब नहीं होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर झारखंड सरकार को अस्थिर करने का प्रयास हो रहा है, लेकिन वे कभी कामयाब नहीं होंगे। चंपई सोरेन ने कहा कि राज्यपाल को निर्वाचन आयोग ने क्या रिपोर्ट दी है, राज्यपाल ने उस पर क्या निर्णय लिया है, इसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यपाल और निर्वाचन आयोग मामले को उलझाये हुए है। जनता में भ्रम फैलाया जा रहा है। जो भी निर्णय लेना है, जल्द लें।

### हॉर्स ट्रेडिंग को दिया जा रहा बढ़ावा : चंपई

चंपई ने कहा कि भाजपा राज्य में हॉर्स ट्रेडिंग को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने दिल्ली का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह से दिल्ली में विधायकों की खरीद फरोख्त हो रही है, वही भाजपा झारखंड में भी करना चाह रही है, लेकिन उन्हें पता नहीं है कि यह झारखंड के आंदोलनकारियों की सरकार है। हमें हर विषय का जवाब देना आता है। कभी भाजपा के कुत्सित इरादे को कामयाब नहीं होने दिया जायेगा। सवाल यह उठता है कि महामहिम लिफाफा क्यों नहीं सार्वजनिक कर रहे हैं। जाहिर है भाजपा के आला नेताओं के इशारे पर हॉर्स ट्रेडिंग का माहौल तैयार किया जा रहा है।

### हमें उलगुलान भी करना आता है : बन्ना

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि हम लोग उलगुलान के वंशज हैं, हमें उलगुलान भी करना आता है। यदि मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई निर्णय हुआ है, तो उसे सार्वजनिक किया जाये। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक नेता ट्वीट कर जानकारी दे रहे हैं कि यह फैसला हुआ है, वह फैसला हुआ है। भाई निर्वाचन आयोग और महामहिम राज्यपाल तो बतायें कि बंद लिफाफे में क्या है। यह लोकतंत्र का एक काला अध्याय है। इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, स्टीफन मरांडी, अंबा प्रसाद, दीपिका पांडेय सिंह और पूर्णिमा नीरज सिंह मौजूद थी।

# अंततः दुमका की बेटी अंकिता हार गयी जिंदगी की जंग

## पांच दिन पहले शाहरुख हुसैन ने पेट्रोल डाल कर जला दिया था

- विरोध में सड़क पर उतरे राजनीतिक दल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दुमका के शाहरुख हुसैन की हैवानियत का शिकार हुई दुमका की अंकिता सिंह ने बीती रात राजधानी के रिम्स में दम तोड़ दिया। पांच दिन पहले शाहरुख नाम के एक युवक ने हैवानियत की हदें पार करते हुए उसके ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी थी, जब वह अपने घर में सोई हुई थी। अंकिता का दोष सिर्फ यह था कि वह उस हैवान शाहरुख से प्यार नहीं करती थी।

**पांच दिन पहले शाहरुख की हैवानियत का निशाना बनी थी अंकिता :** पांच दिन पहले सुबह लगभग पांच बजे शाहरुख ने खिड़की से उसके ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी थी, जब वह जब नगर थाना के जरुआडीह मुहल्ले में अपने घर में सोई हुई थी। इस घटना में वह गंभीर रूप से झुलस गयी थी। पहले तो उसका इलाज दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चला, बाद में रिम्स रेफर किया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। आरोपी शाहरुख हुसैन अंकिता से एकतरफा प्यार करता था और जब अंकिता ने उसकी बात नहीं मानी, तो इस घटना को अंजाम दिया।

**आरोपी हो चुका है गिरफ्तार :** आरोपी शाहरुख हुसैन को पुलिस ने घटना वाले दिन ही गिरफ्तार कर लिया था। घरवालों ने बताया था कि शाहरुख ने कहीं से अंकिता का फोन नंबर जुगाड़ कर लिया था और बराबर उसे फोन कर दोस्ती करने के लिए दबाव बनाता था। अंकिता के मना करने पर शाहरुख ने धमकी दी थी कि वह उसे जिंदा नहीं छोड़ेगा और उसके बाद ही यह घटना घटी।

### भाजपा, बजरंग दल के कार्यकर्ता उतरे सड़क पर, कराया बाजार बंद

वहीं जैसे ही आज अंकिता की मौत की खबर आयी दुमका में तनाव का माहौल है। भाजपा के नगर अध्यक्ष पवन और बीजेपी की महिला मोर्चा की अध्यक्ष नीतू झा के अलावे बजरंग दल के कार्यकर्ता सड़क पर उतर बाजार को बंद कराया। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन विरोधी नारे लगाये। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने शहर में पेट्रोलिंग बढ़ा दी है। उनकी मांग है कि आरोपी शाहरुख को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से फांसी की सजा दी जाये। साथ ही साथ अंकिता के परिजन को सरकार की तरफ से आर्थिक मदद दी जाये। अंकिता की मौत के बाद पूरे झारखंड में लोगों में उबाल है। सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देकर लोग अपने गुस्से का इजहार कर रहे हैं।

# नाकामियां छिपा कर जनता को भरमा रही राज्य सरकार : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य में राजनीतिक ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। इसपर आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने हेमंत सरकार की क्रियाकलाप पर गंभीर सवाल उठाये हैं। सुदेश कुमार महतो ने कहा, सरकार आरोपों से घिरने के बाद नाकामियां छुपाने और जनता को भरमाने के लिए राजनीतिक प्रहसन में जुटी है। राज्य के मूल विषयों और जनमुद्दों पर सीधी बात और चुनावी वादे पूरे करने की बजाय सरकार अपना एजेंडा सेट करने की कोशिशों में जुटी है। सुदेश महतो ने कहा, राज्य के संसाधनों को व्यक्तिगत संपत्ति बनाने के लिए झारखंड की जनता ने जनादेश नहीं दिया था। झूठ और लूट की बूनियाद पर चल रही सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि जनता सारे वादों का हिसाब करेगी। सुदेश ने कहा कि सरकार के मुखिया ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में फंसे हैं। न्यायिक प्रक्रिया का सामना करने के बदले इस तरह का माहौल बनाया जा रहा है, मानो लोग हकीकत नहीं जान रहे। राज्य सरकार के 32 महीने का कार्यकाल दिशाविहीन रहा है। राज्य की दिशा और दशा क्या है, आम आदमी समझ रहा है। सरकार के पास न कोई विजन है और ना कोई रोड मैप। राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में कई तरह की समस्याएं लगातार भयावह होती जा रही हैं। राज्य का बड़ा हिस्सा सुखाड़ का सामना कर रहा है। जातीय जनगणना को लेकर हम लगातार सरकार का ध्यान आकृष्ट करा रहे हैं, लेकिन उसके लिए मुद्दे नहीं हैं। पिछड़ा आरक्षण, बेरोजगारों को प्रोत्साहन भत्ता, स्थानीय नीति, नियोजन नीति, नौकरी रोजगार जैसे सवाल हाशिए पर छोड़ दिये गये हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 48,700 रु./10 ग्राम |
| सोना (खरीद) | 45,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 58,500 रु./प्रति किलो |



## राजनीतिक संकट : हर गठबंधन में सबसे पहले बिखरता है कांग्रेस का शिराजा

# झारखंड की सियासी हलचल में कांग्रेस बनी कमजोर कड़ी!

**झारखंड में पिछले तीन दिन से जारी सियासी उथल-पुथल के बीच एक सवाल अब चर्चा में आ गया है और वह है कि आखिर हर सियासी संकट में सबसे पहले कांग्रेस का शिराजा ही क्यों बिखरता है। यह सवाल झारखंड के संदर्भ में जितना मौजूं है, उतना ही देश की सियासत के संदर्भ में महत्वपूर्ण भी। 2014 के आम चुनाव में बुरी तरह पराजित होने के बाद से कांग्रेस का प्रदर्शन कुछेक अपवादों को छोड़ कर लगातार नीचे ही जा रहा है। इन अपवादों में झारखंड भी है, जहां 2019 के विधानसभा चुनाव में उसने 16 सीटें जीती थीं और गठबंधन की सरकार में लगभग बराबर की साझीदार बनी थी। लेकिन ढाई साल बाद ही कांग्रेस विधायकों में बिखराव शुरू हो गया और अब तो यहां तक कहा जाने लगा है कि झारखंड में इस सियासी उठापटक की जिम्मेदार भी कांग्रेस ही है। साढ़े छह दशक तक भारत के सियासी फलक पर किसी सूर्य की तरह चमकनेवाली पार्टी आज इस दयनीय स्थिति में क्यों पहुंच गयी है कि हर कोई उसे कोसने लगता है। जहां कहीं विधायकों के टूटने की बात होती है, सबसे पहले कांग्रेस के विधायक ही टूटने के लिए तैयार दिखते हैं। झारखंड में कुछ ऐसा ही हुआ, जब कांग्रेस के तीन विधायक बिक गये और नगदी के साथ पकड़े गये। कई और विधायक शक के घेरे में हैं। इसके बावजूद आश्चर्य इस बात का है कि कांग्रेस अब भी खुद को विपक्ष का चेहरा होने का दावा करती है। इन तमाम परिस्थितियों में यह सवाल बार-बार सामने आ रहा है कि आखिर कांग्रेस की रणनीति क्या है। वह अपने विधायकों पर नियंत्रण क्यों नहीं रख पा रही है। क्या पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने तय कर लिया है कि 2014 में पार्टी जिस ढलान पर चलने लगी थी, 2024 आते-आते उसे उस मंजिल तक पहुंचा ही देना है। कांग्रेस की इस बदहाल और कमजोर स्थिति के कारणों और उसके संभावित परिणाम का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

झारखंड में जारी सियासी उथल-पुथल के बीच अब गठबंधन में कांग्रेस की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। झारखंड के संदर्भ में यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां की गठबंधन सरकार के खिलाफ साजिश रचने का पहला आरोप कांग्रेस पर ही लगा। उसके तीन विधायक भारी मात्रा में नगदी के साथ पकड़े गये और अपना चेहरा बचाने के लिए पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया है। साथ ही उनकी सदस्यता रद्द करने के लिए आगे बढ़ गयी है। लेकिन यह सवाल अब भी अनुत्तरित ही है कि हर सियासी हलचल में आखिर कांग्रेस ही कमजोर कड़ी क्यों साबित हो रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव को ही देखिये। झारखंड में सबसे ज्यादा टूट कांग्रेस में हुई। उसके प्रदेश अध्यक्ष रहे सुखदेव भगत, कद्दावर नेता मनोज यादव, प्रदेश अध्यक्ष और सांसद रहे प्रदीप बलमुचू, पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे राधा कृष्ण किशोर सभी ने पार्टी से पाला बदल लिया। उनमें कुछ हार-थर कर लौट आये हैं, कुछ अभी भी दूसरे आशियाने में हैं। इस सवाल का जवाब बहुत आसान नहीं है। इसका जवाब जानने के लिए व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

यह ठीक है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी, कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता या मोर्चाबंदी अधूरी है, किंतु वर्तमान कांग्रेस का राजनीतिक क्षरण भी एक सच है। इस महीने, जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, कांग्रेस के कम से कम तीन दिग्गज, कपिल सिब्बल, आनंद शर्मा और गुलाम नबी आजाद पार्टी से विदा ले चुके हैं। मनीष तिवारी भी कहीं किनारे बैठे जगह तलाश रहे हैं। बीते वर्षों में उसके कई नेता पार्टी तक छोड़ चुके हैं। इससे पता चलता है कि वास्तव में वर्तमान कांग्रेस की समस्या बहुआयामी है। इसमें पहला है कि पार्टी नेतृत्व संकट से दो-चार है, जो दशकों से गांधी परिवार के बौद्धिक क्षमता-दक्षता तक सीमित है। परिवारवाद के विष-आलिंगन में फंसी कांग्रेस की कार्यप्रणाली केवल गांधी-नेहरू परिवार की पसंद-नापसंद से प्रभावित है। दूसरी समस्या पार्टी का बौद्धिक रूप से शून्य होना है। आज हम जिस कांग्रेस को देख रहे है, वह अपने व्यवहार-आचरण से सियासी हाशिये पर जा चुके वामपंथी चिंतन की कार्बन कॉपी है, जिसे तत्कालीन कांग्रेस ने वर्ष 1969-71 में 'आउटसोर्स' किया था। इसी कारण ही वह विचारधारा के नाम पर घिसे-पिटे वामपंथी नारों-जुमलों से चिपकी हुई है। अपने मूल सनातन राष्ट्रवादी चिंतन के अभाव में कांग्रेस की



स्थिति ऐसी हो गयी है कि कई मुद्दों पर उसकी प्रतिक्रिया विमूढ़ है। कांग्रेस की तीसरी समस्या यह है कि उसका नेतृत्व अब फर्जीवाड़े के गंभीर आरोपों में फंस चुका है।

झारखंड को एक पल के लिए छोड़ भी दें, तो यह महत्वपूर्ण है कि कांग्रेस ने 2018 के बाद से चुनावी महत्व की लगभग कोई जीत नहीं हासिल की है। केरल में इसने वाम दलों को अभूतपूर्व ढंग से लगातार दूसरी बार सत्ता में वापस आने दिया। पश्चिम बंगाल में यह राजनीतिक हाशिये पर चली गयी। उसकी पूरी जमीन ममता बनर्जी खा गयीं। जो कुछ बचा था, वह भाजपा के हिस्से चला गया। हरियाणा और मणिपुर में वह फिर से सत्ता हासिल करने में विफल रही। पंजाब के अपने मजबूत किले में इसका सफाया ही हो गया। उससे पहले कर्नाटक, गोवा और मध्यप्रदेश में इसने हाथ में आयी सत्ता गंवा दी।

कांग्रेस का यह नकारात्मक प्रदर्शन वास्तव में कुछ महत्वपूर्ण संकेत देता है। एक तो यह पार्टी की भयंकर अक्षमता को उजागर करता है, जो इस यकीन से पैदा होती है कि आपको विरासत में इतनी ताकत मिली है कि आपकी नाकामियों के लिए कोई भी आपको जवाबदेह नहीं ठहरा सकता। दूसरी बात यह कि आपके लिए पार्टी हित से ज्यादा महत्वपूर्ण है आपकी व्यक्तिगत पसंद-नापसंद। और तीसरी बात यह कि भयंकर भूल करने के बाद भी आपको सुधार करने या खोयी हुई जमीन को वापस हासिल करने की कोशिश करना जरूरी नहीं लगता। यह ऐसा ही है, जैसे आप यह मान बैठे हों कि हमने अपना घर ढहाने का इतना शानदार काम कर दिया है कि उधर मुड़ कर देखने की जहमत क्यों की जाये। इसका नतीजा यह है कि कांग्रेस में नेतृत्व पर कोई सवाल नहीं उठाया जाता। जो सवाल उठाते हैं, उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है और बाहर जाते हुए उन्हें वफादारों के हमलों का सामना करना पड़ता है। जो टिके रहते हैं, वे चारे के रूप में राज्यसभा सीट हासिल करने की कोशिश करते हैं, जो अब भी उपलब्ध हो सकती है। इसके बाद जो मूल सवाल पैदा होता है, वह है कि पार्टी है कहां? दो राज्यों में कांग्रेस सत्ता में है और दोनों जगह इसके मुख्यमंत्री हर रात इस चिंता के बोझ के साथ सोने जाते हैं कि आलाकमान कहीं किसी की बातों में न आ जाये। उसमें भी राजस्थान में अभी-अभी हुए छात्र चुनाव में एनएसयूआइ को करारी हार का सामना करना पड़ा है। झारखंड में गठबंधन है, तो वहां सबसे बड़ा दल झामुमो पूरी तरह एकजुट है, लेकिन दरार कांग्रेस में ही दिखाई दे रही है। तीन विधायकों के पकड़े जाने के बाद अब कई बार पार्टी के कुछ अन्य विधायकों के छिटकने की चर्चा सामने आती रहती है। झारखंड कांग्रेस में सर्वथा रणनीतिकार का अभाव है। यहां मनन-चिंतन नहीं होता। जब जो मन में आया, तत्काल वह झलक जाता है। अभी हाल ही में उसके तीन विधायक कैश के साथ कोलकाता में पकड़े गये। उन्हें पार्टी ने सस्पेंड कर दिया। अभी दो दिन पहले उसकी अनुशासन समिति की बैठक हुई थी। उसमें यह कहा गया था कि उनके पास जवाब देने का एक मौका है। वह 31 अगस्त तक जवाब दे सकते हैं। उसके बाद आलमगीर आलम का एक बयान आया कि जरूरत पड़ी तो कांग्रेस के तीनों विधायकों को कोलकाता से रांची लाया जायेगा। उसके बाद यह खबर आयी कि उन तीनों विधायकों की सदस्यता रद्द करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष के पास आवेदन पहुंच चुका है। आलमगीर आलम की अनुशंसा से ही पहुंचा है। वहीं शनिवार को अविनाश पांडे ने कहा कि सरकार के फ्लोर टेस्ट की जरूरत पड़ी तो तीनों विधायकों को रांची लाया जायेगा। एक तरफ उनके खिलाफ एफआइआर, दूसरी तरफ उनकी सदस्यता खत्म करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष के पास आवेदन और उसके बाद उनसे यह उम्मीद कि वे पक्ष में मतदान करेंगे, ऐसा सिर्फ कांग्रेस के नेता ही सोच सकते हैं। यह वैचारिक शून्यता नहीं तो क्या है। इससे यह भी उजागर होता है कि कुछ भी कहने, करने से पहले कांग्रेस में बैठक नहीं होती, उस पर मंथन नहीं होता। राय-मशविरा नहीं होता।

यह सही है कि जब भी हम कांग्रेस, उसके भविष्य, उसकी खूबियों, कमजोरियों, अवसरों और चुनौतियों पर नजर डालते हैं, तब हर बार यही पाते हैं कि उसकी हालत चंद महीने पहले की हालत से और बदतर ही हुई है। पिछले एक दशक में, इस पार्टी ने जो एकमात्र जीत हासिल की है, वह है राजनीति के गर्त की ओर दौड़ में। इसके बावजूद झारखंड की चुनावी सफलता ने कांग्रेस के लिए संजीवनी का काम किया था, लेकिन अब इसके घर के चूहे ही इस पहाड़ को खोखला कर रहे हैं। कांग्रेस को यह समझना होगा कि 2019 में उसने जो सफलता हासिल की, उसके पीछे झामुमो के साथ उसका गठबंधन था, ना कि उसकी अपनी लोकप्रियता। उस जीत का श्रेय कांग्रेस आलाकमान को तो कतई नहीं जाता, क्योंकि आलाकमान की तरफ से जिन आरपीएन सिंह को झारखंड में भेजा गया था, उन्होंने ही कांग्रेस को गच्चा दे दिया। जाने से पहले उन्होंने झारखंड में प्रदेश नेतृत्व का गठन किया था। प्रदेश नेतृत्व के सक्षम-अक्षम की बात हम नहीं कर रहे, लेकिन उन्होंने जाते-जाते इस नेतृत्व को शक का जख्म भी दे दिया। तमाम योग्यता होने के बावजूद कांग्रेस का एक बड़ा वर्ग मौजूदा नेतृत्व के ऊपर आरपीएन सिंह का ठप्पा लगा देता है। कांग्रेस के प्रभारी को इस दाग से उबारने के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ेगा।

कांग्रेस के लिए अब भी वक्त है संभलने का। उसे अपने संगठन पर सबसे अधिक ध्यान देना होगा। इसके लिए स्थानीय नेतृत्व को सामने लाना होगा, जो कम से कम पार्टी के लिए स्टैंड ले सके। जब तक ऐसा नहीं होता, कांग्रेस अपने क्षरण की इस राह पर लगातार आगे बढ़ती रहेगी।

---

### पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में प्रवेश वर्जित के बोर्ड को प्रशासन के हटाये जाने पर आक्रोश

# आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्यों ने डीएसपी आवास को घेरा, जम कर काटा बवाल

देवानंद

**महुआडांड (आजाद सिपाही)।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में प्रवेश वर्जित करने को लेकर लगाये गये बोर्ड को प्रशासन द्वारा शनिवार को हटाये जाने के बाद आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्यों ने रविवार को महुआडांड़ डीएसपी के आवास को घेर कर जम कर बवाल काटा। इस दरम्यान आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्यों ने सर्वप्रथम तो डीएसपी आवास का ताला तोड़ा, उसके बाद हंगामा करते हुए बाहर से ताला जड़ दिया।



## बेबस नजर आये प्रशासनिक पदाधिकारी

आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्यों के द्वारा जम कर हंगामा करने के दरम्यान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से बेबस नजर आया। इस दरम्यान महुआडांड़ एसडीएम नीत निखिल सुरीन, एसडीपीओ राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेन डांग, थाना प्रभारी आशुतोष यादव आदि पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान थे, पर सभी बेबस बने रहे।

बोर्ड हटाये जाने के बाद इसकी गहरी प्रतिक्रिया हुई। स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हुई और डीएसपी आवास को घेर लिया। उनमें श्रद्धा एक्का, मरियानुस कुजूर, सुमन मिंज, बृजमोहन मिंज, मुकेश खलखो, तरूण उरांव, रूबिना कुजूर, प्रीति रोष कुजूर, जसिंता कुजूर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## क्या है मामला?

आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्यों के द्वारा पिछले सोमबार को महुआडांड़ थाना क्षेत्र स्थित दुर्गा बाड़ी मोड़ और बिरसा चौक के समीप 'पत्थलगड़ी' की तर्ज पर बोर्ड लगाया गया था। बोर्ड में लिखा गया था कि पांचवीं अनुसूचित क्षेत्रों में लागू विधि, जिसमें 1 नं पर भारत का संविधान अनुच्छेद 13 (3)क के तहत रूढ़ी या प्रथा ही विधि बल है यानी सविधान की शक्ति है। 2 नं पर अनुच्छेद 19 (5) के तहत पांचवीं अनुसूची जिलों या क्षेत्रों में कोई भी बाहरी गैर रूढ़ी प्रथा व्यक्तियों का स्वतंत्र रूप से भ्रमण करना, निवास करना और घूमना फिरना वर्जित करता है। 3 नं पर भारत के संविधान अनुच्छेद 19(6)के तहत कोई भी बाहरी व्यक्ति ने का पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों में व्यवसाय करना, कारोबार, रोजगार पर प्रतिबंध है। वहीं 4 नं पर पांचवीं अनुसूचित जिलों या क्षेत्रों में भारत का संविधान अनुच्छेद 244 (1) भाग (ख) धारा (51) के तहत सांसद या विधानमंडल का कोई भी सम्मानीय कानून लागू नहीं है। प्रखंड के सभी स्थानों पर विधिपूर्वक छेछारी परागना के मरियनूस कुजूर, अरुण कुजूर, मुकेश खलखो, धर्म दास उरांव, सारदा एक्का, ब्रजमोहन उरांव ,रोबिना कुजूर, राम असुर द्वारा बोर्ड को लगाया गया।

## क्या कहते हैं एसडीएम

इस संबंध में महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन ने कहा कि ये लोग संविधान की गलत व्याख्या कर रहे हैं। इन्हें जो भी कहना है संवैधानिक तरीके से अपनी बात रखें। प्रशासन उनकी बात सुनेगा।

## क्या कहते हैं एसडीपीओ

महुआडांड एसडीपीओ राजेश कुजूर ने कहा कि इन्हें सविधान की जानकारी ही नहीं है। इन्हें स्वयं नहीं पता कि ये क्या कर रहे हैं। ये लोग आम लोगों को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं।

## देर शाम खोला ताला

आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्यों ने महुआडांड एसडीपीओ राजेश कुजूर के आवास को देर शाम 6:30 बजे ताला खोला। इस संबंध में आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्यों ने कहा कि प्रशासन के द्वारा अवैध तरीके से हमारे द्वारा लगाये गये बोर्ड को उखाड़ कर ले गयी थी। इसी से हमलोग आक्रोशित थे। हमारी मांग है कि हमारे द्वारा लगाये गये बोर्ड को प्रशासन वापस कर दे।

---

## सरकारी स्कूलों में अब तीज की छुट्टी 30 को

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में तीज को लेकर 30 अगस्त को छुट्टी रहेगी। पहले तीज की छुट्टी 31 अगस्त को निर्धारित की गयी थी। झारखंड माध्यमिक संघ ने विभाग से संशोधन करने की मांग की थी। इस मांग को लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि 31 अगस्त के बदले स्कूलों में 30 अगस्त को छुट्टी होगी।

---

### शाहरुख हुसैन के खिलाफ हर तरफ उठ रही आवाज

# शाहरुख को मिले फांसी की सजा : विहिप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने अंकिता के निधन पर आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने रविवार को राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट से शाहरुख को फांसी की सजा दी जाये।

**कहा- कट्टरपंथी जिहादी की बेदी पर दुमका की बेटी अंकिता बलि चढ़ गयी**

साथ ही अंकिता के परिवार को सुरक्षा प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि झारखंड में मुस्लिम तुष्टिकरण की बढ़ती हुई गतिविधि के कारण ही कट्टरपंथी जिहादी की बेदी पर दुमका की अंकिता की बलि चढ़ गयी। विगत पांच दिन पूर्व शाहरुख ने अंकिता को पेट्रोल छिड़क कर जलाने का प्रयास किया था। रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

---

# जमीन विवाद में दिव्यांग की गला रेत कर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** मझगांव के कुमारडुंगी थाना क्षेत्र में जमीन विवाद में 14 वर्षीय दिव्यांग किशोर की गला रेत कर हत्या कर दी गयी। मामले का खुलासा तब हुआ, जब रविवार की सुबह कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के दीकुबालकंड गांव के लोगों ने मझगांव-भलांडिया मुख्य सड़क के किनारे एक किशोर का शव पड़ा हुआ देखा।

सूचना पर पहुंचे कुमारडुंगी थाना प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया कि बच्चे की हत्या गला रेत कर की गयी है। आसपास में हाथापाई होने एवं भागदौड़ करने के कारण पैरों के निशान थे। मृतक की चप्पल सौ कदम दूर तालाब के सामने पड़ी हुई थी। किशोर की शिनाख्त कुसमुंडा गांव के सोनू गागरई का बड़ा बेटा नरसिंह गागराई उर्फ मारंग के रूप में हुई है।

**सोनू गागराई के मुताबिक उसका रिश्तेदारों के साथ ही पिछले कई दिनों से जमीन को लेकर झगड़ा चल रहा है**

मृतक के पिता सोनू गागराई ने बताया कि वह अपनी पत्नी, छोटा बेटा और छोटी बहन के साथ लमझरी गांव खेती के काम से अपनी ससुराल गये हुए थे। नरसिंह गागराई घर में अकेले ही था। शनिवार के दिन चेमलासाई गांव में फुटबॉल प्रतियोगिता का अंतिम दिन था। वही देखने के लिए नरसिंह भी गया हुआ था। वहां से वापसी के समय उसे रात हो गयी। अंधेरा के कारण वह धीरे-धीरे सड़क पर ही आ रहा था। इसी दौरान रिश्तेदारों ने पुरानी दुश्मनी में उसकी गला रेत कर हत्या कर दी। सोनू गागराई के मुताबिक उसका रिश्तेदारों के साथ ही पिछले कई दिनों से जमीन को लेकर झगड़ा चल रहा है। इसमें एक ने झगड़ा में ही खानदान से बदला लेने की धमकी दी थी।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चाइबासा भेज दिया गया है और जांच-पड़ताल कर रही है।

---

# अंकिता के हत्यारों को फांसी हो : विजय शंकर नायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने निर्दोष अंकिता सिंह की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने डीजीपी से मांग की है कि अपराधियों को तुरंत फास्ट ट्रैक कोर्ट में स्पीडी ट्रायल करा कर अविलंब फांसी दिलाने की दिशा में काम करें। कहा कि यह बहुत ही दुख और आक्रोश का विषय है कि हमारी बहनों और बेटियों को अपराधियों के द्वारा जलाकर मारने की नापाक कोशिश की जा रही है। दुमका जिला प्रशासन मूकदर्शक बनकर बैठी हुई है। अभी तक अपराधियों का स्पीडी ट्रायल नहीं होना, राज्य की हमारी बहन बेटियों के लिए चिंता का विषय है। यह हम सभी के लिए शर्म का विषय है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री से मांग की है कि मृत अंकिता सिंह के परिजनों को अभिलंब 50 लाख रुपये मुआवजा और उनके आश्रित परिवारों को सरकारी नौकरी देने का काम करें। इसके अलावा



एसआइटी का गठन कर तुरंत अपराधियों को फांसी दिलाने की दिशा मे कार्रवाई की जाये। राज्य में अपराधियों के बढ़ते मनोबल को तोड़ना बेहद जरूरी है। कहा कि जिस दिन हमारी बहन, बेटियां, छात्राएं भयमुक्त माहौल में रहेंगी, उसी दिन हमारे राज्य का सर्वांगीण विकास होगा। राज्य की बहन बेटियों के साथ किसी भी तरह के अपराध को झारखंडी सूचना अधिकार मंच कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। बता दें कि विकृत मानसिकता की शिकार हुई दुमका की अंकिता सिंह ने बीती रात राजधानी के रिम्स में दम तोड़ दिया। पांच दिन पहले शाहरुख नाम के हैवान ने उसके ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी थी, जब वह अपने घर में सोई हुई थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 30.8 °c | 22.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.10 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.29 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 29 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com



### मधुबन में प्रदेश भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन वक्ताओं ने रखे विचार

# आठ वर्षों में भारतीय कृषि ने सफलता के नये मानदंड स्थापित किये : राधा मोहन सिंह

**किसानों की स्थिति मजबूत करने के लिए एग्रीकल्चर लिंकेज बहुत जरूरी**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधामोहन सिंह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'बीज से बाजार तक' के अप्रोच से देश के कृषि क्षेत्र में बड़े बदलाव आये हैं। बीते आठ वर्षों में भारतीय कृषि ने सफलता के नये मानदंड स्थापित किये हैं। वह मधुबन में आयोजित भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन रविवार को बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों को तमाम तरह की जोखिमों से सुरक्षित रखने, आमदनी बढ़ाने, सटीक सूचनाएं देने और उन्हें कृषि उत्पादों का उपयोग करनेवाली इकाइयों से जोड़ने पर सरकार का फोकस रहा है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ने परिस्थितियों को बदला है। पीएम कृषि सिंचाई योजना से सिंचाई का क्षेत्र बढ़ा और वर्षा जल पर किसानों की निर्भरता कम हुई। रिकॉर्ड उत्पादन से सरकारी खरीद में बढ़ोतरी हुई, जिससे किसानों की आमदनी में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिली। यही नहीं, डीबीटी के जरिए दी जानेवाली आर्थिक सहायता लगातार बढ़ने से किसानों को बिचौलियों की अवैध वसूली और कमीशनखोरी से मुक्ति मिली है।

2019 में सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि की शुरुआत की और किसानों के खाते में हर साल 6000 रुपये कैश ट्रांसफर सुनिश्चित किया। नियमित रूप से किस्तों में मिलनेवाली इस सहायता ने छोटे किसानों को भी अच्छी गुणवत्ता वाले सामान खरीदने, जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने और अपनी आय में वृद्धि करने के अवसर दिये। सरकार द्वारा दिये गये स्वाइल हेल्थ कार्ड से किसानों को उनकी जमीन के बारे में बेहतर जानकारी मिल रही है। छोटे किसानों को नेचुरल और ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे उत्पादन की लागत कम हुई है और कृषि से आय बढ़ी है। साथ ही जलवायु परिवर्तन और कई तरह के संकटों से निपटने में भी उन्हें मदद मिल रही। किसानों की स्थिति मजबूत करने के लिए एग्रीकल्चर लिंकेज बहुत जरूरी है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए शुरू की गयी प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआइ) योजना भारतीय कृषि के लिए एक और क्रांतिकारी कदम है। इससे कृषि उत्पादों के लिए घरेलू मांग में काफी बढ़ोतरी होगी।

भारत का बढ़ता रक्षा सामर्थ्य विषय पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि जनसंघ काल से लेकर वर्तमान मोदी सरकार तक भाजपा ने लगातार भारत की सुरक्षा सामर्थ्य को बढ़ाने की दिशा में गंभीरता दिखायी है। उन्होंने कहा कि यह हमारी नीति और नीयत का हिस्सा है। प्रकाश ने कहा कि 1964 में ही पार्टी ने भारत को परमाणु संपन्न बनाने का संकल्प व्यक्त किया। अटल बिहारी ने दुनिया के प्रतिबंधों की चिंता किये बिना परमाणु परीक्षण किया। आज भारत की सैन्य शक्ति सभी विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दे रही। प्रकाश ने कहा कि भारत रक्षा सामर्थ्य को सिर्फ मजबूत नहीं कर रहा बल्कि इसे आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ चुका है। आज भारत रक्षा क्षेत्र में निर्यात कर रहा। भारत ने 101 रक्षा उपकरणों के आयात पर रोक लगाते हुए 156 स्वदेशी रक्षा उपकरणों का निर्यात शुरू किया। भारत को 34 हजार करोड़ रुपये की आय हुई। मोदी सरकार ने सैनिकों की समस्याओं का समाधान करते हुए शहीदों के परिजनों के लिए सहायता राशि दो लाख से बढ़ाकर आठ लाख करने का काम किया। अग्निवीर की नियुक्ति से सैन्य सामर्थ्य बढ़ाने की दिशा में नयी पहल की गयी है।

# कैश कांड में कांग्रेस के निलंबित विधायकों को स्पीकर का नोटिस

**पार्टी ने की है कार्रवाई की मांग, कोलकाता में विधायकों को मिल चुका है नोटिस**

**कुमार जयमंगल सिंह से पिछले एक साल से बातचीत नहीं है: इरफान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में चल रहे सियासी उठापटक के बीच कांग्रेस ने कैश कांड में शामिल तीन निलंबित विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप पर पार्टी विरोधी कार्य में शामिल होने का आरोप लगाते हुए स्पीकर के ट्रिब्यूनल में शिकायत की है। स्पीकर की ओर से उन्हें नोटिस भेजा जा चुका है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने तीनों विधायकों पर दलबदल का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। इरफान अंसारी ने कोलकाता में रविवार को पत्रकारों से कहा कि तीनों विधायकों को नोटिस मिला है और ऑनलाइन अपना पक्ष रखने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि उनकी किसी भी विधायक से कोई बात हुई ही नहीं है। कुमार जयमंगल सिंह से पिछले एक साल से बातचीत नहीं है। फिर उन्हें हम पाला बदलने का ऑफर कैसे दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि साजिश के तहत फंसाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुमार जयमंगल सिंह को खुद अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। भाजपा के किन-किन नेताओं के साथ उनका संबंध है, यह किसी से छिपा नहीं है।

**शिल्पी नेहा तिर्की का आरोप लगाया जाना बहुत दुखद**

इरफान अंसारी ने कहा कि मांडर उपचुनाव में उन्होंने एआइएमआइएम के खिलाफ जाकर शिल्पी नेहा तिर्की के लिए चुनाव प्रचार किया था और मुसलमानों को एकजुट किया था। इसमें राजेश कच्छप और विक्सल के योगदान किसी से छुपा नहीं है। इसके बावजूद शिल्पी नेहा तिर्की की तरफ से इस तरह का आरोप लगाया जाना बहुत दुखद है।

बता दें कि स्पीकर के ट्रिब्यूनल ने तीनों विधायकों को नोटिस जारी कर दिया है। उन्हें 1 सितंबर तक पक्ष रखने को कहा गया है। जमानत मिलने के बाद तीनों विधायक कोलकाता में हैं। कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, अनूप सिंह और भूषण बाड़ा की शिकायत पर कार्रवाई की मांग की गयी है।

शिकायत करने वाले विधायकों के मुताबिक तीनों निलंबित विधायकों ने भाजपा में शामिल होने के लिए 10 करोड़ रुपये और मंत्री पद का ऑफर किया था। इससे पहले पार्टी ने तीनों विधायकों को शोकॉज किया था। मालूम हो कि पिछले दिनों तीनों विधायक हावड़ा में पकड़े गये थे और उनके पास से 49 लाख रुपये कैश मिले थे। पूरे मामले की जांच कोलकाता सीआइडी कर रही है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
| --- | --- |
| मेष | नौकरी-व्यापार की स्थिति में कुछ उलझनों का सामना होगा, आवश्यक कार्य में सफलता। |
| वृष | प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा। |
| मिथुन | कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी |
| कर्क | नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने का संयोग बन सकता है, गृह-भूमि का सुख मिलेगा। |
| सिंह | रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। |
| कन्या | महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। |
| तुला | परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| वृश्चिक | जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। |
| धनु | शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय। |
| मकर | आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा। |
| कुंभ | इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा। |
| मीन | सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

# बेहतर इलाज से बचायी जा सकती थी अंकिता की जान : बाबूलाल

**कहा- उपद्रव में घायल नदीम को राज्य सरकार एयर एंबुलेंस से सरकारी खर्च पर दिल्ली भेज मेदांता में इलाज करवाती है, वहीं अंकिता को रांची भेजने तक की व्यवस्था नहीं कर पाती**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने निर्दोष अंकिता सिंह की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मरांडी ने रविवार को कहा कि शाहरुख हुसैन की सनक की शिकार हुई अंकिता की जान बचायी जा सकती थी, अगर उसे भी बेहतर इलाज मिल पाता। एक ओर रांची में उपद्रव में घायल नदीम को राज्य सरकार एयर एंबुलेंस से सरकारी खर्च पर दिल्ली भेज मेदांता में इलाज करवाती है, वहीं अंकिता को रांची भेजने तक की व्यवस्था नहीं कर पाती। अब इससे दुर्भाग्यपूर्ण और क्या होगा? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राज्य में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की इससे ज्यादा उम्मीद भी नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री अब कम से कम फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर हत्यारे को फांसी दिलायें, ताकि मृतका के परिजनों को न्याय मिले।

# अंकिता के हत्यारे शाहरुख को फांसी की सजा दिलाये सरकार: दीपक प्रकाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने मधुबन गिरिडीह प्रशिक्षण शिविर से राज्य सरकार पर कड़ा हमला बोला। प्रकाश ने कहा कि इस सरकार में बेटी बहनों की हत्याएं हो रही हैं। राज्य में बहन बेटियां असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 32 महीनों में राज्य में 5000 से अधिक बलात्कार की घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने पिछले 23 अगस्त को दुमका में शाहरुख हुसैन द्वारा नाबालिग अंकिता सिंह की पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने की घटना को राज्य को भयभीत और कलंकित करनेवाला बताया। उन्होंने कहा कि इस राज्य में बेटी-बहन अब अपने घरों में सुरक्षित नहीं हैं। कहा कि राज्य में अपराधियों का मनोबल सिर चढ़ कर बोल रहा। कहा कि एक तरफ राज्य की बेटी को जलाया जा रहा है और मुख्यमंत्री पिकनिक मना रहे हैं। उन्होंने अंकिता सिंह की दर्दनाक मौत पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस जघन्य अपराध में गिरफ्तार शाहरुख को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से राज्य सरकार फांसी की सजा दिलाये। उन्होंने पीड़ित परिवार को मुआवजा और सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने की मांग की।

### कार्यक्रम : मल्टी मीडिया फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ

# मोदी के नेतृत्व में देश को मिल रही अलग पहचान: अर्जुन मुंडा

**रांची यूनिवर्सिटी के दीक्षांत मंडप में लगायी गयी प्रदर्शनी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मल्टी मीडिया फोटो प्रदर्शनी रविवार को लगायी गयी। रांची यूनिवर्सिटी के दीक्षांत मंडप में लगायी गयी इस प्रदर्शनी का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। इस दौरान उनके साथ सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और पद्मश्री मधु मंसूरी सहित कई अन्य भी उपस्थित थे।

प्रदर्शनी में स्वतंत्रता सेनानियों और झारखंड के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की दुर्लभ तस्वीरें लगायी गयी हैं। पांच दिवसीय प्रदर्शनी का आनंद लेने के बाद मौके पर उन्होंने कहा कि देश का लोकतांत्रिक इतिहास पूरे विश्व में हमें एक अलग पहचान दिलाता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, दूसरी तरफ 14 अगस्त को भारतीय इतिहास का सबसे मुश्किल दिन कहा जाता है। भारत के इतिहास में इसे विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस एक दिन में भारत का भूगोल, समाज और संस्कृति सबका बंटवारा हो गया, पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी अलग पहचान और विकास के रास्ते आगे बढ़ रहा है। आज हम सभी नागरिकों का देश के लिए अपना योगदान अपने-अपने क्षेत्र में काम के माध्यम से करना है।

# अंकिता की मौत : भाजपा महिला मोर्चा उतरी सड़क पर



**मोहम्मद शाहरुख को फांसी की सजा देने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा रांची महानगर जिला की अध्यक्ष अनीता वर्मा के नेतृत्व में रविवार को बहू बाजार चौक, चुटिया में सीएम का पुतला दहन किया गया।

अनिता वर्मा ने कहा की दुमका जिले में मोहम्मद शाहरुख द्वारा 12वीं कक्षा की छात्रा अंकिता सिंह को बीते दिनों पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जला दिया गया। जिसकी इलाज के क्रम में रिम्स में मौत हो गयी। यह पूरी घटना राज्य सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने वाली है। यह घटना दिन प्रतिदिन गिरती कानून व्यवस्था की पोल खोलती है। इस दौरान घटना में पकड़े गये आरोपी मोहम्मद शाहरुख को फांसी की सजा देने और राज्य में महिला सुरक्षित रहे ऐसी कानून व्यवस्था बहाल करने की मांग की गयी। इस मौके पर भाजपा रांची महानगर के महामंत्री बलराम सिंह, प्रदेश महिला मोर्चा की महामंत्री सीमा सिंह, मंजुलता दुबे, दिव्या साहू, चुटिया मंडल अध्यक्ष सुजीत शर्मा, रणधीर कुमार, कुंदन कुमार, जुगल किशोर, कंचना कुमारी, रेणुका पासवान, पिंकी सिंह, रेणु सिंह, लवली पाठक, बिनु देवी, रीना थापा, नीतू सिंह, पूजा सिंह, नीता सिन्हा, सुनीता देवी, सुधा देवी, मनोरमां देवी, उषा देवी सहित कई उपस्थित थे।

# अमिताभ चौधरी के निधन के बाद बंगाल का क्रिकेट जगत में हस्तक्षेप बढ़ा

**झारखंड के क्रिकेट खिलाड़ियों का भविष्य दांव पर, धोनी ही बचा सकते हैं झारखंड में क्रिकेट को**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अमिताभ चौधरी के निधन के बाद बंगाल का क्रिकेट जगत में हस्तक्षेप बढ़ा है। इससे राज्य के खिलाड़ियों के भविष्य पर संकट मंडराने लगा है। इस मामले को लेकर पूर्व रणजी खिलाड़ी अजातशत्रु ने बयान जारी करते हुए कहा कि क्रिकेट जगत में जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी का योगदान किसी से छुपा हुआ नहीं है। उनके आकस्मिक निधन से क्रिकेट जगत उबर भी नहीं पाया है, और बंगाल अपना वर्चस्व बनाने के लिए अपने दायरे से बढ़ कर हस्तक्षेप कर रहा है। झारखंड के प्रतिभावान क्रिकेट खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद उन्हें प्रतिस्पर्धा से ही बाहर कर दिया जा रहा है। झारखंड रणजी ट्रॉफी में क्वार्टर फाइनल खेली हुई टीम है। लेकिन राज्य के महज 4 खिलाड़ियों को दिलीप ट्रॉफी में अवसर दिया गया है। कुछ ऐसे भी खिलाड़ी हैं, जिनका प्रदर्शन अन्य खिलाड़ियों से बहुत बेहतर है, लेकिन उनका चयन नहीं हो पाया है। इसका मूल कारण यह भी है कि वर्तमान समय में झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से स्व अमिताभ चौधरी की तरह प्रखरता के साथ खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य और प्रदेश की बातों को रखनेवाला कोई नहीं है। अब इसे बहुत बड़ी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। इसे लेकर एसोसिएशन को गहन चिंतन करने की जरूरत है। इन परिस्थितियों में झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन को संभालने वाले एकमात्र मजबूत व्यक्तित्व हैं महेंद्र सिंह धोनी। धोनी ही वह शख्स ह, जो झारखंड के क्रिकेट एसोसिएशन और यहां के प्रतिभावान खिलाड़ियों के भविष्य को संवारने का कार्य कर सकते हैं।

### मन की बात में झारखंड का जिक्र : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा

# गिरिडीह में सांप-सीढ़ी के खेल से बच्चे अच्छी आदतें सीखते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में झारखंड के गिरिडीह का जिक्र किया। कहा कि कुपोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अनोखा अभियान झारखंड में चल रहा है। गिरिडीह में सांप-सीढ़ी का एक खेल तैयार किया गया है। खेल-खेल में बच्चे, अच्छी और खराब आदतों के बारे में सीखते हैं। उन्होंने कहा कि वह कुपोषण से जुड़े इतने सारे अभिनव प्रयोगों के बारे में इसीलिए बता रहे हैं, क्योंकि सबको आनेवाले महीने में इस अभियान से जुड़ना है।

इस क्रम में पीएम ने कहा कि असम के बोंगाई गांव में परियोजना प्रोजेक्ट संपूर्णा चलायी जा रही है। इसका मकसद कुपोषण के खिलाफ लड़ाई है। इसके तहत किसी आंगनबाड़ी केंद्र के एक स्वस्थ बच्चे की माता, एक कुपोषित बच्चे की मां से हर सप्ताह मिल कर पोषण से संबंधित जानकारियों पर चर्चा करती है। एक मां दूसरी मां की मित्र बन कर उसकी मदद करती है, उसे सीख देती है। पीएम ने कहा कि इस योजना की मदद से इस क्षेत्र में एक साल में 90 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों में कुपोषण दूर हुआ है।



**मध्यप्रदेश के दतिया जिले में मेरा बच्चा अभियान :** प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश के दतिया जिले की भी चर्चा की। कहा कि क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि भजन-कीर्तन का भी प्रयोग इस अभियान में किया जा रहा है। दतिया जिले में मेरा बच्चा अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत जिले में भजन-कीर्तन आयोजित हुए, जिसमें पोषण गुरु कहलाने वाले शिक्षकों ने शिरकत की। साथ ही पीएम ने कहा कि एक मटका कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है। इसमें महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्र के लिए मुट्ठी भर अनाज लेकर आती हैं। इसी अनाज से शनिवार को बालभोज का आयोजन होता है। इससे आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ने के साथ ही कुपोषण भी कम हुआ है।

**सितंबर माह पोषण से जुड़े बड़े अभियान के प्रति समर्पित है :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सितंबर माह त्योहारों के साथ-साथ पोषण से जुड़े बड़े अभियान के प्रति समर्पित है। उन्होंने कहा, हम हर साल एक से 30 सितंबर के बीच पोषण माह मनाते हैं। मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर के राज्यों में 14 से 18 साल की बेटियों को भी पोषण अभियान के दायरे में लाया गया है। जल जीवन मिशन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को कुपोषणमुक्त कराने में इस मिशन का भी बहुत बड़ा असर होनेवाला है।

# ठगी के आरोप में व्यवसायी सुशील जैन को गिरफ्तार कर ले गयी जयपुर पुलिस

**रांची।** रांची के उद्यमी और निर्मल जल (मिनरल वाटर) कंपनी के मालिक सुशील जैन को ठगी के मामले में जयपुर पुलिस ने शनिवार को उनके ओल्ड एचबी रोड स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया। जयपुर पुलिस के इंस्पेक्टर बाबूलाल मीणा ने सदर थाना पुलिस को ठगी के मामले में सुशील जैन के खिलाफ कोर्ट से जारी गिरफ्तारी वारंट का हवाला देते हुए मदद मांगी थी। कल जयपुर पुलिस ने सदर थाना पुलिस के साथ सुशील के ओल्ड एचबी रोड स्थित रिवेरा अपार्टमेंट के फ्लैट पर छापेमारी की। जिस वक्त छापेमारी की गयी, उस वक्त सुशील घर पर ही थे। पुलिस ने उन्हें कोर्ट से जारी वारंट की जानकारी देते हुए गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें रांची के सीजेएम कोर्ट में प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड पर जयपुर ले जाने की इजाजत मांगी गयी। कोर्ट से आदेश मिलते ही जयपुर पुलिस उद्यमी सुशील जैन को अपने साथ ले गयी। इस्पेक्टर मीणा के अनुसार, उद्यमी सुशील जैन के खिलाफ जयपुर के व्यवसायी आदित्य मिश्रा ने लाखों रुपये की ठगी और चेक बाउंस की प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 29 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com


# मेगा विधिक सशक्तीकरण शिविर का आयोजन

## सदर प्रखंड से एक करोड़, 19 लाख, 38 हजार की परिसंपत्तियों का वितरण

▸▸ प्रधान जिला जज, डीसी, एसपी हुए शामिल, दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ




**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** स्थानीय नगर भवन में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय आयोजित शिविर में सदर प्रखंड के द्वारा अनेक लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करते हुए परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर में मुख्य तौर पर प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा, उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सरकार की ओर से कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इस शिविर के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रदत्त अधिकारों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

**शिविर के माध्यम से परिसंपत्तियों का वितरण**

इस शिविर के माध्यम से कुल एक करोड़ उन्नीस लाख अड़तीस हजार रू की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जिसमें जेएसएलपीएस की ओर से 52 सखी मंडल के बीच 85 लाख का चेक, बाल विकास परियोजना विभाग (ग्रामीण) के द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत कुल 20 लाभुकों के बीच छह लाख रुपए, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत 110 लाभार्थियों के बीच कुल चार लाख पचपन हजार, बाल विकास योजना (शहरी) के द्वारा मुख्यमंत्री सुकन्या योजना के तहत 70 लाभुकों के बीच चार लाख, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 17 लाभुकों के बीच ? पांच लाख दस हजार रु, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत 43 लाभुकों के बीच ? दो लाख पन्द्रह हजार रु का लाभ प्रदान किया गया। सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत 292 लाभुकों के बीच दो लाख बानबे हजार के भुगतान की स्वीकृति पत्र प्रदान की गई। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी नियाज अहमद,सदर बीडीओ गुंजन सिन्हा,सीओ राजेश कुमार समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## अन्नपूर्णा देवी एवं अमित यादव श्राद्ध कार्यक्रम में हुए शामिल



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** घरौंजा निवासी स्वर्गीय गांगो महतो (गांगो गुरुजी) 98 वर्ष की उम्र में निधन 15 अगस्त को हो गया था। दुखद समाचार सुनकर मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने उनके आवास पर जाकर उनके शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने बताया कि उन्होंने शिक्षा के जगत में अपनी अलग पहचान बनायी। अपनी पूरी जिंदगी शिक्षा प्रदान करने में लगा दी। वे जब शिक्षक से सेवानिवृत्त हुए, तब भी ज्ञान का भंडार देने का काम करते रहे। गांगो महतो उर्फ गांगो गुरुजी के नाम से प्रचलित हुए थे उनके हम सभी लोग के बीच से अचानक चले जाना हम सभी के लिए अपूर्णीय क्षति हुई हैं भगवान इन्हें अपने चरणों पर स्थान प्रदान करें। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने बताया, कि गांगो गुरुजी जोकि एक बहुत ही नेक इंसान थे। उनकी तबीयत अचानक बिगड़ जाने से उनका निधन हो गया। वे शिक्षा के जगत में अपना योगदान देते रहे। मंत्री व विधायक ने उनके आवास पर पहुंच कर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया। उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर महेश रजक, पिंकी जैन, दीपक कश्यप, कविता कुमारी, डॉ उमाशंकर यादव, वासुदेव प्रसाद यादव, रामवतन यादव, कालेश्वर चंद्र यादव, सुनीता देवी वार्ड सदस्य, देव नारायण यादव, जागेश्वर यादव शिक्षक, गुड़िया देवी, मनोज चौधरी, मोती लाल यादव,श्याम यादव, महावीर रजक और काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## इचाक में जिला विधिक सशक्तीकरण शिविर का हुआ आयोजन



**इचाक(आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुटुंब न्यायाधीश शंभू लाल साव, न्यायधीश शिवानी शर्मा और जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सबसे पहले अतिथियों को तिलक लगाकर और स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया। उसके बाद कई लाभुको के बीच केसीसी, जॉब कार्ड, साड़ी धोती समेत अन्य परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुटुंब न्यायाधीश ने कहा की इस शिविर के अंदर जिनकी आय तीन लाख से कम होती है उन्हे न्याय दिलाया जाता है। न्यायधीश शिवानी शर्मा ने कहा की ये एक ऐसा छत है जिसमे कम आय वालों को कानून की सुरक्षा प्रदान की जाती है। जीप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने कहा की ऐसे आयोजन से लोगों को लाभ मिलता है। एक मंच के द्वारा केसीसी, आवास, जॉब कार्ड समेत अन्य परिसंपत्तियों का वितरण करना सराहनीय कदम है। कार्यक्रम को प्रमुख पार्वती देवी, उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, जीप सदस्य रेणु देवी, एडवोकेट श्वेता राणा, रीना वर्मा समेत अन्य अतिथियों ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन बीडीओ रिंकू कुमारी और संचालन बीपीओ राजीव आनंद ने किया। मौके पर सीओ मनोज महथा, सांसद प्रतिनिधि भागवत प्रसाद मेहता, उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, एमओ विद्याभूषण कुमार, बिईईओ बंशीधर राम, बिएओ बिनोद कुमार रवि, सीडीपिओ नीलू रानी, पीएलवी विकास कुमार पांडेय, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता, उमेश मेहता, सुनीता देवी, नंदकिशोर मेहता, सिकंदर दास, पूर्व मुखिया डेग्नारायण मेहता, प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर राम, दयानंद कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## खबर छपने के बाद पुल निर्माण में गड़बड़ी मामले की जांच करने पहुंचे जीप चेयरमैन



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** इचाक प्रखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूरी पर स्थित दरिया और फुफुंदी को जोड़ने वाली सड़क पर बनी ठेपाय छोटकी नदी पुल के अप्रोच पथ में दरार और धसने के मामले की जांच करने रविवार को जिला परिषद चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता पहुंचे। रविवार को आजाद सिपाही अखबार ने प्राथमिकता से खबर को प्रकाशित किया था। श्री मेहता ने पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान कहा की अखबार के माध्यम से मामले की जानकारी मिली थी। कार्य में गड़बड़ी दिख रही है। जो किसी कीमत पर बर्दास्त नही किया जाएगा। जिला अभियंता को बुला कर इस अप्रोच पथ को फिर से कबाड़ कर बनाने को कहेंगे, अगर ठिकेदार ने अप्रोच पथ को फिर से नही बनाया तो उसे ब्लैक लिस्ट किया जायेगा। साथ ही कहा की यह कार्य मेरे कार्यकाल के पहले आवंटित था। क्वालिटी में कोई कंपरमाईज नही किया जाएगा। पुल का निर्माण हुए कुछ माह ही गुजरे हैं। निर्माण के दौरान ही ठेकेदार की मनमानी और अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने कई बार आवाज उठाई थी। इस पुल का निर्माण जिला परिषद मद के द्वारा लगभग 42 लाख की लागत से करवाई गई है। इस पुल से कालाद्वार, फूफंदी, ठेपाई, डाडीघाघर, आरा, मडपा, पुरनपनिया समेत कई गांवों के लोग आवागमन करते हैं। साथ ही बड़े बड़े वाहन से इसी पुल के सहारे आलू लेकर किसान के घर और मंडी आते जाते हैं। कार्यस्थल पर उपस्थित ग्रामीणों ने कहा की निर्माण के समय भी हम लोगों ने ठिकेदार की मनमानी का विरोध किया था। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भागवत प्रसाद मेहता, पूर्व मुखिया डेग्नारायण मेहता, सुधीर मेहता, सुनील मेहता, अशोक मेहता, छत्रधारि मेहता समेत अन्य उपस्थित थे।

## कृषक मित्र संघ की हुई बैठक

**इचाक(आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित हदारी पंचायत भवन सभागार में कृषक मित्र संघ की एक बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर कुमार ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभागीय बैठक एवं संघ की बैठक शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। नहीं उपस्थिति होने पर विभाग के द्वारा कार्रवाई की जाएगी। इसकी जवाबदेही संघ नहीं लेगी। संचालक नंदकिशोर उर्फ नंदू मेहता ने किया। मौके पर तुलेश्वर उर्फ अशोक मेहता, रामजय प्रसाद मेहता, अशोक कुमार मेहता, प्रयाग प्रसाद मेहता, ओम प्रकाश मेहता, सौरभ कुमार, मुरलीधर मेहता, रवि रंजन, भेखलाल प्रसाद मेहता, शेवलाल महतो, शिव शंकर मेहता, उदय पासवान, अनुपा मेहता, लक्ष्मी देवी, पूनम देवी, रीना देवी, सुनीता कुमारी, मो पुष्पा देवी आदि उपस्थित थे।

## सार्वजानिक दुर्गा पूजा समिति रमुवा के अध्यक्ष बने विनोद सिंह

**विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति रमुवा में पूजा सम्पन्न कराने को लेकर पूजा कमिटी के सदस्यों की बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता आनंद राम ने की।जिसमे सर्वसम्मति से पूजा समिति के अध्यक्ष बिनोद सिंह ,उपाध्यक्ष अजय प्रसाद साव, सचिव किशोर कुमार मंडल, सह सचिव संजय कुमार(बबलू), कोषाध्यक्ष शशि कुमार लहकार, मिडिया प्रभारी राहुल कुमार गुप्ता,सरंक्षक आनंद राम, रामेश्वर सिंह, गिरजा साव, कारू मिश्रा, जयवीर बर्मन,शंभू लाल यादव, दीपू भाई, त्रिवेणी स्वर्णकार, देवलाल साव,एवं कार्यकारणी सदस्य दिलीप साहू,सुरेश बर्मन, मुरलीधर स्वर्णकार, कारू प्रजापति, शेखर सुमन,शैलेंद्र कुमार सिंह, अनुभव भारती,अविनाश कुमार,अनुराग बर्मन, महेश साव,अजय वर्णवाल, कारू प्रजापति, माणिक यादव,सूरज कुमार मिश्रा, चिंतामणि प्रजापति, मनोज कुमार यादव, भीम प्रसाद,विवेक कुमार गुप्ता, बिनोद कुमार सिंह(इटवाटाड), दामोदर साव, अजीत कुमार, उमा शंकर वैध चुने गए।

## अचलजामु पैक्स अध्यक्ष बने द्वारिका प्रसाद गुप्ता

**विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के अचलजामु पंचायत में पैक्स अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ।निर्वाचन पदाधिकारी उग्रनाम बड़ाइक के देखरेख में सम्पन्न हुआ।दो उम्मीदवार अध्यक्ष के लिए आये।जिसमे चमन राम पासवान को 24 मत मीले वही द्वारिका प्रसाद गुप्ता को 35 मत प्राप्त हुवा।ग्यारह मतो के अंतर से द्वारिका प्रसाद गुप्ता जीत हासिल कर अचलजामु पैक्स के अध्यक्ष बने।कार्यकारिणी सदस्यों में महेंद्र साव,भोला नायक,पदुम प्रसाद,भोला प्रसाद,शिवशक्ति गोस्वामी, अशोक कुमार गुप्ता, बासुदेव प्रसाद,द्वारिका प्रसाद,चमेली देवी,मो प्रमिला ,कलवा देवी का नाम शामिल हैं।

## अनाज गबन व विभिन्न जन मुद्दों को लेकर 15 सितंबर को कोडरमा में विशाल प्रदर्शन



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** भारत के कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के रायडीह ब्रांच की बैठक राजेंद्र यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुई। ब्रांच सचिव मुकेश कुमार यादव ने राजनीतिक और सांगठनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार चुनी हुई सरकार को अपना कार्यकाल पूरा नही करने देने का लोकतंत्र विरोधी कार्य कर रही है। सरकार गरीबों के जनकल्याणकरी योजनाओं के प्रति उदासीन है। जिला कमिटी सदस्य परमेश्वर यादव ने कहा कि जिला का जन मुद्दो और जनकल्याणकारी योजनाओ को धरातल पर लाने को लेकर 15 सितम्बर को कोडरमा समाहरणालय में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।इसके पूर्व विभिन्न गावो जाकर नुक्कड़ सभा के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं को चिन्हित कर और ग्रीन कार्डधारियों के अनाज का गबन, रायडीह मोड़ से रायडीह गांव तक का सड़क जर्जर स्थिति को पक्कीकरण का मांग को लेकर धरना दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से मुकेश कुमार यादव, राजेन्द्र यादव, धानेश्वर यादव, सहदेव यादव, अजय स्वर्णकार, रामसागर यादव आदि मौजूद थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र पांडे की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित मुख्य अतिथि जिला सत्र न्यायाधीश कुमार पवन न्यायिक दंडाधिकारी प्रियंका चोपड़ा वीडीओ जितेंद्र पांडे ने संयुक्त रुप से किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जिसमें समाजिक सुरक्षा विभाग से विधवा पेंशन 27, वृद्धा पेंशन 291 विकलांगता पेंशन 19 लाभुकों की स्वीकृति व वितरण किया गया। किसान क्रेडिट कार्ड 26 लाभुकों के बीच, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत 17 लाभुकों को स्वीकृति, बिरसा हरित ग्राम योजना मनरेगा के तहत 18 एकड़ जमीन पर फलदार वृक्ष लगाने की स्वीकृति, मनरेगा के तहत 28 जॉब कार्ड, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की तरफ से चिकित्सा अनुदान, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 37 बिरहोर लाभुकों के इलाज के लिए 5000 - 5000 अनुदान राशि एवं 19 लाभुकों को रोजगार सृजन योजना की स्वीकृत , स्वास्थ्य विभाग द्वारा 20 मरीजों का इलाज ,अंचल कार्यालय से 27 प्रमाण पत्र का वितरण। बाल विकास परियोजना की ओर से सुकन्या योजना में पांच अन्न प्रशन में दो गोद भराई दो, खाद्य आपूर्ति विभाग से 5 लोगों का राशन कार्ड का वितरण किया गया। शिविर में एडवोकेट सुनील कुमार प्रजापति, प्रशांत कुमार, उप प्रमुख बचन देव कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन, सीआई अनोज कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता, कांडतरी पंचायत मुखिया पारसनाथ महतो, बड़कागांव मध्य पंचायत मुखिया तकरीमउल्लाह, चौपदार बलिया मुखिया पूजा कुमारी, गोंदलपुरा मुखिया बासुदेव यादव, महुगाईकला मुखिया बेबी कुमारी, बीपीओ हीरो महतो, अरुण पासवान, रिंकू रवि, लेखापाल देवकी राम, पंकज सिंह, पंचायत सेवक पंकज साव, मुखिया प्रतिनिधि चंदन पूरी पूर्व मुखिया बीगल चौधरी, कंप्यूटर ऑपरेटर आनंद कुमार, दीपक कुमार, प्रकाश कुमार, सीएससी संचालक सुमित कुमार, पवन कुमार पांडे, बाल विकास परियोजना से सुपरवाइजर एएनएम सोनम कुमारी सेविका ममता देवी संजू कुमारी मंजुला राणा, सहित सैंकडो लाभुक उपस्थित थे।

## अंबुजा सीमेंट ने किया राजमिस्त्री सम्मेलन का आयोजन



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय कोडरमा में अंबुजा सीमेंट की ओर से कुमार सीमेंट एजेंसी में राजमिस्त्री व ठेकेदार सम्मेलन का आयोजन किया गया। सेल्स अधिकारी प्रभात कुमार पांडे और इंजीनियर राज सिकरवार ने उपस्थित सभी राजमिस्त्रियों और ठेकेदारों को कंपनी के उत्पादों और उनकी गुणवत्ता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंबुजा कवच वह सीमेंट है जिसमें ढलाई के दौरान कोई भी ऐड मिक्सर मिलाने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि यह सीमेंट वाटरप्रूफ भी है। इस दौरान कुमार सीमेंट एजेंसी के प्रोपराइटर सतीश कुमार के अलावा जोगिंद्र सिंह, सुखदेव महतो, अर्जुन महतो, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद असगर, राजू साव, ताहिर हुसैन एवं अन्य मौजूद थे।

## बोधि बागी टू अलौंजा कला सड़क की स्थिति जर्जर, निर्माण की मांग



**इचाक(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आधा दर्जन सड़क की स्थिति बद से बदतर हो गई है, रही सही कसर बरसात ने पूरा कर दी है। आधा दर्जन गांव को जोड़ने वाला पथ बोधि बागी से लेकर अलौंजा कला तक की सड़क का भी बुरा हाल है। सड़क में गड्ढों की भरमार है। सड़क पर चलने वाले राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह सड़क में बड़े- बड़े गड्ढे बने है, मगर इस ओर न जनप्रतिनिधियों का ध्यान है और न ही विभाग का।अलौंजा कला निवासी डॉ सुबोध दास ने सड़क निर्माण की मांग करते हुए कहा है की सड़क पर चलना मुश्किलों से भरा है। चलने वाले राहगीरो की जान और गाड़ी दोनों असुरक्षित है। न ही यहां के नेता का ध्यान है और न ही विभाग का। पता नही कैसे इस सड़क का कायाकल्प होगा। सड़क बनने से आधा दर्जन गांव के राहगीर को सहूलियत होती।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक संपन्न



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड महाविद्यालय के प्रांगण मे झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक किया गया।इसकी अध्यक्षता प्रकाश ठाकुर एवं संचालन दिनेश कुमार रवि उर्फ गुड्डू ने किया। सभी सदस्यों का परिचय अरदान प्रदान एवं विचार विमर्श किया गया ।वही सर्व सहमति से मिडिया प्रभारी सूरज कुमार को बनाया गया तथा निर्णय लिया गया की विस्थापित प्रभावित लोगो के साथ किसी भी प्रकार का सुख दु:ख मे झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन हमेसा खड़ा रहेगा। विस्थापित प्रभावित लोगों के साथ एवं वर्करों के साथ झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन हमेशा उनके साथ है ।मौके पर अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, सचिव दिनेश कुमार,मिथलेश प्रजापति, गोपाल महतो, हेमंत जी, रामचंद्र साव, प्रमोद महतो, परमेश्वर कुमार गुप्ता, चमन साव, साबिर हुसैन, रोहित कुमार मो रब्बानी संजय सिंह, विक्रम कुमार नरेश भोगता, जयराज, कृष्णा, घनश्याम, अशोक, अभय, निकिता आदि लोग उपस्थिति थे।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ली मासूम की जान

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत झलपो के अंसार मुहल्ला में ट्रैक्टर की चपेट में आने मासूम बच्चे की मौत हो गयी। मासूम की पहचान मोहम्मद अब्दुल अंसारी के 2 वर्षीय बच्चे मोहम्मद शाहनवाज के रूप में की गई। घटना शनिवार सुबह की बताई गई है। जानकारी अनुसार तेज रफ्तार से आ रही ट्रैक्टर रोड पर खेल रहे बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। आनन-फानन में परिजनों ने आस पास के ग्रामीणों के सहयोग से घायल बच्चे को एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद घायल बच्चे को के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया। रांची ले जाने के क्रम में मांडू के निकट बच्चे की मौत हो गई। इधर बच्चे की मौत की खबर सुनकर परिजन का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त कर लिया ।

## भारत सरकार की सहायक सचिव ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का किया दौरा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार की सहायक सचिव प्रतिभा वर्मा ने रविवार को पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का दौरा किया। प्रारंभ में, परियोजना महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने परंपरा स्वरूप पुष्प गुच्छ एवं शॉल दे कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात खनन संचालन में काम करने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परियोजना द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी दी गई। सुरक्षा में विभिन्न अच्छी पहलों को भी उनके साथ साझा किया गया। सुश्री वर्मा ने खनन क्षेत्र का भी दौरा किया और वहां काम करने वाले श्रमिकों से बातचीत की और खनन क्षेत्र में सुरक्षा के विभिन्न उपायों को भी देखा। समापन सत्र के दौरान, सुश्री वर्मा ने परियोजना द्वारा किए गए समग्र कार्यों और विशेष रूप से खनन कार्यों के दौरान मानव और मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए तथा एनटीपीसी द्वारा किए गए उपायों की सराहना की। उन्होंने कोयला खदान सुरक्षा के लिए लागू नीतियों और प्रक्रियाओं को भी सराहा। सहायक सचिव द्वारा साइट पर महिला श्रमिकों द्वारा किए गए अच्छे कार्यों का विशेष उल्लेख किया गया। उन्होंने कहा कि यह महिला सशक्तिकरण के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा मैं ये देख कर बहुत खुश हूँ की ये महिलाएं ना ही अपने काम में निपुण हैं बल्कि पुरुष वर्चस्व वाले भारी भरकम एवं जटिल वाहनों को चलाने एवं अपने काम के प्रति जागरूकता से करने में भी सक्षम हैं। इस मौके पर पकरी बरवाडीह परियोजना के महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने कोयला खनन एवं डिस?पैच से सबंधित सभी कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर के. चंद्रशेखर, महाप्रबंधक (बादम), संजीव कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (खनन), अमित कुमार अस्थाना, अपरमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं सभी वरीय पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थिति रहे।

## महुगाई कला के जर्जर देवी मंडप का पुन: निर्माण ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से किया शुरू



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के महुगाई कला में पूर्व से निर्मित देवी मंडप काफी जर्जर हो जाने के कारण ग्रामीणों की आपसी सहयोग से मंदिर का पुनर्निर्माण का कार्य ग्रामीणों के द्वारा शुरू कर दिया है।बताते चले कि महुगाई कला में यह देवी मंडप 1968 से 1970 के बीच में निर्माण कराया गया था जो अब जर्जर हो गया था। जिसको ग्रामीणों के आपसी सहयोग व श्रमदान का जर्जर पड़े देवी मंडप को तोड़कर पुनर्निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह हमारे गांव का एकलौता देवी मंडप है जहां पर गांव के सभी लोग पूजा पाठ करने के लिए आते हैं। पुनर्निर्माण में सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार भार्गव,युवा समाजसेवी सतीश कुमार टाईगर, ज्ञानी प्रसाद गुप्ता ,ओम प्रकाश कुमार, पिंटू शर्मा, दीपक कुमार साव, राजेश राणा, रिंकू राणा, भीम राणा, विकास ठाकुर,दीपक कुमार, प्रेम कुमार, विशाल कुमार ,मनोज कुमार सहित गांव के दर्जनों महिला-पुरुष शामिल हैं।

## हजारीबाग में हुई जदयू प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक

# एनडीए से अलग होकर महागठबंधन के साथ आने पर झारखंड प्रदेश जदयू ने किया स्वागत



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक पैराडाइज रिसोर्ट में हुई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री सह झारखंड प्रभारी श्रवण कुमार उपस्थित हुए। इस दौरान कई प्रस्ताव पारित किए गए। जदयू का एनडीए से अलग होकर महागठबंधन के साथ आने के निर्णय का झारखंड प्रदेश जदयू ने स्वागत किया। निर्णय लिया गया की सभी जिलों में जिला कार्यसमिति की बैठक प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह के आने वाले रविवार को होगी। जिसमें जिले के प्रत्येक प्रखंडों से दो प्रतिनिधि होना अनिवार्य है। जिले में पार्टी के प्रकोष्ठ हो या अन्य किसी पदाधिकारी द्वारा पार्टी संबंधित किसी भी तरह के कार्यक्रम आयोजन की पूर्व सूचना संबंधित जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष को देना अनिवार्य है। देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के विरुद्ध एवं जनहित के ज्वलंत मुद्दों को लेकर पार्टी जन आंदोलन करेगी। राज्य में अल्प दृष्टि के कारण खरीफ फसलों की बुवाई 15% से भी कम हुई है अतः किसानों के हितों को देखते हुए संपूर्ण राज्य को अकाल क्षेत्र घोषित करने एवं किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग जदयू करती है। केंद्र एवं राज्य की गलत नीतियों सीटीओ नहीं मिलने एवं अन्य कारणों से राज्य के सभी तरह के खदान बंद पड़े हैं जिसमें संबंधित क्षेत्रों के मजदूरों में बेरोजगारी एवं पलायन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। अतः राज्य के बंद सभी तरह के खदानों को अविलंब चालू करने की मांग की गई। कार्यक्रम के दौरान मुन्ना मल्लिक और एनसीपी के हुलास महतो कार्यकताओं के साथ जेडीयू में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सुधा चौधरी, आशा शर्मा प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, आफताब जमील अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, वसीम खान, रुद्रकांत लाल दास महासचिव, अशोक चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष, भगवान सिंह महासचिव, उचित महतो, रामस्वरूप यादव, जगदीश महतो, महासचिव संजय कुमार सिंह, रमाकांत मंडल, व्यवसाय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह, प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, जिला अध्यक्ष अर्जुन मेहता, पिंटू सिंह, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर, अविरल बिहारी लाल, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष खुशबू कुमारी, अंजुम बानो, सुजाता सिंह, रीना देवी, यासीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

## परफेक्ट ऐकडमी कोचिंग संस्थान ने मैराथन दौड़ तथा क्रिकेट टूर्नामेंट का किया आयोजन



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** झील परिसर में परफेक्ट ऐक-डमी कोचिंग संस्थान ने मैराथन दौड़ तथा क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि मनीषा गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि राकेश गुप्ता शामिल हुए। प्रतियोगिता में कोचिंग संस्थान में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में लड़कियों में प्रथम स्थान पुष्पा कुमारी, द्वितीय प्रतिमा कुमारी एवं तृतीय जशिमता सोरेन ने लाई। वहीं प्रतियोगिता में लडकों में प्रथम स्थान दीपक कुमार, द्वितीय उमेश कुमार सिंह एवं तृतीय अमन कुमार ने लाया। अतिथियों ने प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर निर्देशक एके भरद्वाज भी उपस्थित थें। इस मौके पर मुख्य अतिथि मनीषा गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को संबोधित कर कहा कि पढाई के साथ दौड भी जरूरी है। प्रतियोगी परीक्षा में दौड का काफी महत्व होता है। जिससे शरीर भी स्वस्थ रहता है और प्रतियोगी परीक्षा में दौड की तैयारी भी हो जाती है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्देशक एके भारद्वाज, निशांत शर्मा, खान, सत्यम, फिजिकल ट्रेनर मुकेश, अनुज कुमार, अभिषेक कुमार एवं मनोज कुमार ने सराहनीय योगदान दिया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 29 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com



## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का सम्मेलन संपन्न

# एक दूसरे के सहयोग और सार्थक सोच से ही समाज का विकास संभव : जयंत सिन्हा

**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ की विस्तारित बैठक सह सम्मेलन रविवार को भुरकुंडा स्थित चिलेक्स रेस्टूरेंट के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एके श्रीवास्तव और संचालन संजीव कृष्ण जमुवार, राकेश सिन्हा और सलिल मोहन सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। सम्मेलन में युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा का संगठनात्मक विस्तार किया गया। साथ हीं कायस्थ समाज के उत्थान हेतू कार्य योजना तैयार की गई। बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग के




सांसद सह अध्यक्ष, वित्त समिति भारत सरकार जयंत सिन्हा ने समाज के उत्थान में हर संभव योगदान की बात कहीं। कहा कि एक दूसरे के सहयोग और सार्थक सोच से ही समाज का विकास संभव है। अवसर पर हजारीबाग लोकसभा के सांसद प्रतिनिधि डॉ. सुरेंद्र सिन्हा, प्रदेश उपाध्यायक्ष विनोद श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री अजय श्रीवास्तव, रामगढ़ के जिलाध्यक्ष अरूण सिन्हा, जिला महामंत्री राजीव रंजन, रामगढ़ के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, उपाधीक्षक डॉ. उदय श्रीवास्तव, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विश्वरंजन सिन्हा, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष अनामिका श्रीवास्तव, चरही महाप्रबंधक नीरज सिन्हा , शिक्षा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष आरके दास, बामेश्वर प्रसाद सहित कई उपस्थित थे।

## सांसद का जवाहर नगर में हुआ जनसंवाद, समस्या सुन समाधान का दिया आश्वासन

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोयलांचल क्षेत्र में सीसीएल के द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा ने रविवार को सांसद प्रतिनिधि के जवाहर नगर आवास पर जनसंवाद किया। इसमें क्षेत्र के भाजपाई, व्यवसायी व जनप्रतिनिधियों सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन अमरेश सिंह ने किया। जनसंवाद कार्यक्रम में सांसद ने लोगों से जुड़े कई समस्याओं का समाधान किया। साथ ही कोयलांचल क्षेत्र में अतिक्रमण पर चल रहे कारवाई और सीसीएल द्वारा बांटे जा रहे नोटिस के सम्बंध में व्यवसायियों के द्वारा जानकारी दिए जाने पर उन्होंने कहा कि आप सब अपना प्रतिनिधि मंडल बनाकर सांसद प्रतिनिधि के साथ सीसीएल के जीएम से मिलें और मामले की पूर्ण जानकारी लें। इसके बाद ही समस्याओं के समाधान के विकल्पों पर चर्चा की जायेगी। आवश्यकता पड़ी तो मैं इस संबंध में सीसीएल के सीएमडी से वार्ता करूंगा। परेशानी की कोई बात नहीं है। धन्यवाद ज्ञापन ज्योति सिंह ने किया।

## सांसद द्वारा उज्ज्वला फाउंडेशन को सहयोग किये जाने पर पदाधिकारियों ने किया धन्यवाद

**कुजू (आजाद सिपाही)।** उज्जवला फाउंडेशन की अति आवश्यक बैठक मोतीराम कॉम्प्लेक्स बोंगाबार में हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने की। बैठक के दौरान सांसद जयंत सिन्हा द्वारा फाउंडेशन को अपने मद से महिला



सशक्तिकरण को लेकर दस सिलाई मशीन व दो कंप्यूटर सेट को लेकर अपने मद से दो लाख रुपये अनुशंसा किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। मौजूद अधिकारियों ने फाउंडेशन को सांसद द्वारा दिए गए सहयोग को लेकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सांसद द्वारा महिलाओं के उत्थान को लेकर किया गया कार्य सराहनीय है। वही, सात प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भी सांसद ने डीडीसी के नाम अनुशंसा जारी किया गया है। इधर, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद गुप्ता के निधन पर उनकी आत्मा की शांति को लेकर 2 मिनट का मौन धारण किया गया। साथ ही, भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर शांति देवी, शीला कुमारी, आशा कुमारी, वीना देवी, कौशल्या देवी, विना कुमारी, मन्सरी देवी मौजूद रहे।

## बाइकर्स गैंग ने महिला की छीनी चैन, हुए फरार

**कुजू(आजाद सिपाही)।** बाइकर्स गैंग के दो उच्चको ने बैंक ऑफ इंडिया कुजू के समीप निवास करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रवीण अग्रवाल की पत्नी संगीता अग्रवाल के गले से सोने की चेन छिनतई कर फरार हो गए। वही, पूरी घटनाक्रम दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार संगीता अग्रवाल अपने घर के सामने साफ-सफाई में जुटी थी। इसी बीच बिना नंबर की बाइक पर सवार दो उच्चके जिसमें एक ने काले रंग की हेलमेट व दूसरे ने टोपी पहने रखी थी, पहली बार में संगीता की रेकी की। फिर कुछ ही मिनटों बाद पुनः लौटकर उनके गले से चेन झपटते हुए फरार हो गए। भागते वक्त सामने से आ रही एक अन्य महिला द्वारा उचक्कों को रोकने का प्रयास किया गया। जिसे धमकाते हुए उचक्के निकल गए। घटना से लोगों में दहशत का माहौल है।

## भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान की दादी का निधन

**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** पंचायत के मुखिया अजय पासवान की 92 वर्षीय दादी जगिया देवी का निधन रविवार की सुबह आठ बजे हो गया। उनके निधन पर नीचे धौड़ा सहित पंचायत में शोक का माहौल है। उनका दाह संस्कार नलकारी नदी श्मशानघाट पर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे। शोक व्यक्त करने वालों में रोशन पासवान, संजय वर्मा, आजाद भुइया, बागेश करमाली, महेंद्र पासवान, आदित्य पासवान, शशि पासवान, राकेश राम, श्रवण कुमार, सुजीत पासवान, राजेश करमाली, प्रकाश दास, विकाश कुमार, किशुन पासवान, विनय कुमार, नरेश साव, छोटेलाल रविदास, राजेश सोनी, मंसूर खान, रतन पासवान, कृष्णा करमाली, तिलक राम, बबलू राम, बिजेन्द्र पासवान, संजय पासवान, सुरेन्द्र पासवान सहित कई शामिल हैं।

## बीएमएस ने मनाया राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस



**टंडवा(आजाद सिपाही)।** भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओ ने मगध-आम्रपाली क्षेत्र के पीट कार्यालय काली मंदिर परिसर में भारी बारिश के बीच अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के आव्हान पर राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाया गया। परियोजना अध्यक्ष सुंदर गुप्ता ने बताया की इस अवसर पर फलदार पौधा रोपण किया गया है।वायु मण्डल को बचाना मानव जीवन का कर्तव्य है। इससे विमुख नही होना चाहिए इस मौके पर आम्रपाली परियोजना के सचिव प्रभु महतो,अध्यक्ष श्याम सुंदर गुप्ता, कल्याण बोर्ड के सदस्य अनूप खन्ना , लक्षेत्रीय अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, क्षेत्रीय कार्यकारीअध्यक्ष संजय कुमार,क्षेत्रीय सह सचिव पीयूष कुमार सिंह, परियोजना कार्यालय मंत्री आदर्श जागेश्वर आत्राम, कार्यसमिति सदस्य राम कृष्णा, सदस्य मनोज कुमार एवं अन्य सदस्य गण उपस्तिथ थे ।

## सुदूरवर्ती गांव में हुम्बी टोले में बिजली समस्या को लेकर दुर्गा सोरेन सेना की बैठक



**टंडवा(आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के कोयद पंचायत गाँव सोपारम हुम्बी टोला में गणेश यादव की अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। संचालन समाजसेवी उमेश गंझू ने किया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दुर्गा सोरेन सेना के जिला महासचिव संतोष नायक शामिल हुये। बिजली से झूझ रहे ग्रामीण ने पदाधिकारियों के बीच अपनी - अपनी समस्याएं रखा। और स्थानीय जनप्रतिनिधि को छलावा करने का आरोप लगाया गया। जिसे बच्चे की भविष्य पर सरकार व जनप्रतिनिधि खिलवाड़ कर रहे हैं। और केवल अपनी घर भरने में लगे रह रहे है।जनता की समस्याओं से कोई मतलब नही रख रहे हैं। और बगल में शिवपुर रेलवे साइडिंग बनाया गया है लेकिन यहां के लोगों को रोजगार से भी नही जोडा गया है। जिसे दुर्गा सोरेन सेना के पदाधिकारी ने ग्रामीणों से रुबरु होकर आश्वासन दिलाया और भरोसा लोगों को दिया गया कि हमारा संगठन जिला प्रशासन व सरकार स्तर तक समस्याओं को अवगत कराया जायेगा। और स्थानीय जनप्रतिनिधि को संतोष नायक ने जमकर हमलावर किया और शुद्ध नही लेने का आरोप लगाया इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी मनोज साहू जिला कार्यकारिणी सदस्य मिश्रा पासवान,दिनेश गंझू, प्रदीप गंझू, रोहन गंझू,गणेश यादव,अर्जुन गंझू, लखन यादव, जानकी देवी, पनवा देवी, मीणा देवी, सुमीत्रा देवी,उमेश गंझू,लखन गंझू,लोकनाथ गंझू समेत कई ग्रामीण उपस्तिथ थे।

## केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण देश में महंगाई बढ़ी : रमेंद्र कुमार




**गोला(आजाद सिपाही)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी रामगढ़ जिला का तीसरा जिला सम्मेलन गुनगुन प्लेस स्थित कॉमरेड दिगम्बर कुमार महथा सभागार गोला में हुआ। इसकी अध्यक्षता सुशील कुमार सिंह ,नगीना देवी एवं नरेश मंडल ने किया। यहाँ मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रमेंद्र कुमार , राज्य सचिव सह पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, सहायक राज्य सचिव महेंद्र पाठक बतौर पर्यवेक्षक उपस्थित थे ।सम्मेलन के दौरान सर्वप्रथम झंडोत्तोलन सुशील कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। तत्पश्चात शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद साथियों को एक मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की गई ।अपने संबोधन में रमेन्द्र कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है। राष्ट्रीय संपदा को बेचा जा रहा है ।देश में विधायकों की खरीद बिक्री चल रही है ।मोदी सरकार के दो ही सगा है। पहला अदानी और दूसरा अंबानी। इनका तेजी से विकास हो रहा है। देश महंगाई की आग में जल रहा है ।लोगों की क्रय क्षमता समाप्त हो चुका है ।इसलिए केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में संघर्ष को तेज करने के लिए मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी की जरूरत है। वहीं राज्य सचिव भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा केंद्र सरकार उद्योगपतियों के पक्ष में कानून बना रही है। देश के किसान, मजदूर, छात्र एवं नौजवान लगातार संघर्ष कर रहे हैं। राज्य में भ्रष्टाचार की बोलबाला है ।झारखंड में लगातार खनिज संपदाओं की लूट हो रही है । राज्य सरकार का भी संरक्षण प्राप्त है ।लेकिन भाजपा भी चुप है। आगामी 23, 24, 25 सितंबर को हजारीबाग में राज्य सम्मेलन के मौके पर 23 सितंबर को विशाल रैली का आयोजन किया गया है । जिसमें हजारों की संख्या में रामगढ़ से लोग भाग लेंगे । **41 सदस्य जिला कमेटी का गठन :** कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से विष्णु कुमार को जिला सचिव चुना गया। सम्मेलन में पंचानन महतो, अंचल मंत्री घने नाथ चौधरी, मंगल सिंह ओहदार, बिनोद नायक, पोखन महतो, दुखन महतो,विजय मिश्रा, सीमा राय, पोचाई प्रशाद, गीता देवी, नगीना देवी, साबिर अंसारी, आजाद सिंह, मनोज कुमार महतो, मंटू , मेवालाल प्रसाद, कयूम मलिक, नेमन यादव, पप्पू कुमार ,राजेंद्र प्रसाद, कुलेश्वर मेहता, अजीत उपाध्याय, नौशाद हुसैन आदि लोग उपस्थित थे।

## तमासिन फॉल में गिरा युवक खोज में जुटे गोताखोर

**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के चर्चित जलप्रपात तमासिन में चार दोस्तों के साथ घूमने आया एक युवक जलप्रपात में गिर गया, चारो गया जिले के इमागंज थाना क्षेत्र के कोचीया गाव के रहने वाले है, रविवार को सुबह घूमने पहुचें थे इसी दौरान, रितिक रंजन उम्र (20) पिता सतरोहन सिंह ने फाल को पार करते समय पानी के तेज धार में दाह में डूब गया,साथियो ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दिया, जानकारी मिलते ही राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुच कर कैंप किया, तत्पश्चात उपायुक्त अबु ईरान, एसपी राकेश रंजन, एसडीपीओ अविनाश कुमार, बीडीओ हुलाश महतो समेत अधिकारी पहुच कर जायजा लिया, लोकल गोताखोर खोज बिन मे लगे है, पानी के स्तर बढ़ने के वजह से खोज बिन रोक दिया गया है, स्तर कम होने के बाद कल पुनः खोजा जाएगा, ज्ञात हो कि एक वर्ष में यह तीसरी घटना है, उपायुक्त व एसपी ने युवक के परिजन से बात कर सत्तावना दिया साथ सुरक्षा को लेकर कई सुझाव दिए।

## मारवाड़ी युवा मंच ने निकाली साइकिल यात्रा फिट इंडिया फिट रामगढ़ का दिया संदेश

**खेल कूद और स्वास्थ्य के प्रति युवाओं को जागरूक होने की जरूरत है : आशीष**



**रामगढ़( आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में रविवार को साइकिल यात्रा के माध्यम से 'फिट इंडिया, फिट रामगढ़' का संदेश दिया गया। साइकिल यात्रा शहर के मेन रोड स्थित मां विग्नेश्वरी मंदिर परिसर से आरंभ होकर थाना चौक, झंडा चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला, शिवाजी रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। इससे पूर्व साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर मंच के पदाधिकारियों ने रवाना किया। मौके पर मंच के अध्यक्ष आशीष जैन ने कहा कि देश के युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए 'साइक्लोथान' के नाम से साइकिल यात्रा निकाली गई है, जो युवाओं को स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रगौरव व हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष में किया गया है।

**साइकिल यात्रा में कई स्कूलों के बच्चों ने लिया भाग**

मारवाड़ी युवा मंच द्वारा निकाली गई साइकिल यात्रा में आर्मी पब्लिक स्कूल, रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कृष्णा विद्या मंदिर सहित कई स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया गया।

**साइकिल यात्रा में ये थे शामिल**

मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष आशीष जैन, सचिव रितेश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी राहुल जैन, प्रदीप अग्रवाल, अमन बौन्दिया, आशीष अग्रवाल, विक्की गोयल, धीरज बंसल, लोकेश बगड़िया, अरुण बगड़िया, अमित अग्रवाल, अजित अग्रवाल, उज्ज्वल बेरलिया, निखिल गोयल, निखिल अग्रवाल, आयुष बजाज, अंकित अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, गोविंद मेवाड़, आशीष मिमानी, किशोर जाजू, रमेश बौन्दिया, निर्मल जाजू, हर्षित जाजू, संतोष गोकुलका, मोहित अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, शिक्षक धीरज सिंह, पीएस राठौड़ सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों के बीच भोजन का किया वितरण



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सेवा मंच सामाजिक संस्था मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आये गरीब महिला-पुरूषों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुड़ी-सब्जी व जलेबी का वितरण करते हुए कहा कि पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीब जरूरतमंदों को भोजन कराया जा रहा है, जो सबों के सहयोग से आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर जायसवाल, रितिका भोक्ता, लखन राम, दिलीप गंझू, लालू उरांव, डॉ जयश्री प्रसाद मेहता, कमलेश कुमार, जितेंद्र मंडल, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

## संत मेरी चर्च में मना संत मोनिका दिवस



**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** ब्लॉक स्थित संत मेरी चर्च में रविवार को संत मोनिका पर्व दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर फादर करमा कश्यप ने संत मोनिका दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संत मोनिका जो माताओं का आदर्श संरक्षित संत है, जो अपने जीवन काल में अपने प्रार्थनाओं द्वारा अपने बेटे संत अगुस्टिन को बुरे रास्ते से छुड़ाकर एक पुरोहित बनाई और एक दिन अगुस्टिन से संत अगुस्टिन बन गया। उन्होंने बताया कि हर एक माताओं का कर्तव्य है कि संत मोनिका की तरह ही इमानदारी से प्रार्थना द्वारा अपने परिवार और समाज को बुरे रास्ते से बचाना है।

## भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद गुप्ता पंचतत्व में विलीन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा का हजारीबाग पूर्व जिलाध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद गुप्ता(92 वर्ष) पिता जगदीश प्रसाद साहू रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। बैजनाथ प्रसाद गुप्ता पिछले 15 दिनों से रांची स्थित रिम्स में इलाजरत थे। जिनका शनिवार की देर शाम निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार को छोड़ गए। बैजनाथ प्रसाद गुप्ता का अंतिम संस्कार हेसागड़ा स्थित चौथा नदी तट पर बड़े पुत्र प्रदीप कुमार गुप्ता ने मुखाग्नि दी। निधन की खबर बाद उनके कुजू स्थित आवास पर उनके प्रशंसकों और परिजनों का तांता लग गया। वहीं, परिजनों को ढाँढ़स बनाने को लेकर भाजपा सांसद जयंत सिन्हा समेत कई लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए। इधर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति समेत भाजपा नेता व कार्यकर्ता समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। वही, नेताओं व कार्यकर्ता समेत शुभचिंतकों ने उनके आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। वही, नदी तट पर उनकी आत्मा की शांति को लेकर 2 मिनट का मौन धारण किया गया। मौके पर काफी संख्या में शुभचिंतक, नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**अंतिम विदाई में हुए शामिल**

सांसद जयंत सिन्हा, विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, अमर सिंह, ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद, कुमार महेश सिंह, राजकुमार महतो, रंजीत सिन्हा, जगेश्वर प्रजापति, अमरेंद्र गुप्ता, राजू चतुर्वेदी, प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, प्रदीप सिन्हा, बूटी तिवारी, पंकज साहा, अंशु गुप्ता, ज्योतेंद्र प्रसाद साहू, रतन प्रसाद साहू, अरविंद प्रसाद, मो गुलजार, संजय शाह, मनोज गिरि, विशु गुप्ता, विवेक गुप्ता , धर्मराज राम, तोकेश सिंह, मुखिया जय कुमार ओझा, राकेश मेहता रॉक, प्राचार्य कुलदीप प्रसाद, शंभूलाल ठाकुर, दशरथ प्रसाद केशरी, राजेश साहू, अशोक कुमार, रामकुमार प्रसाद, रवि साहू, आशीष साहू, मनोज महतो, गुलाम नबी, अर्जुन मेहता, चंदू केशरी, संतोष जगला, लखन प्रसाद, प्रमोद यादव,महेश ठाकुर सहित काफी संख्या में ग्रामीण, भाजपा, झामुमो, कांग्रेस, आजसू, राजद के नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

**भाजपा का झंडा लिपटाकर दी गई अंतिम विदाई**

भाजपा का हजारीबाग पूर्व जिलाध्यक्ष समेत विभिन्न पदों पर आसीन रहे बैजनाथ प्रसाद गुप्ता को भाजपा जिला कमिटी की ओर से भाजपा का झंडा लिपटा कर व श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए अंतिम विदाई दी गई।

## स्वास्थ्य शिविर से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिलता है लाभ : रोशनलाल

**चितरपुर (आजाद सिपाही)।** चितरपुर न्यू मार्केट स्थित पाराडाइज क्लीनिक में रविवार को क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल रांची द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद आजसू के



बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी द्वारा फीता काट कर किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा लोगों का इलाज किया जा रहा है। जिससे उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय के खान-पान और लाइफस्टाइल में सभी लोगों को अपनी स्वास्थ्य को लेकर सजग और जागरूक रहनी चाहिए और समय-समय पर हेल्थ चेकअप करवाना चाहिए। ताकि समय पर सही इलाज हो सके। तत्पश्चात डॉ रविकांत चतुर्वेदी, डॉ ज्ञानरंजन, डॉ आसिफ अहमद, डॉ यू पी सिंह, डॉ राहुल कुमार, डॉ वसीम के द्वारा क्षेत्र के 150 लोगों का इलाज कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। मौके पर मो सिबतैन अब्दुल्लाह, रवींद्र प्रसाद वर्मा, मो अरशद, मो असद, मो अख्तर, मो सादाब, मो बाबर, मो अजमल, मो अफजल, मो करीम, मो फराज, मुख्तार खान, मो अरबाज, मो जाहिद सहित कई लोग मौजूद थे।

## जल सहिया ने किया भदानीनगर ओपी में बीटीटी की गिरफ्तारी की मांग

**भदानीनगर(आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड अंतर्गत देवरिया पंचायत भवन में 23 अगस्त से लेकर 27 अगस्त तक प्रशिक्षण ले रही जलसहिया को बीटीटी रवि शंकर प्रसाद उर्फ गोपी सिन्हा देवरिया पंचायत पहुंचकर एसटीटी रघु प्रसाद साहू



जो प्रशिक्षण का रिपोर्ट तैयार कर रहे थे उनके साथ गाली गलौज करने लगे जब हम सब जलसहिया ने इसका विरोध किया तो बीटीटी रवि शंकर गोपी सिन्हा ने हम जलसहिया के ऊपर दुर्व्यवहार किया और धक्का-मुक्की तक की है जिसकी लिखित शिकायत रामगढ़ एसपी, डीसी, सिविल सर्जन को दी गई है लेकिन अब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है, बीटीटी हमेशा हम जलसहिया डराते धमकाते भी रहता है जिससे हम लोग काफी परेशान हैं, जल सहिया ने अपने आवेदन में यह भी लिखा है बीटीटी जल सहिया को यह कह कर धमकाता है , तुम किसी भी थाने में चले जाओ मेरा कुछ नहीं होने वाला इसका कारण है डीजीपी हमारा अपना जात का है , मेरा कोई कुछ बिगाड़ नहीं पाएगा, इसको लेकर जलसहिया काफी परेशान है बीटीटी के द्वारा हमेशा जल सहियाओं को के साथ दुर्व्यवहार किया करता है, महिलाओं ने न्याय की मांग को लेकर भदानगर थाने में भी आवेदन दिया है।

# चिराग पासवान को बुझानेवाले खुद बुझ जायेंगे : चिराग पासवान

- चतरा में पासवान महासम्मेलन लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान किया शिरकत, सामाजिक एकजुटता व राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने का किया आह्वान
- सैकड़ो की संख्या में जिलेभर के पासवान परिवार हुए शामिल



**चतरा (आजाद सिपाही)।** लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई के सांसद चिराग पासवान एक दिवसीय दौरे पर रविवार को पहली बार चतरा पहुंचे। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं समेत पासवान समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। दरअसल चतरा में आयोजित पासवान महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर पूर्व विधायक जनार्दन पासवान तथा नगर परिषद अध्यक्ष गुंजा देवी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने समाज के लोगों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए देश के नवनिर्माण में सशक्त भूमिका निभाने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने समाज के लोगों से अपील करते हुए यह भी कहा कि अधिक से अधिक लोग अब आगे आकर अपनी राजनीतिक भागीदारी का हिस्सा बनकर देश सेवा के प्रति समर्पण भावना से काम करें। उन्होंने अंत में दुर्भावना से ग्रसित नेताओं को इशारों इशारों में यह भी कहा कि जो चिराग पासवान को बुझाने का काम करेगा उसकी राजनीतिक सर जमीन खिसक कर खुद ही बुझ जाएगी।

## सांसद चिराग पासवान पहुचे भद्रकाली, समर्थकों संग की पूजा-अर्चना

**इटखोरी:** जिले के प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में रविवार को चतरा में पासवान सम्मेलन में उपस्थित होने से पूर्व लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार जमुई सांसद चिराग पासवान भद्रकाली मंदिर पहुचें। उन्होंने ने समर्थकों साथ मां भद्रकाली में पूजा-अर्चना किया। पूजा के पश्चात चिराग पासवान ने कहा माता के मंदिर पहली बार आशिर्वाद लेने आया हूं, मेरे माता पिता माता के दरबार दो बार हाजरी लगाने पहुंचे थे । तमाम मनोकामना सब की पूरी हो हमारा देश एक बेहतर देश, विकसित देश हो यही मां से कामना करने आया हूं ।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में हनुमानगढ़ी पतरातू की टीम बनी विजेता

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** आदिवासी मूलवासी 1932 खतियान लागू हो युवा स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में कोतो पंचायत के तिलैयाटांड़ शाहीटांड़ मैदान में रविवार को फुटबॉल टूनार्मेंट फाइनल मुकाबला सदमा (औरमांझी)



और हनुमानगढ़ी पतरातु के बीच में खेला गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी शामिल हुए इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत ढोल नगाड़े के साथ किया गया। इस टूनार्मेंट में 16 टीमों ने भाग लिया था जिसमें हनुमानगढ़ी पतरातू की टीम 1- 0 से विजय हुई। इस मौके पर प्रखंड के समाजसेवी बुद्धिजीवी सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल थे ।

# पतझड़ की तरह कांग्रेस से टूट रहे हैं वरिष्ठ नेता

देश की ग्रैंड ओल्ड पार्टी कांग्रेस में लगातार आ रहे क्षरण का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले कुछ समय से कई वरिष्ठ नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, अश्विनी कुमार, आरपी सिंह और कपिल सिब्बल आदि पार्टी छोड़ चुके हैं। इसी महीने हिमाचल के वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा के अपने गृह राज्य में पार्टी पद छोड़ने के बाद राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने भी पार्टी में चाटुकारों के बोलबाले का आरोप लगा कर अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। इसके अगले ही दिन 50 वर्षों से कांग्रेस के साथ जुड़े गुलाम नबी आजाद ने भी 26 अगस्त को पार्टी की सदस्यता और सभी पदों से त्यागपत्र देने की घोषणा करके धमाका कर दिया और उनके समर्थन में एक पूर्व मंत्री सहित जम्मू-कश्मीर के 18 कांग्रेसी नेताओं ने भी अपने पदों से त्यागपत्र दे दिया है। गुलाम नबी आजाद ने 1973 में भलस्वा से कांग्रेस कमेटी के सचिव के तौर पर राजनीतिक जीवन की शुरुआत की और बाद में युवा कांग्रेस के अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री, जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाली। इसी महीने 16 अगस्त को कांग्रेस नेतृत्व ने इन्हें जम्मू-कश्मीर प्रदेश प्रचार समिति का अध्यक्ष बनाया था, परंतु उन्होंने इसके दो घंटे बाद ही इसे अपनी पदावनति (डिमोशन) बताते हुए इस पद से त्यागपत्र दे दिया। लगभग एक दशक से समय-समय पर कांग्रेस नेतृत्व के साथ इनके मतभेद सामने आते रहे हैं। नवीनतम घटनाक्रम में पार्टी के सब पदों से त्याग पत्र देने के कारणों का खुलासा करते हुए गुलाम नबी आजाद ने सोनिया गांधी को लिखे 5 पृष्ठों के पत्र में अत्यंत गंभीर आरोप लगाए हैं और 2014 के चुनावों में पार्टी की हार का ठीकरा राहुल गांधी के सिर फोड़ा है। गुलाम नबी आजाद के अनुसार जनवरी, 2013 में राहुल को पार्टी का उपाध्यक्ष बनाने के बाद अधिकांश वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं के फैसलों को अधिमान देने की परंपरा समाप्त करके उनकी उपेक्षा की जाने लगी और कुछ नेताओं की नई मंडली तैयार हो गयी। राहुल ने अनेक मौकों पर बचकानी हरकतें कीं। कांग्रेस नेतृत्व को देखना चाहिए कि उनके मुकाबले पर एक ऐसा नेता है, जो सातों दिन अपनी पार्टी के लिए काम कर रहा है और ये निष्क्रिय बैठे हैं। कांग्रेस के नये और पुराने नेताओं की नाराजगी के अनेक कारणों में से एक यह भी है, जिससे पार्टी में सुधार नहीं हो रहा। किसी ओर से भी न कोई प्रयास हो रहा है व न कोई बदलाव आ रहा है। सिर्फ बातें हो रही हैं। इसे विडंबना ही कहा जायेगा कि 28 दिसंबर, 1885 को स्थापित कांग्रेस पार्टी आज 137 वर्ष की हो गयी है, लेकिन इस अवधि में आगे बढ़ने की बजाय हाशिए पर ही पहुंच गयी है!

**कांग्रेस नेतृत्व को देखना चाहिए कि उनके मुकाबले पर एक ऐसा नेता है, जो सातों दिन अपनी पार्टी के लिए काम कर रहा है और ये निष्क्रिय बैठे हैं। कांग्रेस के नये और पुराने नेताओं की नाराजगी के अनेक कारणों में से एक यह भी है, जिससे पार्टी में सुधार नहीं हो रहा।**

**पेंशन पाने के लिए जीवन प्रमाण पत्र जरूरी है। पेंशनर को यह प्रमाण पत्र पेंशन बांटने वाली एजेंसी देती है।इसके लिए पेंशनर को उस एजेंसी में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहना पड़ता है।दूसरा उपाय है कि जिस दफ्तर में वह व्यक्ति काम करता है, उस दफ्तर के अधिकारी की ओर से जारी जीवन प्रमाण पत्र को पेंशन बांटने वाली एजेंसी में जमा करना होता है।पेंशनभोगियों को जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने केलिये पेंशन संवितरण प्राधिकारी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से स्वयं उपस्थित होना पड़ता था।**

# पेंशनभोगियों के लिए सुविधापूर्ण जीवन की नींव रखता डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र



सुखदेव वशिष्ठ

वरिष्ठ नागरिकों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन आय का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है। यह जीवन के इस पड़ाव में उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाकर उनकी जरूरतें पूरी करने में और आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता करती है। पेंशनभोगियों को सेवानिवृत्ति के बाद बैंक जैसे अधिकृत पेंशन संवितरण एजेंसी में अपना जीवन प्रमाण-पत्र जमा कराने के बाद ही उन्हें पेंशन दी जाती है।

पेंशन पाने के लिए जीवन प्रमाण पत्र जरूरी है। पेंशनर को यह प्रमाण पत्र पेंशन बांटने वाली एजेंसी देती है।इसके लिए पेंशनर को उस एजेंसी में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहना पड़ता है।दूसरा उपाय है कि जिस दफ्तर में वह व्यक्ति काम करता है, उस दफ्तर के अधिकारी की ओर से जारी जीवन प्रमाण पत्र को पेंशन बांटने वाली एजेंसी में जमा करना होता है।पेंशनभोगियों को जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने केलिये पेंशन संवितरण प्राधिकारी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से स्वयं उपस्थित होना पड़ता था। वयोवृद्ध, बीमार और दुर्बल पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने केलिये बैंक शाखाओं के बाहर लंबी कतारों में खड़ा होना मुश्किल था। इस ऑफ लाइन प्रणाली में पेंशनभोगियों के पास अद्यतित स्तर की जानकारी प्राप्त करने के लिए कोई तंत्र नहीं था और जीवन प्रमाण पत्र न मिलने के कारण अचानक ही पेंशन बंद हो जाती थी। कभी-कभार वृद्ध पेंशनरों को अपने परिवार के पास दूर किसी दूसरी जगह पर रहना होता है। इससे पेंशन लेने में दिक्कत आती है। इस समस्या को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए नवंबर 2014 में एक ऑन लाइन प्रणाली जीवन प्रणाली का शुभारंभ किया गया था।

**पेंशनर्स डाटाबेस में एक क्लिक द्वारा हजारों जीवन प्रमाण पत्र रिकॉर्डो को अद्यतित कर सकते हैं।**





**जीवन सर्टिफिकेट को पेंशनर अपने पेंशन अकाउंट वाली बैंक ब्रांच या किसी भी ब्रांच में जाकर फिजिकली/ मैनुअली जमा कर सकते हैं।इसे डिजिटली किसी भी ब्रांच में, अपने पीसी/ लैपटॉप/ मोबाइल के जरिए जीवनप्रमाण.गोव.इन से, निकटतम आधार आउटलेट से, उमंग ऐप के जरिए जमा कर सकते हैं।**

### जीवन प्रमाण पोर्टल की मुख्य विशेषताएं

अब पेंशनभोगी किसी भी समय और किसी भी स्थान से ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकता है। इस पोर्टल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया तेज और अधिक पारदर्शी हो गयी है क्युंकि अब प्रमाण पत्र तैयार होने और स्वीकृत होने की सूचना एसएमएस द्वारा मिल जाती है। बैंक अतिरिक्त संसाधनों का प्रयोग किये बिना ही अपने

पेंशनर्स डाटाबेस में एक क्लिक द्वारा हजारों जीवन प्रमाण पत्र रिकार्डो को अद्यतित कर सकते हैं। प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा से समझौता किये बिना, वरिष्ठ पेंशनभोगियो को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने केलिये डोर स्टेप सेवा प्रदान करने के लिए जीवन प्रमाण पोर्टल ने मजबूत नींव रखी है। एक अनुमान के अनुसार इससे 3 करोड़ के लगभग सरकारी, अर्ध सरकारी और पीएसयू के कर्मचारी लाभान्वित हो रहे हैं।

जीवन सर्टिफिकेट को पेंशनर अपने पेंशन अकाउंट वाली बैंक ब्रांच या किसी भी ब्रांच में जाकर फिजिकली/ मैनुअली जमा कर सकते हैं। इसे डिजिटली किसी भी ब्रांच में, अपने पीसी/ लैपटॉप/ मोबाइल के जरिए जीवनप्रमाण.गोव.इन से, निकटतम आधार आउटलेट से, उमंग ऐप के जरिए जमा कर सकते हैं। डिजिटली लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने के लिए आधार नंबर, मोबाइल नंबर, पेंशन पेमेंट ऑर्डर नंबर व अकाउंट नंबर की जरूरत होगी। फिजिकल फॉर्म में लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने के लिए इसे बैंकों की वेबसाइट से डाउनलोड कर भर के जमा किया जा सकता है।

अगर पेंशनर की दोबारा नौकरी लग गयी है या फैमिली पेंशनर की दोबारा शादी हो गयी है, तो लाइफ सर्टिफिकेट केवल फिजिकल फॉर्मेट में ही जमा करना होगा। जीवन प्रमाण पूरी जिंदगी के लिए वैलिड नहीं है। इसकी वैधता अवधि पेंशन सैंक्शनिंग अथॉरिटी द्वारा तय नियमों के मुताबिक होती है। यह वैलिडिटी पीरियड खत्म हो जाने के बाद नये सर्टिफिकेट की जरूरत होती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में, स्वः प्रमाणन की दिशा में आगे बढ़ने के बाद, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र एक और सक्षम तंत्र होगा जिससे आम आदमी को फायदा होगा। पेंशनभोगियों केलिये डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र निश्चित ही सुविधापूर्ण जीवन की नींव रखता दृष्टिगोचर हो रहा है।

## जमशेदपुर की खबरें

# वज्रपात से दो लोगों की मौत, कई घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पटमदा मे लगातार बारिश के साथ-साथ वज्रपात की घटना ने लोगों का दिल दहला दिया। रविवार को लगभग 4 घंटों बादल गर्जन के साथ हुई बारिश में ग्रामीण घर में हो या बाहर डरे सहमे रहे। रविवार की दोपहर करीब 4 बजे पटमदा थाना क्षेत्र के गोबरघुसी गांव में एक घर के पास वज्रपात से एक ग्रामीण युवक की मौत हो गई। वहीं इस घटना में एक दर्जन से भी ज्यादा लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगो के अनुसार पटमदा थाना क्षेत्र के लावा गांव के राहेरडीह टोला निवासी 33 वर्षीय गौतम गोराई अपनी पत्नी 30 वर्षीय पविता गोराई के साथ गोबरघुसी गांव में साउथ प्वाइंट स्कूल के पास अपनी जमीन पर खरपतवार निकाई कर रहा था। जोरदार बारिश होने पर उन्होंने बचने के लिए स्कूल के बगल में एक व्यक्ति के झोपड़ीनुमा मकान में खड़ा हुआ। जबकि स्कूल मैदान में फुटबॉल मैच देखने पहुंचे सैकड़ों लोगों में से गोबरघुसी व कुंदरूकोचा गांव के एक दर्जन से अधिक लोग उसी मकान में बारिश से बचने के लिए आश्रय लिया था। इसी दौरान हुई वज्रपात की घटना में लावा निवासी गौतम गोराई बुरी तरह से घायल हो गया। जबकि उसके साथ ही वहां मौजूद अन्य सभी लोग घायल हो गये। गंभीर हालत में गौतम एवं उसकी पत्नी को पटमदा के माचा अस्पताल लाया गया। जांच के दौरान चिकित्सकों ने गौतम को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसकी पत्नी इलाज के बाद अभी सुरक्षित है। इसके आलावे लावा के पंसस बृंदावन दास, गोबरघुसी निवासी पंचानन प्रमाणिक एवं अन्य स्थानीय लोगों की मदद से कई घायलों को माचा अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल सभी का इलाज चल रहा है। घायलों में गोबरघुसी निवासी 50 वर्षीय शेख राहिल, 17 वर्षीय आकाश प्रमाणित, अपिंद सिंह, भक्तरंजन सिंह,अंगद सिंह शामिल हैं। वही कुंदरूकोचा निवासी एक किशोर का इलाज परिजनो ने दूसरे अस्पताल में इलाज करा रहे हैं।

### करंज के एक पेड़ के नीचे खड़े होने पर झुलसा, मौत

दूसरी ओर पटमदा के कमलपुर थाना क्षेत्र के बांधडीह गांव में दोपहर करीब एक बजे वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इस संबंध में गोपालपुर निवासी मुरारी मोहन पाल ने बताया बांधडीह निवासी 40 वर्षीय पंचानन माझी अपनी पत्नी लक्ष्मी रानी माझी के साथ गांव के ही एक तालाब में नहाने गये थे। वह खुद नहाने के बाद करंज के एक पेड़ के नीचे खड़ा होकर पत्नी का इंतजार करने लगा। उसी दौरान बारिश के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आकर झुलस गया। पत्नी को जानकारी मिलते ही वह चिल्ला-चिल्ला कर रोने लगी। बगल में मौजूद परिजनों एवं अन्य लोगों की मदद से तत्काल गंभीर हालत में बंगाल के बराबाजार अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह मूल रूप से बंगाल के पुरुलिया से सटे सिमुलिया गांव का रहने वाला था। उसके परिजन शव का पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया मेडिकल कॉलेज ले गये। बताया जा रहा है वह बीते 10 साल से अपने ससुर सलावत माझी के घर में घर जमाई के रूप में रह कर खेतीबारी का काम करता था। मृतक का 5 वर्ष की एक बेटी एवं एक डेढ़ साल का बेटा है। फिलहाल सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## लक्ष्य संस्था के तृतीय रक्तदान शिविर में शामिल हुए विधायक

# 50 यूनिट रक्त संग्रह, रक्तवीरों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के संस्था लक्ष्य के द्वारा बीते 2 वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को गोलमुरी केबल क्लब में युवाओं द्वारा संचालित संस्था लक्ष्य के पहल पर रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर विधायक सरयू राय, समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले, समाजसेवी शिव शंकर सिंह, भाजपा नेता मूलचंद साहू के आलावे अन्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। संस्था के संरक्षक ओमी सिंह सहित संस्था के सदस्यों ने अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी सह भाजपा नेता मूलचंद साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। सुबह 9 बजे से संध्या 4 बजे तक चली शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संस्था ने सभी रक्तवीरों को उपहार एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

### ये रहे उपस्थित

शिविर में बंटी सिंह, सुमीत श्रीवास्तव, धर्मेंद्र प्रसाद,बलबीर मंडल, कांची लोहार, प्रह्लाद लोहरा, सोनू ठाकुर, ओम पोद्दार, संजय मुखी, प्रकाश मुखी, महेंद्र साहू, सीनू राव, कामेश्वर साहू, अमित सिंह, अभिमन्नु सिंह, नवजोत सोहेल, अजय सिंह, जुगुन पांडे, शुभम सिंह, राजीव चौहान, शुकु प्रमाणिक, सोनू सिंह, निरंजन झा, नवजोत सिंह, लोकनाथ त्रिपाठी, सूरज सिंह, सुधीर यादव, राहुल कुमार, कुंदन झा, शिवा सिंह, जय प्रकाश शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गदरा भूमिज टोला में देशाऊली पूजा स्थल का किया गया सीमांकन

# आदिवासी झंडा और देशाऊली पूजा स्थल का लगा बोर्ड



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र स्थित गदरा भूमिज टोला मे नायके बाबा मोगधो भूमिज के नेतृत्व में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आदिकाल के देशाऊली पूजा स्थल का सीमांकन एवं सौंदरीकरण किया गया। रविवार को कार्यक्रम के दौरान 101 पौधा लगाया गया। मौके पर पांच देशाऊली आदिवासी झंडा गाड़ कर दो देशाऊली पूजा स्थल का बोर्ड लगाया गया। आदिवासी समाज के लिये नेक पहल पर समाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत ने पुजारी मोगधो भूमिज को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान समाज के सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ये रहे मौजूद

मौके पर सभी ग्रामीणों ने हडिया, मुढ़ी, घुघनी का आनंद उठाया। मौके पर पुजारी मोगधो भूमिज,ग्राम पूजा कमेटी के अध्यक्ष जेना जामुदा,ग्राम प्रधान सुखलाल हेमब्रम,राजेश सामंत, बिस्वाजीत भगत,बिरजू पात्रों, सुबोध बारदा,विजय पूर्ति,गुरबा भूमिज, सरिता बारदा,लक्ष्मी बारदा, गीता सरदार,मुकरू भूमिज, भूषण भूमिज,कौशल्या भूमिज, छोटे सरदार, तुडकू दिग्गी, नीलकमल भूमिज,प्राण बारदा, लखन सामड़, अमित दास,सनातन पूर्ति, लक्ष्मण बारदा,विजय भूमिज, दिनेश सरदार, राजा भूमिज, शिवचरण भूमिज, जोबा भूमिज, जीरा पुर्ती, शशिधर सरदार, राजेन भूमिज, राजेश मुंडा, बुद्धेश्वर पान, लालबाबू भूमिज, सुरेन भूमिज,निर्मल पात्रों,सावन बारदा, शामू हेमब्रम, मिहिर भूमिज, प्रकाश भूमिज, दिपक भूमिज, कुंदन बारदा, मलिन सरदार, मानोवर हेंब्रम, शैलेंद्र सरदार, किसनो बारदा, सुनील कुंकल, अजय भूमिज, सीता देवगम,पिन्टू पांडेय, मोकरो देवगम,मोना कुंकल, रघु हेमब्रम, सूरज जामुदा, लक्ष्मण पूर्ति, माखन हेंब्रम के अलावा सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

# रहरगोड़ा श्रीश्री दुर्गा पूजा पंडाल के भूमि पूजन में शामिल हुए झामुमो नेता, भव्य पंडाल का होगा निर्माण

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले जुगसलाई विधानसभा स्थित जमशेदपुर प्रखंड के रहरगोड़ा श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन का आयोजन किया गया। रविवार को शिव काली मंदिर प्रांगण में आयोजित भूमि पूजन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता महाबीर मुर्मू शामिल हुए। मौके पर मंदिर के पुरोहित व महाबीर मुर्मू के संयुक्त तत्वाधान में विधि विधान से पूजा अर्चना कर पंडाल का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मंदिर कमिटी के संरक्षक राजू सामंत ने बताया दो साल कोरोना में कम लोगों के बीच मा दुर्गा की पूजा अर्चना की गई थी। लेकिन इस साल पूजा कमिटी के द्वार भव्य पूजा पंडाल का निर्माण बंगाल के कारीगर के द्वारा कराया जायेगा। स्थानीय लोग दुर्गा पूजा के भव्य आयोजन में शामिल होंगे। मौके पर संरक्षक राजू सामंत, पूजा समिति के अध्यक्ष राजू प्रसाद, महामंत्री राकेश सिंह, कोषाध्यक्ष विवेक गुप्ता, मुन्ना चौधरी, दिलीप सिंह, नंदू पाजी, रॉकी सिंह, अमित शर्मा, रणधीर सिंह, अशोक यादव, तुषार सिंह, कनिष्क सिंह, रणविजय सिंह, कुंदन सिंह, संजय मालाकार, बेचन चौधरी, रमन, जेना जमुदा, अशोक ठाकुर, धनंजय सिंह, बहादुर शर्मा, सदानंद सिंह, दिलीप जसवाल, अजय सिंह, राकेश सिंह, कैलाश मंडल,विवेक शाह,राजन भगत, चंद्र भूषण सिंह, रंजीत, राज, राहुल, विक्की सिंह, राहुल सिंह, मनीष भगत, जितेंद्र मौर्य, रोहित सिंह, तेज सिंह,अमर सिंह, घनश्याम पांडे, कृष्ण कांत श्रीवास्तव, कृष्णा ठाकुर, कन्हैया चौधरी के आलावे अन्य उपस्थित रहे।

# आजादी के 75 साल के बाद भी नहीं बनी मुख्य सड़क, ग्रामीणों में आक्रोश

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिला के जुगसलाई विधानसभा स्थित गदरा गांव जाने वाले मुख्य सड़क आजादी के 75 साल के बाद भी सड़क निर्माण नहीं होने पर ग्रामीणों में खासा आक्रोश देखा गया। रविवार को क्षेत्र के रहने वाले आंदोलनकारी जेना जमुदा के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर अपने ही विधायक के खिलाफ नाराजगी जताते हुए लड्डू का वितरण किया। मौके पर क्षेत्र में रहने वाले सैकड़ों आदिवासी परिवार के महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों को सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। झारखंड आंदोलनकारी जेना जामुदा ने बताया देश आजाद हुए 75 साल बीत गया। झारखंड बने लगभग 22 साल हो रही है। शहर के ही दो दो महान हस्ती राज्य के मुखिया रह चुके। लेकिन ग्रामीणों तक सरकार के मूलभूत सुविधा का लाभ पहुचाने का किसी ने पहल नही की। आजादी के बाद से आज भी गदरा गांव जाने वाले मुख्य सड़क जर्जर स्थिति में है। ग्रामीण अब भाजपा के बाद झामुमो सरकार से गुहार लगा रहे है। वही गांव के रहने वाले आदिवासी सैकड़ों परिवार आज भी आस लगाये बैठे है। ताकि दिन भर दूर दरार से रोजी रोटी की तलास कर सही सलामत घर पहुच सके। उधर लंबे समय से भाजपा शासन काल के बाद झामुमो की सरकार में विधायक बनने के पूर्व मंगल कालिंदी ने ग्रामीणों को जीत के बाद सड़क बनाने का आश्वासन दिया था। इससे पूर्व चुनाव के दौरान सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने वोट भी बहिष्कार किया था।

महत्वपूर्ण न्यूज

## झामुमो मीडिया प्रभारियों की बैठक में पंचायत की जनसमस्याओं के समाधान पर की गयी चर्चा



**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रंका प्रखंड कार्यालय में रविवार को प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गढ़वा जिला मीडिया प्रभारी सह रंका प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय के द्वारा प्रखंड के सभी पंचायत के सोशल मीडिया प्रभारियों की बैठक की गयी। जिसमें सभी मीडिया प्रभारियों की समस्यायों को सुनने के बाद समाधान किया गया। साथ ही सभी पंचायत के मीडिया प्रभारियों को अपने अपने गांव, टोले एवं पंचायत की जनसमस्याओं का समाधान करने तथा झारखंड सरकार के द्वारा चलायी जा रही विकास व कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने एवं उसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया, ताकि गरीब असहाय जनता सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। बैठक में जरूरतमंद लोगों को राशन कार्ड बनाने हेतु जानकारी भी देने की बात कही गई। क्योंकि झारखंड में पांच लाख राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में प्रखंड उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सोनी, विश्रामपुर से जगदीश टोप्पो, सेवाडीह से ज्याउद्दीन अंसारी, पुरेगाड़ा से श्रवण ठाकुर, सोनदाग पंचायत से अजय गुप्ता, धीरज कुमार सहित सभी पंचायत के सोशल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

## कोलझिकी पंचायत में मुखिया ने कार्डधारी लाभुकों के बीच किया धोती-साड़ी का वितरण



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कोलझिकी पंचायत में मुखिया अजय प्रसाद गुप्ता के द्वारा सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी, लूंगी का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर मुखिया अजय गुप्ता ने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना में से एक है। गरीबों को साल में दो बार धोती-साड़ी वितरण करने की योजना लोगों के लिए लाभप्रद है। मुखिया अजय गुप्ता ने डीलर नीलू कुंवर, उर्मिला देवी, निकहत साइन के लाभुकों के बीच धोती साड़ी एवं लुंगी वितरित किया। मौके पर बीडीसी, वार्ड सदस्य एवं संबंधित डीलर उपस्थित थे।

## कसौधन वैश्य समाज ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष के लिए किया रक्तदान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कसौधन वैश्य समाज गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष की पत्नी ने रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। जिस पर उन्होंने अविलंब अपने मीडिया प्रभारी आशीष कश्यप से संपर्क कर रक्तदान के लिए प्रेरित किया। आशीष कश्यप के द्वारा एक यूनिट इ+पॉजिटिव रक्तदान मुरली श्याम सोनी के लिए किया। पूर्व में भी समाज के द्वारा मुरली श्याम सोनी को रक्त उपलब्ध कराया गया है। समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि कसौधन वैश्य समाज युवा साथियों के सहयोग से रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों को लगातार रक्त उपलब्ध कराता रहा है। समाज के युवा साथियों से हम आग्रह करते हैं आप सभी आगे आयें और रक्तदान करें और लोगों का जीवन बचाने का कार्य करें। मौके पर समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, उप कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, संगठन मंत्री सुनील कश्यप, कार्यकारिणी सदस्य मिथलेश कश्यप, संतोष कश्यप, भाजपा मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, युवा समाजसेवी दौलत सोनी उपस्थित थे।

**बैठक :** राजद जिला कार्यसमिति की बैठक में संगठनात्मक चुनाव को लेकर किया गया विचार विमर्श

# 29 अगस्त से 2 सितंबर तक होगा प्रखंड अध्यक्षों का चुनाव

- आगामी चुनाव को लेकर राजद पूरे जिले में अभियान चलाकर लोगों को जोड़ने करेगा काम
- चिनिया प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रिका यादव ने पुनः घर वापसी की एवं लाल मोहम्मद सिद्दीकी ने लालू प्रसाद में जतायी आस्था



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष सूरज सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यसमिति की बैठक की गई। इस बैठक में जिला के निर्वाचन पदाधिकारी फैज उल हक की उपस्थिति में जिला के संगठनात्मक चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें 29 अगस्त से 2 सितंबर तक प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव होगा। 6 सितंबर से 12 सितंबर तक जिला अध्यक्ष का चुनाव हुआ। जिसमें जिले के सभी 20 प्रखंडों के लिए प्रभारी की नियुक्ति की गई एवं सभी को दिशा-निर्देश दिया गया कि यथाशीघ्र चुनाव कराकर जिला एवं प्रदेश को सूचित करें। संगठनात्मक चुनाव संपन्न होने के बाद जिले में सम्मेलन कराया जाएगा और आने वाले चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल पूरे जिले में अभियान चलाकर लोगों को जोड़ने काम करेगा। इस क्रम में चिनिया कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष चंद्रिका यादव ने राजद में आस्था व्यक्त करते हुए पुनः अपने घर में वापसी की है एवं लाल मोहम्मद सिद्दीकी ने लालू जी में आस्था रखते हुए पार्टी के नीति सिद्धांत से प्रभावित होकर राजद ज्वाइन किया।

बैठक में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. भागवत यादव, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी नरेश प्रसाद सिंह, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ पासवान, वरीय उपाध्यक्ष डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, प्रधान महासचिव धर्मराज राम, उपाध्यक्ष कामाख्या सिंह, अशोक यादव, महासचिव महेंद्र पाल, सुरेश विश्वकर्मा, साहिल परवेज, कामेश्वर यादव, हरीनाथ चंद्रवंशी, अशोक सिंह, विनोद चंद्रवंशी, जिला सचिव मो. अनीस अंसारी, प्रदीप ठाकुर, युवा राजद जिला अध्यक्ष विनीत राम, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष नागेंद्र कुमार भुईयां, विष्णु रावत, वीरेंद्र सोनी, राजद प्रखंड अध्यक्ष नौशाद अली, जैनुल्ला अंसारी, शिव नारायण चौधरी, शेख शकील खान, जगनारायण यादव, रामेश्वर सिंह खरवार, कमलेश प्रसाद, जगदीश यादव, रामनिवास यादव, जगदीश यादव, बजरंग यादव, सुभाष चंद्र मेहता, मुद्रिका यादव, रशीद अंसारी, संतोष सिंह, दीनानाथ प्रसाद, हाजी आबिद हुसैन, इरफान रजा सहित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, प्रखंड के पदाधिकारी सहित सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रीय जनता दल के समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## परिहारा मुखिया ने किया निःशुल्क कोचिंग संस्थान का उद्घाटन



- सार्वजनिक एकता संघ के सहयोग से 1 से 5 तक के बच्चों के लिए की गयी है निःशुल्क कोचिंग की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर प्रखंड गढ़वा अंतर्गत परिहारा पंचायत के ग्राम कितासोती खुर्द में सार्वजनिक एकता संघ के सहयोग से 1 से 5 तक के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लास का मुखिया रबिंद्र राम ने फीता काट कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों को शॉल एवं गमछा देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह कोचिंग का शुभारंभ किया गया है। जिसमें सभी बच्चों को मुखिया जी के द्वारा प्रत्येक माह में सभी बच्चों को कॉपी, कलम एवं स्टडी मटेरियल दिया जाएगा। रबिंद्र राम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमें अपने घर में बच्चों को पढ़ाई की आदत डालनी होगी। साथ ही अपने घर में बच्चों को प्रत्येक दिन एक घंटा पढ़ाने की अपील की। कहा बहुत जल्द हमारे पंचायत में एक उच्च स्तरीय पुस्तकालय का निर्माण कराया जाएगा। मौके पर बीडीसी सकेंद्र राम, मधु भारती, समाजसेवी देवब्रत ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के बिना जिंदगी जीना असंभव है इसलिए हमें अपने बच्चों को पढ़ाने की जरूरत है। राकेश बैठा ने ग्रामीण एवं सार्वजनिक एकता संघ के सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी। मौके पर केदार नाथ प्रजापति, दिनेश बैठा, मुख्य सलाहकार लव कुमार सिंह, बिमलेश कुमार, उमेश कुमार, सुधीर पासवान, अविनाश पासवान, पंकज पासवान, करण रजक, सचिन रजक, सैकड़ों ग्रामीण जनता, और सैकड़ों बच्चे, सार्वजनिक एकता संघ के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा नगर मंडल ने सुनी पीएम के 'मन की बात'



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 92वें संबोधन 'मन की बात' सुना। प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने के बाद भाजपा जिला महामंत्री विकास स्वदेशी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को एक जन आंदोलन के रूप में मनाया जा रहा है। देश की जनता ने तिरंगा यात्रा हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिससे अमृत महोत्सव की अमृतधारा पूरे देश में बह रही है। प्रधानमंत्री ने आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए आगामी 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने की घोषणा की। उन्होंने जल संरक्षण की दिशा में अमृत सरोवर सहित अन्य विषयों पर भी अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष हीरा प्रसाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना कमलापुरी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष तौआब खान,उपाध्यक्ष बबलू खलीफा,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय,अनिल दास सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ब्रह्म बाबा स्थान पर सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन कल



**मेराल (आजाद सिपाही)।** गढ़वा के प्रसिद्ध ब्रह्म बाबा विराजमान स्थल खजूरी, लगमा के प्रांगण में 30 अगस्त दिन मंगलवार की शाम में मानस मंडली गढ़वा द्वारा अपने साप्ताहिक संगीतमय 400वां सुंदरकांड मानस पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मानस मंडली के संयोजक द्वारिका नाथ पांडे ने बताया कि सुंदरकांड पाठ के चतुर्थ शतक के अवसर पर ब्रह्म बाबा विराजमान स्थल पर भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें 1100 श्रद्धालुओं द्वारा सस्वर सुंदरकांड पाठ का उच्चारण किया जाएगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमी सज्जनों, श्रद्धालुओं से उक्त धार्मिक आयोजन में ससमय पहुंच कर धार्मिक लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि सुंदर कांड पाठ समाप्ति के उपरांत विशेष महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मंत्री मिथिलेश ने बनायी है अनोखी संरचना : धीरज

- इस संरचना से गांव के ग्रामीण से लेकर शहरवासियों तक को मिल रहा लाभ
- आम लोगों को इधर-उधर भागदौड़ करने की आवश्यकता नहीं पड़ती



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अनोखी संरचना बनायी है। इस संरचना से गांव के ग्रामीण से लेकर शहरवासियों तक को लाभ मिल रहा है। विधानसभा की भौगोलिक स्थिति के मद्देनजर यह संरचना लोगों को काफी राहत पहुंचा रही है। इस संरचना में समस्या के निवारण हेतु पंचायत स्तर पर पंचायत कमेटी, प्रखंड स्तर पर प्रखंड कमेटी, जिला स्तर पर जिला कमेटी समस्याओं का निवारण करने का काम करती है। इन सभी कमेटी के पदाधिकारी समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग के विधायक प्रतिनिधि से संपर्क कर लोगों का काम पूर्ण कराते हैं। कोई अन्य समस्या जो विधायक प्रतिनिधि के द्वारा हल नहीं हो पाती उसे जिला अध्यक्ष एवं सचिव के माध्यम से दूर किया जाता है। जिला से ऊपर की समस्याओं के लिए मंत्री मिथिलेश ठाकुर तक बात पहुंचायी जाती है तथा उनके माध्यम से उसका समाधान निकाला जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता संबंधित पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर घर बैठे लोगों की समस्याओं का हल निकालने में कामयाब होते हैं।

इस संरचना से आम लोगों को इधर-उधर भागदौड़ करने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। पार्टी के पदाधिकारी के साथ-साथ प्रखंड स्तर पर बीस सूत्री अध्यक्ष-उपाध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित झामुमो समर्थित प्रमुख-उपप्रमुख भी लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। जिला स्तर पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष भी खुलकर जरूरतमंदों की मदद करते नजर आते हैं। ऐसी संरचना के ईजाद होने से गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र की जनता में पार्टी के प्रति सकारात्मकता एवं विश्वास बना हुआ है, जिसका लाभ आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिलेगा।

## रंका प्रखंड कार्यालय में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड बनाने का कार्य शुरू




**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड कार्यालय में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड बनाने का काम प्रारंभ किया गया है। इस अवसर पर रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम ने बताया कि आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड बनाने का कार्य प्रखंड कार्यालय में शुरू किया गया है। इस कार्ड को बनवाने से किसी भी असहाय गरीब व्यक्ति को सरकार के द्वारा इलाज व आपरेशन वगैरह कराने के लिए पांच लाख रुपये सहायता राशि दी जाती है। प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम ने सभी गरीब असहाय लोगों से आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड बनवाने का आह्वान किया है।

## पूर्व मुखिया व समाजसेवी मानसरोवर यादव के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर



**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा गांव निवासी सह पूर्व मुखिया मानसरोवर यादव (85) का निधन शुक्रवार की देर शाम पैतृक आवास पर हो गया। इसकी खबर मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। वे 2010 से 2015 तक सगमा पंचायत के मुखिया रहे। इसके पूर्व सगमा पंचायत में 1968 से 1973 तक सरपंच रहे। वे अपने पीछे दो पुत्रों समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम दर्शन के लिए सुबह से लोगों का तांता लगा रहा। उनके निधन पर प्रखंड क्षेत्र के अलावा दूसरे इलाकों के लोगों ने भी गहरी संवेदना जतायी है। लोगों ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी एवं पूर्व मुखिया के निधन को अपूरणीय क्षति बताया। लोगों ने कहा कि वे सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाले महान समाजसेवी थे। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र भगवान दास यादव ने दी। मौके पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, 20 सूत्री अध्यक्ष रियाज अंसारी, उप प्रमुख अर्जुन पासवान, मुखिया तेज लाल राम, उप मुखिया मंगलेश यादव, पूर्व जिप सदस्य नंदगोपाल यादव, देवचंद यादव, पप्पू सिंह, छोटन सिंह, वीरेंद्र सिंह ने शोक व्यक्त किया।

**बैठक :** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज कार्यकारिणी समिति की बैठक में संगठन एवं कोष की मजबूती पर दिया गया बल

# समस्याओं के निष्पादन से पेंशनरों में बढ़ा है आत्मविश्वास : केके यादव

- संगठन अपने उद्देश्य एवं लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, आप सभी सदस्य संगठित होकर संगठन को मजबूती प्रदान करें : अशर्फी राम




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा अध्यक्ष केके यादव की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति की बैठक की गयी।

अध्यक्ष श्री यादव ने सभा में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि बैठक का मुख्य एजेंडा संगठन एवं कोष की मजबूती पर विशेष बल देना है। प्रत्येक पेंशनरों को 5/5 पौधा लगाना था, परंतु इसका अनुपालन कुछ ही लोग कर पाये हैं। पुनः इस पर विचार करना है।

पेंशनर कल्याण समाज अध्यक्ष केके यादव ने कहा कि हम धीरे-धीरे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। अभी हाल ही में जिला स्तर पर जो पेंशन अदालत उपायुक्त की अध्यक्षता में लगायी गई, वह एक संगठन का सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य था। संगठन के प्रयास से पेंशनरों की जो समस्याएं थीं, उसका निष्पादन होने से पेंशनरों में आत्मविश्वास बढ़ा है।

मंच का संचालन अशर्फी राम, सचिव, झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा के द्वारा किया गया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन अपने उद्देश्य एवं लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। आप सभी संगठित हों तथा संगठन को मजबूती प्रदान करें। साथ ही साथ संगठन के कोष पर भी ध्यान देना जरूरी है। बैठक में यदि किसी की कोई समस्या हो या वे अपनी बातें रखना चाहते हों तो उन्हें आमंत्रित किया जाता है। उनके आमंत्रण पर सभा को संबोधित करने वालों में जोखू प्रसाद, श्रवण कुमार, लक्ष्मण राम, गोपाल राम, डॉ कन्हैया प्रसाद सिंह, बृजनंदन प्रसाद एवं संरक्षक सीताराम चौबे के द्वारा अपने-अपने विचार रखे गए। सभी ने कोष एवं संगठन की मजबूती पर अपना अपना विचार प्रकट किया।

सर्वसम्मति से निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किया गया। जिनमें विगत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि की गई। पुनः पौधरोपण के संदर्भ में प्रत्येक सदस्यों से 5-5 पौधा रोपण करने का संकल्प को दोहराया गया। आगामी राज्य स्तरीय महाधिवेशन में भाग लेने हेतु एवं प्रकाशित होने वाले स्मारिका में आलेख भेजने का निर्णय लिया गया।

उपाध्यक्ष द्वारिका नाथ पांडे के काफी दिनों से बैठक में नहीं आने का कारण जानने हेतु उनके घर जाने का निर्णय लिया गया।

अंत में अध्यक्षीय भाषण के उपरांत सभा की समाप्ति की घोषणा की गई। बैठक में अमरनाथ गुप्ता, श्रवण कुमार, बलदेव यादव, जोखू प्रसाद, रामनरेश प्रसाद, लक्ष्मण राम, बृजनंदन प्रसाद, गोपाल राम, बैजनाथ सिंह, शिव नारायण प्रसाद, कन्हैया राम, मुंगालाल, मुद्रिका राम, मूरत राम, रहम तुल्ला शेख तथा अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष राजीव कुमार दुबे भी उपस्थित थे।

## कलवार युवा मंच ने सदर अस्पताल में भर्ती दो मरीजों के लिए किया रक्तदान




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कलवार युवा मंच गढ़वा के द्वारा सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती दो मरीजों को लिए दो यूनिट रक्तदान किया गया। पहले रक्तदाता दीपक कुमार एलआईसी अभिकर्ता ने बलीसाह लेन निवासी सुनीता देवी के लिए रक्तदान किया। जिनके शरीर में मात्र 5 ग्राम हिमोग्लोबिन था। दूसरे रक्तदाता शिवम जायसवाल ने विनोद सिंह के लिए रक्तदान किया, जो कि 100% दिव्यांग हैं। उनकी पत्नी मीरा सिंह बीडीसी, सोनपुरा, कांडी थाना गढ़वा की काफी परेशान थीं। मरीज के शरीर में मात्र ढाई ग्राम हिमोग्लोबिन शेष रहने के कारण गंभीर अवस्था में भर्ती थे। रक्तदाता का हौसला बुलंद करने के लिए दया शंकर गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि चंदन जयसवाल, राकेश जायसवाल, गौरव जायसवाल, गौतम जायसवाल, पत्रकार विकास जायसवाल, प्रिंस जायसवाल, सुमीत गुप्ता, विकास जायसवाल इत्यादि उपस्थित रहे।

## प्रेम प्रसंग में कुल्हाड़ी से मार कर हत्या

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड के डूमारो पंचायत के ग्राम बजरमरी में पन्ना लाल महतो पिता चुन्नीलाल महतो ग्राम कुटे और मांझी का रहने वाला था, जिसको कुल्हाड़ी से बसंती देवी के घर में हत्या कर दी गई। हत्या के बाद चंदवा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद चंदवा पुलिस शव को अपने कब्जे में ले लिया। वही जांच पड़ताल के बाद चंदवा थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा ने बतलाया कि पन्नालाल महतो बसंती देवी के घर हमेशा आया जाया करता था, बसंती देवी विधवा महिला है। वही सूत्रों की खबर है कि बसंती देवी के घर संतोष गंझू भी आया-जाया करता था यह घटना प्रेम प्रसंग माना जा रहा है। आगे अनुसंधान जारी है, इधर मामला दर्ज कर लिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया।

## प्रज्ञा केंद्र संचालक से 2 लाख बीस हजार की लूट

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बरियातू टीओपी के गोनिया प्रज्ञा सेवा केंद्र के संचालक बिरजू कुमार से अज्ञात लुटेरों ने दिन दहाड़े दो लाख बीस हजार रुपये लूट लिये।ग्राहक सेवा केंद्र संचालक बिरजू ने बताया कि दुकान खोलते समय अपाची बाइक से तीन लोग मास्क पहने आये। जिसमें से दो लोग दुकान पर आए और कहा कि पैसा निकालना है। तो मैंने कहा आधार कार्ड दिखाओ। तो लुटेरे ने रिवॉल्वर दिखाते हुए कहा कि अगर तुम शोर मचाओगे तो तुम्हें गोली मार दूंगा। फिर कांउटर के दराज में रखे दो लाख बीस हजार रुपये और मेरा रियल मी स्मार्ट फोन जिसमें जियो का मोबाइल नंबर 9508055891 है, लूट लिया और अपाची बाइक पर पहले से बैठे लुटेरे के साथ बगरा, चतरा की ओर भाग निकले। मैं जब तक दुकान से बाहर आता तब तक लुटेरे भाग चुके थे। आसपास के ग्रामीणों के अनुसार तीन लोग नीले रंग की बिना नंबर की अपाची लेकर दुकान के पास रुके। दो लोग दुकान पर गये। जबकि एक बाइक पर बैठा था, बाइक भी स्टार्ट थी। जब प्रज्ञा सेवा केंद्र संचालक बिरजू ने शोर मचाया तो समझ में आया कि बाइक पर लुटेरे थे। संचालक ने बरियातू टीओपी प्रभारी को रुपये एवं मोबाइल लूट की सूचना दी। सूचना मिलते ही टीओपी प्रभारी कुंदन कुमार मौके पर पहुंचे। बिरजू से घटना की जानकारी लेने के बाद लुटेरों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रहे हैं।प्रज्ञा सेवा केंद्र संचालक बिरजू ने यह भी बताया कि लुटेरे द्वारा लूटे गए स्मार्ट फोन की आखिरी लोकेशन चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड के सालगी, जबरा और बरियातू प्रखंड के बालूभांग की रेंज में थी। इसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। मोबाइल लोकेशन से अंदाजा लगाया जा रहा है कि लुटेरे गोनिया से जबड़ा, बालूभंग जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। उल्लेखनीय है कि दो वर्ष पूर्व भी उक्त ग्राहक सेवा केंद्र का एल्वेस्टर तोड़ चोरी हो गया था।

## नया सर्वे खतियान से भी बनेगा जाति प्रमाण पत्र: बीडीओ



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड में जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान में नया सर्वे खतियान नहीं रहने से जाति प्रमाण पत्र बनने में हो रही दिक्कतों को दूर करते हुए बीडीओ राकेश सहाय ने प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापकों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि नया सर्वे खतियान से भी मुखिया द्वारा वंशावली सत्यापन कर जाति प्रमाण प्रमाण पत्र बनाया जायेगा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पुराना सर्वे खतियान नहीं रहने से 70 परसेंट से अधिक छात्र-छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र बनाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। इसे देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बरवाडीह प्रखंड के सभी प्राचार्य, प्रधानाध्यापक ,एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक को कहा है कि नया हाल सर्वे के आधार पर यानी नये खतियान के आधार पर भी स्कूली छात्रों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसी वजह से हाल सर्वे के आधार पर ग्राम सभा के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिये जो 27अगस्त को आमसभा होने था। जिसे लेकर संबंधी पत्र निर्गत किया गया था ,उसे रद्द कर दिया गया था। क्योंकि हाल सर्वे के आधार पर अब जाति प्रमाण पत्र उसी तरीके से निर्गत किया जायेगा जिस ढंग से पुराने खतियान के आधार पर निर्गत हो रहा है। उन्होंने कहा कि हाल सर्वे के आधार पर जो फॉर्म भरे जायेंगे उन बच्चों के वंशावली का सत्यापन मुखिया या ग्राम प्रधान करेंगे और राजस्व कर्मी उसे सत्यापित करेंगे। बीडीओ ने कहाअब इसमें कोई कंफ्यूजन, कोई भ्रम, कोई संदेह नहीं रह जाना चाहिये। अब यह स्पष्ट कर दिया जा रहा है कि हाल सर्वे के आधार पर भी स्कूली छात्रों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा। सभी विद्यालय इस कार्य को किसी भी तरीके से 1 सप्ताह के अंदर पूर्ण करें और अब कोई भी बच्चा जिसके पास हाल सर्वे का खतियान है, वह जाति प्रमाण से वंचित नहीं रहना चाहिए।

## अंकिता के हत्यारे को शीघ्र फांसी की सजा हो : अविनाश कौर

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। नगर परिषद वार्ड नंबर आठ की पार्षद अविनाश कौर ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से ट्विटर के माध्यम से की मांग की है दुमका कि दुमका की बेटी अंकिता सिंह के हत्यारे को फास्ट ट्रैक कोर्ट से शीघ्र फांसी दिलायी जाये। विदित है कि पिछले पांच दिन से अंकिता रिम्स में मौत से जूझ रही थी। 23 अगस्त को एक सरफिरे आशिक शाहरुख ने एक तरफा प्यार में पेट्रोल डालकर अंकिता को जिंदा जला दिया था, ऐसी घटनाओं का समाज में कोई स्थान नहीं है। इसलिए माननीय मुख्यमंत्री इस पर संज्ञान ले और दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि पांच दिन से दुमका की बेटी रिम्स में तड़प रही थी, लेकिन किसी विधायक या मंत्री को इतना भी समय नहीं मिला कि वह जाकर उसका हाल समाचार ले लें। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है झारखंड के लिए।

## पुलिस ने नाबालिग सहित तीन आरोपी को किया गिरफ्तार



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** सदर थाना अंतर्गत मनन चौटांग रेलवे लाइन के किनारे रामू उराव पिता स्वर्गीय वासुदेव उराव ग्राम मंचन चौटांग का शव बरामद हुआ था। इस संबंध में आवेदिका अनीता देवी पति स्व. रामू उरांव के फर्द बयान के आधार पर लातेहार थाना कांड संख्या 21 2022 दिनांक 19 /8/ 2022 धारा 302/ 201/34 भादवि के अंतर्गत दर्ज किया गया। इस कांड के उद्भेदन के लिये पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लातेहार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर छापामारी किया गया और छापामारी के क्रम में अमृता कुमारी उर्फ तेतरी पिता बिंदु उरांव, राजमोहन उरांव पिता रामदेव उराव, सुरेश उरांव पिता लाल सहाय उरांव, नाबालिग बालक सभी थाना जिला लातेहार को विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा हत्या में प्रयुक्त एक मीठी रंग का सूती कपड़ा जिसमें एक लोहा का फार लिपटा हुआ कपड़ा में खून जैसा धब्बा लगा हुआ को इनके निशानदेही पर बरामद किया गया है। अनुसंधान क्रम में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त अमृता कुमारी उर्फ तेतरी का मृतक रामू उराव से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसका विरोध अमृता कुमारी के परिजनों के द्वारा किया जा रहा था पूर्व में भी अमृता कुमारी के परिजनों ने मृतक रामू उरांव को जान मारने की धमकी दी थी उनके बावजूद भी मृतक रामू उरांव का संपर्क अमृता कुमारी से बना रहा। दिनांक 18/8/ 2022 की रात्रि में मृतक रामपुरा अमृता कुमारी के साथ उसके घर के सामने दोनों बातचीत कर रहे थे। इसी कारण अभियुक्त, राजमोहन उरांव, सुरेश पूरा, नाबालिग बालक के द्वारा रामू उरांव का हत्या की योजना बनाया गया योजना के अनुसार हल फार से मारकर रामू उरांव की हत्या कर दिया गया। हत्या के पश्चात अमृता कुमारी ने भी अभियुक्त के साथ मिलकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया है। अभियुक्त गण द्वारा मृतक रामु उरांव के शव को रेल लाइन के किनारे रख दिया गया ताकि लोगों को लगे कि ट्रेन का धक्का लगने से उसकी मृत्यु हुई है। इस छापामारी में लातेहार थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार महतो, पुलिस अवर निरीक्षक दीपक नारायण सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक राज रोशन सिन्हा, समेत शसस्त्र बल एवं महिला बल के जवान मौजूद थे।

### पुलिसिया दुर्व्यवहार के खिलाफ चंदवा के व्यवसायियों में आक्रोश, पहुंचे प्रतुल शाहदेव

# दुकानदारों ने निकाला आक्रोश मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा शनिवार की रात चंदवा के प्रतिष्ठित व्यवसायी राम नारायण साहू के साथ बालूमाथ और चंदवा पुलिस के द्वारा किये गए बीच बाजार में मारपीट एवं दुर्व्यवहार का मामला रविवार को तूल पकड़ लिया। सूचना पाकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव चंदवा पहुंचे, लोगों से घटना के संबंध में जानकारी ली। दुकानदार अपने-अपने प्रतिष्ठान को बंद कर प्रतुल शाहदेव के नेतृत्व में आक्रोश मार्च निकाला, जो चंदवा थाना तक पहुंची। जहां पुलिस ने गेट पर सभी को रोक दिया। प्रतुल ने कहा कि यदि हमारी मांगो को नहीं सुना गया तो हम यही धरना दे देंगे। जिसके बाद 7 लोगों का प्रतिनिधिमंडल को डीएसपी ने आने न्योता दिया। प्रतुल ने कहा कि सभी लोग थाना के अंदर आयेंगे लेकिन वार्ता सिर्फ सात लोग करेंगे, पुलिस ने प्रतुल की बात मानी जिसके बाद प्रतिनिधि डीएसपी के संग वार्ता की।



### निर्दोष पर कार्रवाई हुई तो करेंगे बड़ा आंदोलन

**प्रतुल शाहदेव चंदवा पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलने के बाद चंदवा के व्यवसायी के साथ बैठक की। व्यवसायियों ने आशंका जतायी कि चंदवा पुलिस बेवजह आम लोगो और दुकानदारों के विरुद्ध फर्जी केस कर कार्रवाई कर सकती है। इस पर प्रतुल शाहदेव ने कहा कि बुजुर्ग व्यवसायी के साथ मारपीट निंदनीय है। पुलिस गुंडागर्दी में उतारू है। यदि किसी भी निर्दोष पर पुलिस कार्रवाई करती है तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा। प्रशासन यह नही भूले की इनके ही टैक्स से सारी व्यवस्था चलती है। इनके मान-सम्मान के साथ खिलवाड़ मंजूर नहीं। यदि जरूरत हुई तो इस मामले में डीजीपी से भी मिलूंगा। सीसीटीवी कैमरा में सारी चीजें रिकॉर्ड है।**

### क्या हुई वार्ता

प्रतुल संग राजकुमार साहू, राम बाबू, नारायण साहू, अमरदीप प्रसाद, निर्मल शर्मा और महेंद्र साहू ने डीएसपी के साथ वार्ता की। प्रतुल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पहले पीड़ित परिवार के द्वारा दिया गया एफआइआर को स्वीकार कीजिये और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कीजिये। बिना 41 ए के नोटिस दिये किसी प्रकार की कार्रवाई ना हो इसका आश्वासन दीजिये। डीएसपी लातेहार ने सभी बिंदुओं पर सार्थक आश्वासन दिया। जिसके बाद सभी दुकानदारों ने वापस आकर अपनी अपनी दुकानें खोल ली। मौके पर दूकानदार के अध्यक्ष समेत बड़ी संख्य में दुकानदार उपस्थित थे।

## संत मोनिका दिवस पर महिलाओं ने किया कार्यक्रम आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड़ के प्रखंड कई गांवों रविवार को ईसाइ धर्मावलंबियों ने संत मोनिका पर्व बड़े उत्साह से माता दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर महिलाओं ने बताया कि संत मोनिका के साथ-साथ,मृत बेसहारा विधवा बीमारी से लाचार एवम बुढ़ापे से ग्रस्त माताओं के लिये विशेष मिस्सा पूजा की। संदेश में कहा कि माता हर पल अपने परिवार की खुशहाली चाहती है। उसके लिये सुख और दुख में कोई अंतर नहीं होता। वह दोनों पहलू को संजीदगी से जीती है। साथ ही उन्होंने संत मोनिका के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत मोनिका के संदेशों और उनके जीवन के उद्देश्यों को लोग साकार करें। उन्होंने कहा कि संत मोनिका अपने पति एवं पुत्र के व्यवहार से परेशान थी। ईश्वर की भक्ति के बदौलत संत मोनिका अपने पति व पुत्र को धार्मिक जीवन में वापस लायी। इस वाकया को देखकर सभी महिलाएं मोनिका को अपना आदर्श और संरक्षिका मानने लगीं। इसी की याद में संत मोनिका दिवस को ईसाई समुदाय माता दिवस के रूप में मनाता है। वही इस मौके पर मिस्सा कार्यक्रम के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया साथ ही प्रिति भोज का आयोजन भी कुआं गया। वहीं इस मौके पर दर्जनों की संख्या में ईसाई धर्मावलंबी महिला एवम बच्चे मौजूद थी।

## जिला में स्वास्थ्य सेवाएं दुरूस्त हों: रवि डे



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड विकास समिति के संयोजक रवि कुमार डे ने जिला में चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने सिविल सर्जन डा दिनेश कुमार से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। अपने ज्ञापन में उन्होंने कहा कि लातेहार जिला में स्वास्थ्य व्यवस्था बहुत ही लचर है। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों के नहीं रहने के कारण स्वास्थ्य सेवायें प्रभावित हो रही है। उन्होंने सदर अस्पताल, लातेहार में खराब अल्ट्रासाउंड मशीन को दुरुस्त कराने एवं मरीजों का नियमित अल्ट्रासाउंड कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि लातेहार एक मेसो क्षेत्र है और यहां अधिसंख्य आदिवासी एवं गरीब मजदूर-किसान निवास करते है। उनके पास बाहर के लैबों में जा कर महंगे अल्ट्रासाउंड कराने के लिए पैसे नहीं हैं। श्री डे ने आगे कहा कि जिला के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें पहुंचाने के लिए पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य शिविरों का लगाने एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को चिंहित कर उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराना आवश्यक है। श्री डे ने कहा कि अभी बारिश का मौसम है। ऐसे में नालियों में डीडीटी का छिड़काव एवं लोगों के बीच मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण किया जाना चाहिए।

### तबादला करने की मांग की

श्री डे ने चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड बैंक समेत ट्रामा सेंटर की स्थापना करने, स्टाफ की कमी को दूर करने एवं विवादित बीपीएम विशाल मिश्रा का यहां से तबादला करने की मांग की। उन्होंने कहा कि विशाल मिश्रा का तबादला बरवाडीह में हो चुका है, बावजूद वह चंदवा सीएससी सेंटर में अपनी मनमानी कर रहे हैं। मौके पर सत्येंद्र प्रसाद यादव, मुकेश कुमार सिंह और इंद्रजीत साह उपस्थित थे।

## आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 2 सितंबर

**लातेहार (आजाद सिपाही)। उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव के आदेशानुसार लातेहार जिलांर्तगत विभिन्न प्रखंडों में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एव झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों मे सत्र 2022-23 में नवनामांकन के लिये वैसी छात्रायें जो पूर्व में नामांकन के लिये आवेदन जमा करने से चूक गयी है, उन्हें एक अवसर प्रदान किया जाता है एवं दिनांक 02/09/2022 के अपराह्न 04 बजे तक संबंधित विद्यालयों में वे अपना आवेदन जमा कर सकते है। यदि निर्धारित तिथि/समय के बाद आवेदन प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।**

### झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा की हुई बैठक

# जीतने पर धर्मशालाओं का निर्माण और कमजोरों की मदद करेंगे: श्रवण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा की एक बैठक होटल द कार्निवाल के सभागार में जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। श्री गुप्ता ने कहा कि आगामी 18 सितंबर को पटना में अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा का पुनर्गठन किया जायेगा। बैठक में महासभा के आजीवन सदस्यों से उक्त चुनाव में मतदान करने के लिए पटना चलने की अपील की गयी। श्रवण गुप्ता ने कहा कि इस चुनाव में उन्होने अखिल भारतीय अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी प्रस्तुत की है उनकी जीत के लिए रौनियार महासभा का सहयोग उन्हें आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व डीजीपी अशोक प्रसाद गुप्ता पिछले पांच वर्षों से अखिल भारतीय अध्यक्ष पद पर आसीन हैं। लेकिन उन्होने एक बार भी झारखंड समेंत अन्य राज्यों का दौरा तक नहीं किया और ना ही रौनियार समाज के विकास के लिए कोई योजना बनायी। उन्होंने उनके कार्यकाल को फ्लाप बताया। श्री गुप्ता ने कहा कि अगर वे यह चुनाव जीतते हैं तो पूरे भारत के रौनियार समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करेंगे। उन्होंने देश के राज्यों की राजधानी में रौनियार वैश्यों के लिये धर्मशाला बनाने, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आर्थिक मदद करने, उनके बच्चों को स्कूल व कॉलेज में पढ़ाई के लिए सहयोग करने की बात कही। इसके अलावा महासभा के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की प्रतिबद्धता दुहरायी। उन्होंने इस चुनाव में पटना पहुंच कर मतदान करने एवं उन्हें विजयी बनाने की अपील की। जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इस चुनाव में लातेहार जिला के सभी आजीवन सदस्य इस मतदान करने पटना जायेंगे और अखिल भारतीय रौनियार समाज वैश्य महासभा के अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार श्रवण प्रसाद गुप्ता को भारी मतों से विजयी बनायेंगे।




### बैठक में इनकी रही उपस्थित

**बैठक में अजय प्रसाद गुप्ता, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, संतोष गुप्ता, सुदामा प्रसाद गुप्ता, विजय प्रसाद गुप्ता, सुरेश प्रसाद गुप्ता, राज किशोर गुप्ता, उमेश प्रसाद गुप्ता, सुमीत सरकार, अनिल कुमार व कपिल प्रसाद गुप्ता आदि उपिस्थत थे।**

## कर्मा त्योहार शांतिपूर्वक मनाने का सीओ ने दिये निर्देश

**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 28 अगस्त रविवार को कैरो थाना परिसर में अंचलाधिकारी कमलेश उरांव की अध्यक्षता पर कैरो थाना के सब-इंस्पेक्टर हारिओंध करमाली, प्रखंड प्रमुख राम उरांव की उपस्थिति में मासिक शांति समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई संपन्न। बैठक में अंचलाधिकारी कमलेश उरांव ने कहा कि आने वाले हरितालिका तीज, कर्मा पर्व एवं विश्वकर्मा का त्योहार आप सभी प्रखंड वासी शांति पूर्वक त्योहार को मनायें। 20 सूत्री सदस्य सह पूर्व कैरो पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी ने सड़क सुरक्षा के दृष्टि से लगातार पुलिस गश्ती जारी रखने का सुझाव दिया। पुलिस प्रशासन को दिया,वहीं खंडा जोड़ा पुल पर दुर्घटना को रोकने के लिए प्रशासन से रेडियम उक्त बेरिकेडिंग बनाने की बात कही। मौके पर अन्य सदस्यों ने भी अपने-अपने विचार त्योहार के निमित्त बैठक में रखी। आज के उक्त बैठक में उपरोक्त लोगों के अलावा जिला शांति समिति सदस्य विशेश्वर प्रसाद दीन, नजीर आलम खान, सूरज मोहन साहू, हनहट मुखिया श्रवण मुंडा, समीद अंसारी, जमील अंसारी, प्रवीण साहू, अंजुमन के सदर इम्तियाज अंसारी, जियाउल अंसारी, राम प्रसाद पाल, संजय साहू इत्यादि उक्त शांति समिति के बैठक में उपस्थित थे।

## चेचिस ट्रक की चपेट में आकर एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**कुडू-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू चंदवा मुख्य पथ के एनएच 75 में थाना क्षेत्र के टीको पुल के समीप रविवार की शाम करीब 3:30 बजे एक चेचिस ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गयी। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र ग्राम विश्रामगढ़ गढ़ाटोली निवासी बालकु उरांव का पुत्र जीतराम महली 32 और योगेंद्र उरांव का पुत्र सरोज महली 20 टीवीएस अपाची बाइक जेएच 01 एआर-7456 से जीतराम के साढू सुरेश उरांव को लाधुप पहुंचा कर कुडू आ रहे थे। इसी बीच इनकी बाइक टीको पुल के समीप एक तेज रफ्तार चेचिस ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे सरोज महली की मौके पर ही मौत हो गयी और पीछे बैठा जीतराम उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का सीएचसी कुडू में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक सरोज केरल में काम करता था और कुछ दिन पूर्व ही घर लौटा था। पुलिस ने चेचिस को अपने कब्जे में ले लिया है।

## वज्रपात से चार बकरी की मौत

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के डीही पंचायत में तेज मूसलधार बारिश और बिजली की तेज गड़गड़ाहट ने डीही ग्राम निवासी अली हसन के चार बकरी को अपने चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही चारो बकरी की मौत हो गई। वही भुक्त भोगी ने बताया कि आज सुबह में बकरी चराने के लिये जंगल गये थे कि अचानक जोरो से बारिश होने लगी। बारिस से बचने के लिए बकरी पेड़ निचे चले गये। की इतने में जोरो से बिजली गड़गड़ाहट होने लगी। चारो बकरी बिजली के चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। आगे भुक्तभोगी ने 20 हजार का नुकसान होने का दावा किया है। जिला प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगायी है।

## झारखंड के मजदूर की उत्तरप्रदेश में मौत

**बारियातु (आजाद सिपाही)।** झारखंड के बालूमाथ थाना अंतर्गत टीओपी अंतर्गत साल्वे पंचायत के अलखडीहा टोला निवासी मजदूर अनिल उरांव 30 की मौत उत्तर प्रदेश के लक्ष्मनपुरा में बीते शनिवार की रात्री सड़क दुर्घटना में हो गई । जिस का शव रविवार को दोपहर आते ही पूरा गांव रो पड़ा। मृतक के साथ रह रहे चचेरे भाई जगदीश उरांव ने बताया कि हम दोनों भाइ उत्तर प्रदेश के झांसी बुंदेलखंड जिला अंतर्गत लक्ष्मनपुरा स्थित जय माता दी स्टोन क्रेशर में मजदूरी करते थे। मुझे घर आना था। इसके लिए बीते शनिवार संध्या को मै और मेरे भाइ अनिल दोनों स्टोन क्रेशर के मोटरसाइकिल से रेल्वे टीकट बनाने को लेकर पास के ही बरूआ सागर रेल्वे स्टेशन आये थे। टिकट बना कर रात्री लगभग 8 बजे डेरा लक्ष्मनपुरा वापस जा रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रही तेज रफतार बोलेरो गाड़ी ने अपने चपेट मे ले लिया। जिससे भाई अनिल का सर मे गंभीर चोट लगी और उनकी मौत घटना स्थल पर हो गई। घटना के बाद पुलिस और आसपास के लोगों ने अस्पताल भेज दिया। जहां अनिल का पोस्मार्टम हुआ। सूचना मिलते ही क्रेशर संचालक अस्पताल पहुंच कर एंबुलेंस से घर भेज दिया। अचानक हुई घटना के बाद रविवार को दो पहर शव पहुंचते ही पुरा गांव मे मातम छा गया। घटना की सुचना पा कर पंचायत के मुखिया राजीव भगत। जिस सदस्य रमेश राम, पंसस सह प्रमुख उर्मिला देवी, टोंटी पंसस मो होजैफा, भाजपा जिला मंत्री ब्रजमोहन राम, उप मुखिया राजदेव उरांव, पूर्व प्रमुख शितल कच्छप, पूर्व मुखिया बिशुनदेव उरांव, सारो देवी, पूर्व पसंस कामेश्वर उरांव, समाज सेवी मुन्ना खान, शिव प्रसाद, मो मासुम सहित काफी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की भीड़ उमड पड़ी, मृत्यु अपने पीछे पत्नी संगिता देवी दो वर्षीय पुत्र अंकित उरांव व एक 15 दिन का बच्चा अर्पीत उरांव को छोड़ गया। मृतक 18 अगस्त को अपने घर अलखडीहा से मजदूरी करने के लिए झांसी लक्ष्मनपुरा गया था। अचानक हुई हादसा से पत्नी सहित पुरा परिवार का रो-रो कर बुरा हैं। रविवार दोपहर बाद अलखडीहा के सिमराही मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया।

## पूर्वी जिप सदस्य ने किया गांवों का दौरा

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। जिसमें मुख्य रुप से छिपादोहर और गम्हरिया में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने अपनी जन समस्याओं को रखा। समस्याओं को सुनकर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का निदान हर हाल में जल्द किया जायेगा। इसमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। कुछ ग्रामीणों ने पीसीसी पथ निर्माण नाली निर्माण की मांग की और बरसात के दिनों में सड़क सड़क में जलजमाव होने की वजह से ग्रामीणों को होने वाली समस्या से अवगत कराया उस पर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा इस सड़क का निर्माण जल्द कराया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन विकलांगता पेंशन राशन कार्ड से कोई भी व्यक्ति वंचित नहीं रहेगा। हमारा प्रयास है कि आप लोगों के साथ से क्षेत्र मे विकास की लंबी लकीर खींचा जाये।

## वन कर्मियों ने अजगर को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा पंचायत ग्राम में अजगर सांप मिलने की सूचना वन कर्मियों को मिलते ही अजगर को पकड़ने के पश्चात एक बोरे में बंद कर बक्सीडीपा जंगल में लाकर सुरक्षित छोड़ा गया। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेन्हा पंचायत ग्राम में बीती रात रामलगन महतो के घर के पास अजगर सांप मिलने की सूचना वन विभाग टीम को ग्रामीणों द्वारा दिया गया। जैसे ही सूचना मिला वन विभाग की टीम सेन्हा ग्राम पहुंच अजगर को कर्मियों के सहयोग से पकड़ कर बक्सीडीपा जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। बताया जाता है कि वन कर्मी अजगर सांप को पकड़ने पश्चात बोरा में बंद कर जंगल की ओर ले गये। सांप को सुरक्षित स्थान पर छोड़ जीव हत्या होने से वन कर्मियों ने बचाया। वहीं वनरक्षी नंदकिशोर कुमार ने कहा कि बरसात के मौसम में काफी सांप निकल रहा हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा की सांप को नहीं मारे और सांप को सुरक्षित स्थान पर छोड़ने का कार्य करें। सभी जीव जंतु का रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा जंगल की कटाई से जीवजंतु को रहने की समस्या हो रही है। जानकारी देते हुए कहा कि पकड़े गये अजगर सांप की वजन लगभग 5 किलोग्राम से अधिक और करीब 8 फिट लंबा होगा। अजगर सांप पकड़ने में वनरक्षी नंदकिशोर कुमार, धनिरुद्ध महली, राजकुमार उरांव, रामहरी महतो, ज्योतिष कुमार सहित वन कर्मी शामिल थे।

## सरगना समेत पांच चोरों को रंगेहाथ पकड़कर पुलिस को सौंपा

**भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के कचमची एवं चट्टी के दुकानों से चोरी की घटना अंजाम देने वाले गैंग को ग्रामीणों ने रविवार को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। चोरो की पहचान भूषण टोप्पो उम्र 19 पिता आसिम टोप्पो, संतोष उरांव उम्र 19 पिता महता उरांव, रोहित महली उम्र 20 पिता रामनाथ महली, करण महली उम्र 19 पिता मुन्ना महली एवं जेना उरांव उम्र 22 पिता मानू उरांव सभी आरोपी कांजो महुआ टोली के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार की मध्य रात्रि में कचमची बाजार टाड़ स्थित अंशु मोबाइल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से चार से छह चोरों का गिरोह पहुंचा था। चोरी करने के लिए भुनेश्वर साहू के दुकान का अल्बेस्ट्स छत को तोड़कर दुकान के अंदर घुसे एवं जंहा धान का ढेर था उसी दीवाल से सटे अंशु मोबाइल दुकान के दीवार को सेंध मारी कर तोड़कर घुसने के उद्देश्य से दीवार तोड़ रहे थे जिसकी आवाज सुनकर ग्रामीणों को दुकानों में चोरी होने की शंका हुई जिस पर ग्रामीणों ने फोन के माध्यम से आसपास के ग्रामीण जुटे एवं चोरो को पकड़ने के लिए दुकान की ओर बढ़े चोरो को ग्रामीणों के आने की आवाज सुनकर सभी घटना स्थल से भाग निकले जिसके बाद ग्रामीणों ने पीछा करते हुऐ कांजो महुआ टोली से चोरों को पकड़कर कचमची गांव लाया गया।

# विद्या विकास समिति ने सविमं की छात्रा को किया सम्मानित



**रिया ने सीबीएससी की दसवीं की परीक्षा में 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को किया गौरवान्वित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सरस्वती विद्या मंदिर गुमला की छात्रा रिया कुमारी को सत्र 2021-22 की सीबीएससी की दसवीं की परीक्षा में 97.2 प्रतिशत अंक अर्जित करने पर विद्या विकास समिति द्वारा सम्मानित किया गया। समिति द्वारा आयोजित मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह में सरस्वती विद्या मंदिर गुमला की रिया कुमारी को सम्मानित करने पर विद्यालय में उत्साह का संचार हुआ है। शिक्षकों ने कहा कि रिया कुमारी सत्र 2021-22 की सीबीएससी की कक्षा दशम की परीक्षा में 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय की तरफ से प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा तथा रिया के अभिभावक भी इस समारोह में उपस्थित रहे। गौरव के इस क्षण में प्रधानाचार्य ने रिया को शुभकामनाएं दी तथा कहा कि उनके कठिन परिश्रम से विद्यालय गौरवान्वित हुआ है। उनके अभिभावक अपनी पुत्री की सफलता से अभिभूत हैं तथा विद्यालय के सभी आचार्यों को धन्यवाद दिया। प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, सचिव अमृत मेटे, सह सचिव प्रभात कुमार दास ने बहन रिया को शुभकामनाएं दी तथा आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में विद्यालय से और अधिक संख्या में छात्र इस अभिनंदन समारोह का हिस्सा बनेंगे।

## त्वचा व थायराइड रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप गुमला में 4 सितंबर को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चर्म, गुप्त, कुष्ठ व थायराइड रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप आगामी 4 सितंबर दिन रविवार को गुमला के निलेश मेडिकल में मरीजों की जांच करेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें बालों का पकना, असमय बालों का झड़ना, नाखुन का कालापन एवं त्वचा से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

## मिशन बदलाव गांव चलो गांव बदलो अभियान के तहत पहुंचा जलडेगा

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव के सदस्यों ने जलडेगा प्रखंड के कुटुंगिया पंचायत के कुटुंगिया गांव अंतर्गत होरो टोली का दौरा किया। मिशन बदलाव के सदस्यों ने अपने आभियान गांव चलो गांव बदलो के तहत टोली का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान गांव के लोगों के साथ बैठक की गई। बैठक में शामिल लोगों को जागरूक करते हुए मिशन बदलाव के सदस्यों ने अंधविश्वास से दूर रहने का संदेश दिया। सांप के डंसने पर झाड़-फूंक के चक्कर में न रहने और तुरंत हॉस्पिटल ले जाने की सलाह दी। ग्रामीणों ने मिशन बदलाव को बताया कि गांव में बिजली, पानी तथा सड़क की समस्या है। इस अभियान में मिशन बदलाव टीम के अनुसूचित जाति-जनजाति के जिला अध्यक्ष संतोष जोजो, रवि गोप, दीपक महतो, रोहित राणा मौजूद थे।

## मारवाड़ी युवा मंच एवं प्रेरणा शाखा ने वर्ल्ड स्पोर्ट्स डे पर किया साइकिल रैली का आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच एवं प्रेरणा शाखा गुमला द्वारा वर्ल्ड स्पोर्ट्स डे के अवसर पर रविवार को गुमला में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मेन रोड हिंदुस्तान एजेंसी के समीप से हुआ। जो लोहरदगा रोड स्थित महेश्वरी भवन गुमला तक गयी। साइकिल रैली के माध्यम से मारवाड़ी युवा मंच द्वारा यह बताया गया कि एक स्वस्थ आदमी को अपने रेगुलर रूटीन में साइकिल चलाना चाहिए।। साइकिल चलाने से आम लोगों की ब्लड प्रेशर और हॉट संबंधित बीमारियों से निजात पाया जा सकता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए साइकिल चलाना बहुत ही फायदेमंद साबित होता है। साइकिल रैली का इतना उत्साह था कि 68 वर्षीय गौतम साबू भी शरीक हुए। मौके पर सचिव विकास मंत्री, नटवर अग्रवाल, अकाश गोयल, अंशु गोयल, लड्डू फोगला, अभिनव काबरा, पंकज साबू, रोहित खंडेलवाल, प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सीमा शर्मा, सचिव शैलजा साबू, शिल्पा अग्रवाल शकुंतला मंत्री सहित सभी सदस्य और समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## बसिया प्रखंड के दालमादी चर्च में संत मोनिका पर्व धूमधाम से मनाया गया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दालमादी चर्च में संत मोनिका पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा संत मोनिका झंडे का झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सभी पल्ली में संत मोनिका पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। लेकिन इस पर्व में मोनिका की जीवन में घटित घटना को सभी माताओं को याद करते हुए संकल्प लेने की आवश्यकता है कि बिखरे परिवार को अपने त्याग, तपस्या एवं प्रार्थना के द्वारा अपने परिवार को एक आदर्श परिवार के रूप में परिवर्तित किया जाये। वर्तमान समय में आज चारों ओर नशापान का आलम ऐसा है कि पढ़ने-लिखने वाले बच्चे व मां-बाप सभी नशे के शिकार हो रहे हैं। जो परिवार एवं समाज के लिए सबसे बड़ी क्षति है। हमें संत मोनिका के पद चिन्हों पर चल कर एक स्वच्छ एवं आदर्श परिवार बनाना चाहिये। इस अवसर पर युवा संघ एवं अनुयायियों द्वारा पारंपरिक नाच गान एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर फादर दीपक एक्का, फादर पोलीनुस, फादर जॉर्ज, मुखिया अनिमा डुंगडुंग, फिलिसिता टोप्पो समेत महिला और युवा संघ, काथलिक सभा एवं अनुयायी उपस्थित थे।

**बैठक: छोटानागपुरिया तेली समाज के अध्यक्ष बनाये गये श्याम सुंदर साहू**

# अध्यक्ष की एक आवाज पर आंदोलन के लिए तैयार रहे समाज : हीरा साहू

**समाज में जागरूकता और अधिकार के लिए संघर्ष और तेज किया जायेगा : अध्यक्ष श्याम सुंदर साहू**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** तेली समाज की मजबूती और अधिकार के लिए समाज में जागरूकता लाने की जरूरत है। जागरूकता और अधिकार के लिए संघर्ष और तेज किया जायेगा। उक्त बातें छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज गुमला के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्याम सुंदर साहू ने कही। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद से समाज के लोगों ने मेरे ऊपर भरोसा जताया है, मैं समाज के आशा पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के द्वारा रविवार को सिसई रोड में राघामोहन साहू के नये सभा भवन में सामाजिक बैठक आयोजित की गई थी। हीरा साहू ने समाज में जागरूकता फैलाने पर बल देते हुए कहा कि आज समाज ने एक ऐसे अध्यक्ष का चयन किया है जिसके पास मजबूत इच्छा शक्ति है। जो समाज को समय दे रहे हैं और समाज के संगठन को मजबूत बनाने के लिए समर्पित हैं। बस जरूरत है कि अध्यक्ष की एक आवाज पर समाज के सभी सदस्य आंदोलन के लिए कमर कस कर फौरन तैयार हो जाएं। हम अपनी एकजुटता से सरकार के समक्ष अपनी मांग रखेंगे तो सरकार को हमारी मांगे पूरी करनी पड़ेगी।

उदासन नाग ने अधिकार के लिए लगातर आंदोलन करने पर बल दिया। समाज ने भामा साह और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के योगदान को अमूल्य बताया।

राधामोहन साहू ने कहा कि सामाजिक विकास के लिए शिक्षा को अनिवार्य करें। उन्होने शिक्षा की कमी दूर करने की सलाह दी।

समाज ने एक स्वर में छोटानागपुरिया तेली समाज को आदिवासी का दर्जा देने की मांग की। इस आशय का मांग पत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजने का निर्णय लिया गया। निर्णय लिया गया कि तेली समाज की धर्मशाला बनायी जाएगी।

सिसई के श्याम सुंदर साहू को सर्वसम्मति से नया जिला अध्यक्ष बनाया गया। सभी सदस्यों ने श्याम सुंदर साहू के नाम का समर्थन किया। निर्वाचित होने पर सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी।

इस अवसर पर केंन्द्रीय अध्यक्ष भूपन साहू, मैनेजर साहू, लालमोहन साहू, भुवनेश्वर साहू, रामेवर साहू, बसंती साहू, शिवचरण साहू, दिनेश्वर प्रसाद आदि शामिल थे।

## पुरातत्व विभाग की उत्खनन शाखा ने किया बाबा टांगीनाथ धाम का निरीक्षण

**बाबा टांगीनाथ धाम के आसपास स्थित अन्य पुरातात्विक महत्व के स्थल एवं स्मारकों को चिन्हित कर भविष्य की कार्ययोजना बनाना उद्देश्य : डॉ राजेंद्र देहूरी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की उत्खनन शाखा पटना की टीम ने बाबा टांगीनाथ धाम पुरातात्विक स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उत्खनन शाखा पटना के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ राजेंद्र देहूरी ने पुरातात्विक स्थल की ऐतिहासिकता और उपलब्ध प्रमाणों तथा अवशेषों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा उसे इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर के संदर्भ में व्याख्यायित व महत्वपूर्ण बताया। कहा कि टीम का उद्देश्य बाबा टांगीनाथ धाम के आसपास स्थित अन्य पुरातात्विक महत्व के स्थल एवं स्मारकों को चिन्हित कर भविष्य की कार्ययोजना बनाना है। वहीं डॉ. राजेंद्र देहूरी ने टांगीनाथ धाम परिसर में प्रदर्शित मूर्तियों के संरक्षण एवं सुरक्षा हेतु इन मूर्तियों को शेड निर्मित कर रखे जाने की बात कही।

वहीं ये भी कहा कि इन प्राचीन दुर्लभ मूर्तियों को निरंतर होने वाली वर्षा, धूप आदि से बचाने हेतु शेड के निर्माण कर उसके अंदर मूर्तियों को रखा जाना अति आवश्यक है, ताकि वर्षा के कारण मूर्तियों में लगने वाले काई, डस्ट से मूर्तियां क्षतिग्रस्त न हों। वहीं टीम के अन्य सदस्यों ने कहा की टांगीनाथ धाम की प्राचीनता व ऐतिहासिकता उपलब्ध प्रमाणों से स्पष्ट है और झारखंड प्रदेश की ये एक अमूल्य विरासत है। जो कि तत्कालीन कला स्थापत्य के चरमोत्कर्ष का महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है।

उन्होंने बताया कि बाबा टांगीनाथ धाम में विराजमान लौह निर्मित त्रिशूल अपने युग की लौह तकनीक की उन्नत कलाओं का परिचायक है। वहीं झारखंड प्रदेश में स्थित यह धार्मिक व पुरातात्विक स्थल में पर्यटन की अनंत संभावनाएं छिपी हैं जिसे सुरक्षित, संरक्षित व विस्तार कर पर्यटन का महत्पूर्ण केन्द्र बनाया जा सकता है।

## चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र के बघनी गांव निवासी तौसीब अंसारी (25) को चोरी की एक बाइक के साथ गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया। इस बावत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि तौसीब अंसारी चोरी की एक बाइक को घर में रखा हुए है और कभी कभी उसका उपयोग भी करता है। इसकी गुप्त सूचना मिलने पर शनिवार को उसके घर में छापेमारी कर एक पैशन प्रो हीरो बाइक जब्त की गयी। तौसीब को हिरासत में लेकर पूछताछ में उसने भंडरा थाना क्षेत्र के न्यू ठाकुर गांव से तीन दिन पहले बाइक चुराने की बात स्वीकार की। पूछताछ कर रविवार को उसे जेल भेज दिया गया। पूर्व में भी बाइक चोरी कांड में तौसीब जेल जा चुका है।

## सिसई प्रखंड कार्यालय प्रांगण में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

**उपस्थित लोगों ने संविधान पढ़कर संविधान का पालन करने और बाबा साहेब अम्बेडकर के बताये मार्गो का अनुसरण करने का लिया संकल्प**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** डॉ भीमराव अंबेडकर राष्ट्रीय एकता मंच झारखंड प्रदेश के नेतृत्व में रविवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रांगण में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार, संरक्षण बलिराम पासवान, जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार मोची, प्रमुख मीना देवी, बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें माल्यार्पण कर नमन किया। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संविधान पढ़कर संविधान का पालन करने और बाबा साहेब अम्बेडकर के बताएं मार्गो का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

मौके पर तेजपाल राम, डोमन राम, कनी राम, अरुण कुमार, उमेश कुमार राम, राज कुमार, देवानंद राम, सलादीन अंसारी, रमेश दास, बीके राम, सुखदेव राम सहित बहुजन समाज के लोग एवं प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे।

**अव्यवस्था : सीएचसी डुमरी से घायल को बगैर एंबुलेंस के कर दिया गया रेफर**

# एंबुलेंस नहीं मिलने पर परिजन ने बाइक से घायल को पहुंचाया अस्पताल

**कहा- सदर अस्पताल कर्मी एंबुलेंस के लिए मांग रहा था तीन हजार रुपये**



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमरी में भारी लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। जहां गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को बगैर एंबुलेंस दिये ही रेफर कर दिया गया। मामला डुमरी प्रखंड का है, जहां आंवरापाठ निवासी चंद्रदेव महतो घायल अवस्था में इलाज के लिए डुमरी अस्पताल में आया हुआ था। जहां डाक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया। जिसपर घायल व्यक्ति के परिजनों के द्वारा एंबुलेंस की मांग की गई तो एंबुलेंस नहीं होने की बात कही गई। वहीं घायल व्यक्ति का दामाद अरूण यादव ने बताया कि एंबुलेंस मांगने पर अस्पताल के कर्मचारी के द्वारा तीन हजार रुपये की मांग की गई। पैसे नहीं होने के कारण मुझे अपने ससुर को मोटरसाइकिल में बैठाकर गुमला इलाज के लिए लाना पड़ा। बताते चलें कि अस्पताल से आये दिन इस तरह के मामले सामने आते रहते हैं, पर आला अधिकारी मौन रहते हैं। सरकार के द्वारा दिए गए एंबुलेंस का अधिकतर दुरुपयोग होते देखा जा सकता है, परंतु मरीजों को जरूरत पड़ने पर उनसे मोटी करम की डिमांड की जाती है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बिशुनपुर प्रखंड कार्यालय में विधिक शिविर में परिसंपत्तियों का वितरण

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि गुमला एसीजेएम मनोरंजन कुमार एवं पीएलए सदस्य शंभू सिंह, एडवोकेट अवनीत कुमार पांडे, स्थानीय मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक आदि लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एसीजेएम ने विधिक सेवा का निःशुल्क लाभ कैसे लिया जाए इस संबंध में ग्रामीणों को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कानून की नजर में सभी जनता समान है। सभी को न्याय पाने का अधिकार है। अधिकार की प्राप्ति के लिए जागरूक रहना जरूरी है। सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं जिसके बारे में जानकारी रखने की आवश्यकता है। इधर विभिन्न विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित ग्रामीणों के बीच रखी गई। इस अवसर पर समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, जेएसएलपीएस, कृषि विभाग के द्वारा 623398 रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इस अवसर पर चार निशक्त लोगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर कल्याण पदाधिकारी गणेश राम महतो, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रीति कुजूर, बीपीएम रुपाली कुमारी, बाल विकास परियोजना से लक्ष्मी देवी, संदीपा कुमारी, धनंजय कुमार साय, अभिषेक कुमार मांझी सहित कई पंचायत के मुखिया एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### बसिया प्रखंड सभागार में विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर का आयोजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन गुमला के तत्वावधान में रविवार को प्रखंड सभागार में मुख्य अतिथि स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन सेवानिवृत्त न्यायाधीश बालमुकुंद राय, विशिष्ट अतिथि के रूप में सदस्य स्थायी लोक अदालत गुमला के शंभु सिंह की उपस्थिति में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा विधिक अधिकार के बारे में विस्तार पूर्वक उपस्थित लोगों जानकारी दी गयी। साथ ही लोगों को डायन बिसाही, नशापान से दूर रहने की सलाह दी गयी। कहा नशापान युवाओं को बर्बाद कर रहा है उन्हें जागरूक करें। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत सेविकाओं के द्वारा किया गया एवं बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष सुकरात उरांव, सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, प्रमुख जगरानी तिग्गा, बसिया थाना के एसआइ प्रदीप रजक, सुपरवाइजर डेजी कुजूर समेत प्रखंड सह अंचल कर्मी एवं लाभुक उपस्थित थे।

### डुमरी प्रखंड कार्यालय परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कानूनी संबंधित सरकार के द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। इस मौके पर जिला जज ने कहा कि निशुल्क सहायता देना विधि सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य है। गरीब, कमजोर तथा पीड़ित वर्ग के लोगों को निशुल्क विधि सहायता प्रदान करने के लिए ही केंद्र और राज्य सरकार ने इसे लागू किया है। उन्होंने कहा कि गांव में डायन बिसाही को लेकर अंधविश्वास बढ़ गया है। ऐसे में जागरूकता अति आवश्यक है। इसलिए पंचायत के हर गांव- टोला में जागरूक करने की जरूरत है। वहीं गांव घर में नशा पान करने वाले को भी जागरूक करें और बतायें कि इसके सेवन से क्या नुकसान है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, थाना प्रभारी मनीष कुमार, अंचल अधिकारी, बीपीओ नाजिर, सभी प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर तथा विभिन्न पंचायत के मुखिया तथा दूरदराज से आये हुए सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### घाघरा प्रखंड में विधिक जागरूकता शिविर में लाभुकों के बीच बांटी गयी परिसंपत्ति

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का रविवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीजीएम मनोरंजन कुमार, विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के के दौरान 4 लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास से संबंधित पत्र, दो लोगों को पूर्ण आवास की ताला चाभी, मुख्यमंत्री लक्ष्मी लाडली योजना के अंतर्गत दो और दो दिव्यांगों जनों को प्रमाणपत्र देकर लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही 15 अगस्त पर जिला स्तर पर हुए भाषण प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय घाघरा 12वीं की छात्रा मनीषा कुमारी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मैट्रिक में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय घाघरा द्वारा टॉप की छात्रा किरण कुमारी इंटर में जिला स्तर में स्थान प्राप्त करने वाले सिंपी कुमारी और सब्बू नाज को पुरस्कार देकर सम्मानित मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।

### पालकोट प्रखंड कार्यालय में कानूनी सहायता सह सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा कानूनी सहायता सह सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, मनरेगा, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, केसीसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सुकन्या योजना, प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, बाल विकास परियोजना आदि में लाभुकों के बीच 28 लाख पचास हजार रुपये की परिसम्पतियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित न्यायमूर्ति लोलार्क दुबे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से अंतिम पायदान तक कानूनी सहायता व जागरूकता पहुचाने में मदद मिलती है। ग्रामीण डायन बिसाही अंधविश्वास का परित्याग करे शिक्षित बने व कानूनी रूप से जागरूक बने। किसी भी तरह की समस्या होने पर प्रसाशन का सहयोग लें। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा पालकोट ब्लॉक परिसर में पौधरोपण भी किया गया। मौके पर पालकोट बीडीओ डॉ मनीष कुमार, प्रमुख सोनी लकड़ा, सांसद प्रतिनिधि सूरजदेव सिंह, विधायक प्रतिनिधि बसंत गुप्ता, डॉ पूजा पल्लवी भगत, पशुपालन पदाधिकारी डॉ कविता बाला टूटी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी विभिन्न योजनाओं के लाभुक व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# पति ने पत्नी को चाकू से गोद कर हत्या का किया प्रयास

## समय पर पहुंच ग्रामीणों ने बचायी जान, आरोपी पति गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदरनगर(पलामू)।** हैदरनगर थाना के करीमनडीह गांव निवासी सुदीप कुमार ने गांव से दक्षिण झाड़ी में पत्नी सुनीता देवी को लेजाकर चाकू से गोद गोद कर हत्या का प्रयास किया। सूचना मिलते ही मुखिया नाजमा खातून के पति नावाजिश खान सहित अन्य लोग को घटनास्थल की ओर आते देख सुदीप पत्नी को घायलावस्था में छोड़ कर भाग निकला। ग्रामीणों ने तत्काल सुरक्षित वाहन से घायल महिला को हैदरनगर पीएचसी पहुंचाया। घायल महिला सुनीता देवी का इलाज कराया जा रहा है। फार्मासिस्ट नवीन किशोर ने बताया कि महिला के सिर, गर्दन व दोनों हाथ पर चाकू से वार किये जाने के जख्म हैं। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि महिला की हालत खतरे से बहर है। होश आने पर सुनीता ने बताया कि घर से करीब दो सौ गज की दूरी पर उसके पति सुदीप कुमार झाड़ी की ओर ले जाकर अचानक चाकू से



हमला बोल दिया। उसने अपनी जान बचाने की पूरी कोशिश की। पर वह हत्या करने की बात बार बोर बोल रहा था। महिला ने बताया कि उनके पति सुदीप बार बार उसकी हत्या कर दूसरी शादी करने की धमकी देता रहता है। सुनीता के पिता हैदरनगर थाना क्षेत्र के रामबांध गांव निवासी सागर राम ने बताया कि उन्होंने पुत्री का प्रेम विवाह सुदीप से दस वर्ष पूर्व हुआ था। उनकी बड़ी पुत्री की शादी भी इसी घर में सुदीप के चचेरे भाई से हुई थी। उनकी पुत्री सुनीता के दो पुत्र व एक पुत्री भी हैं। सुनीता के ससुर महेश राम ने बताया कि इस घटना में उनका पुत्र सुदीप दोषी है। विगत करीब छह वर्ष से अपनी पत्नी के साथ बेवजह मारपीट करता रहा है। एक ही घर में दो बहनों ने भी एक मात्र सुदीप को दोषी ठहराया है। सुनीता के पिता सागर राम ने बताया कि उनकी पुत्री सुनीता देवी की हत्या का प्रयास उसके पति ने किया। समय पर ग्रामीण नहीं पहुंचते तो कुछ भी हो सकता था। सुदीप के विरुद्ध हैदरनगर थाना प्रभारी अजीत कुमार मुंडा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# केंद्र सरकार विधायक खरीद फरोख्त में व्यस्त : केएन त्रिपाठी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केंद्र सरकार विधायकों की खरीद फरोख्त में लगी हुई है। उक्त बातें सदर प्रखंड के पोलपोल स्थित मुख्य बाजार के प्रांगण में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कांग्रेस कमिटी द्वारा आयोजित मंहगाई पर चर्चा के चौपाल में कहीं। केंद्र की सरकार पूरे देश में गैर भाजपा शासित राज्य में विधायक खरीद-फरोख्त कर सरकार बनाने में लगी है।महंगाई व अकाल बेरोजगारी से लेना देना नही है। उन्होंने कहा कि हिन्दुत्व राष्ट्रवाद की झूठी बातें कर बीजेपी के लोग जनता को दिग्भ्रमित कर करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड आदि राज्यों में जहां बीजेपी को जनता नकार चुकी थी। वैसे लोग विधायक को एन केन प्रकारेण सरकार बनाने में जुटे हैं । वही जो विधायक इनकी बात नहीं मानते उनको सीबीआई, ईडी ,इनकम टैक्स का डर दिखाया जाता है । उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार गरीब विरोधी है।केंद सरकार के कारण ही आज देश में महंगाई चरम सीमा पर है व देश में आज इस तरह की परिस्थितियां उत्पन्न हुई है।



उन्होंने कहा कि गौतम अडानी आज विश्व का सबसे बड़ा अमीर व्यक्ति बन गया ।आखिर कैसे यह सोचने की बात है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकसभा से पहले किसी प्रकार झारखंड में सरकार बनाना चाहती है। यूपीए सरकार को किसी कीमत पर ध्वस्त करना चाहती है। उन्होंने कहा कि काला धन वापस लाने की बात बेमानी साबित हुई। विदेश से काला धन आया नहीं बल्कि काला धन बिदेश में गया ।उन्होंने कहा कि मंहगाई घटने की बजाए तेजी से बढ़ी है ।उन्होंने कहा कि चार लाख करोड़ देश के बड़े कारोबारियों के माफ कर दिए गए। पर गरीब किसान के लिए कोई राहत पैकेज भी नहीं चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का खजाने का पैसा आम आदमी तक नहीं पहुंच करके अडानी के पास जा रहा है। उन्होंने कहा कि विदेश में जो काला धन गया वह वापस नहीं आया ।उन्होंने कहा कि राजनीति में मैंने कभी विश्वस्नीयता नही खोया। मैंने 500 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर मलय नहर को लेकर आवाज बुलंद की ।उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार चाहती है कि प्रत्येक राज्य में उसका सरकार बने ।ताकि ईवीएम मैनेज कर सके।इसलिए अधिकांश राज्य में केंद्र सरकार अपना पार्टी की सरकार बनाना चाहती है व इसके लिए खरीद-फरोख्त एजेंसी का उपयोग कर सरकार बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनाव के पहले गैर बीजेपी शासित सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही है। इसी को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ो आंदोलन चला रही है ।उन्होंने कहा कि जब तक ईभीएम नहीं हटेगा चुनाव निष्पक्ष नहीं होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पलामू को अकाल घोषित नहीं किया। जबकि पलामू भयानक अकाल की चपेट में है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल अकाल तभी खत्म होगा जब मुख्यमंत्री का कुर्सी पर पलामू का लाल बैठेगा ।

# दुगार्पूजा महासमिति के अध्यक्ष एवं महासचिव का हुआ चुनाव

**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** रविवार को थाना रोड स्थित दुर्गा मंडप में शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से दुर्गा प्रसाद जौहरी को अध्यक्ष व प्रभाष दास गुप्ता को महासचिव निर्वाचित किया गया। बैठक में कहा गया की कोरोना काल में का दौर समाप्त हो गया है ऐसे में इस वर्ष प्रतिबंध मूक्त पूजा हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी ने की। बैठक में कहा गया की माता रानी का पूजोत्सव इस वर्ष 28 सितम्बर से प्रारंभ होकर 6 अक्टूबर को समाप्त होगा। बैठक में पूजोत्सव के दौरान शहर की साफ सफाई और निर्बाध विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा के बेहतर माहौल के लिए जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करने की बात कही गई।वहीं शहर के पूजा समिति को सम्मानित करने की बात कही गई। महासमिति के विस्तार के लिए श्री दुर्गा पूजा महासमिति के नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी को अधिकृत किया गया। बैठक में प्रभाष दास गुप्ता, ललन सिन्हा, कल्याण वर्मा, नवीन तिवारी, सोनू सिंह नामधारी, ब्रजेश शुक्ला, बीएम पांडेय, मुन्ना सिंह, विकास दूबे, धीरज मिश्रा, चंदन तिवारी, संजीत तिवारी, मनीष भिवानियां, जितेंद्र सोनी, सतीश तिवारी,रुपा सिंह, किरण अग्रवाल, रुबी सिंह, प्रदीप अग्रवाल, अनील दुबे, रचिता शरण,संजय राज,महेश तिवारी, मोनू सिंह, प्रेमशंकर गुप्ता व संजय कुमार सहित विभिन्न पूजा समिति व केंद्रीय महासमिति के सदस्य मौजूद थे।

# लाभुकों के बीच सोना सोबरन धोती, साड़ी व लुंगी का किया गया वितरण

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)** । जिले के छतरपुर नगर पंचायत खाटीन स्थित रमाकांत ठाकुर की जन वितरण दुकान पर सोना सोबरन साड़ी, धोती और लूंगी योजना अंतर्गत लाभुकों के बीच साड़ी, धोती, लूंगी का वितरण नगर उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा ,समाजसेवी मुकेश कुमार आदि की मौजूदगी में वितरण किया गया।

# रैयतों ने भूमि का मुआवजा नहीं मिलने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)** । क्या हो जब आप किसी जमीन पर दशकों से रह रहे हों जिसका स्वामित्व भी आपके पास हो, रशीद भी कटती हो। जिसने आपका भरण पोषण किया हो! उस जमीन को अचानक आपसे बिना मुआवजे का भुगतान किए छीन लिया जाए। जाहिर सी बात है कि आप सदमे में आ जाएंगे। पलामू जिले के छतरपुर में फोरलेन निर्माण जमीन अधिग्रहण में कुछ ऐसी ही तस्वीर उभर कर सामने आई है जब रैयत अपनी जमीन के मुआवाजे लिए दर बदर की ठोकर खाने और सिसकने को विवश हैं। छतवापत्थल स्थित निर्माण स्थल एनएच 98 के प्रभावित रैयतों ने बैठक का आयोजन कर कई मुद्दों पर चर्चा किया और सरकार और स्थानीय प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों के मद्देनजर उन्हें मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया तो बाध्य हो कर उग्र आंदोलन करेंगे। बैठक में रैयतों ने सरकार और सिस्टम पर वादा-खिलाफी का आरोप लगाया। रैयतों के समस्या के मद्देनजर छतरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन भी बैठक में पँहुचे और रैयतों को हरसम्भव मदद का आश्वासन दिया। उहोंने कहा कि सरकार को यह सोचना होगा कि आखिर रैयत क्यों आंदोलन के लिए प्रेरित हो रहे हैं। जो जमीन रैयतों की मां की तरह है, जो जमीन उनका भरण पोषण करती है उस जमीन को आखिरकार उनसे बिना मुआवजे का भुगतान किये क्यों छिना जा रहा है। अरविंद ने उनकी पीड़ा को देखते हुए उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया और कहा कि उनकी हर पीड़ा में साथ खड़े हैं। सड़मा के रैयत सुरेंद्र सिंह, विष्णुदेव सिंह, सुदामा यादव, कमलेश गुप्ता की भी यही कहानी है, रैयत अपनी भूमि के मुआवजे के लिए बेहद परेशान हैं।आपको बताते चलें कि कार्यस्थल पर एक दिनों से माले के नेतृत्व में सभी प्रभावित रैयत धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जल्द ही रैयतों का एक प्रतिनिधिमंडल मेदिनीनगर जा कर डीसी पलामू से मिलकर उन्हें समस्याओं से अवगत करायेगा। बैठक में मुख्य रूप से अरविंद गुप्ता चुनमुन, मनोज गुप्ता, अजय, कमलेश यादव, बैजनाथ पासवान, हरनाथ पासवान सहित कई प्रभावित रैयत शामिल थे।

# आनंदमार्ग की इकाई रावा के द्वारा ऑडिशन का आयोजन

**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** आनंदमार्ग का रावा रेनेसांस आर्टिस्ट एंड राइटर्स एसोसिएशन पलामू की ओर से रविवार को नृत्य, गायन, नाट्य, योग आधारित ऑडिशन मेदिनीनगर के रेड़मा चौक स्थित शिवम होटल में किया गया। इसमें जिले से अलग-अलग क्षेत्र से आए 200 बच्चो ने ओडिशन दिया। इस ऑडिशन का परिणाम आज से 8 दिनों के बाद ऑनलाइन आएगा। इस परिछ्न में मुख्य अतिथि और निर्णायक की भूमिका में मृणाल पाठक ग्लोबल को ऑर्डिनेटर, रावा के तनु श्री, आचार्य सिद्धार्थ आनंद अवधूत, संत मरियम स्कूल के निर्देशक अविनाश देव, आनंद मार्गी बैजनाथ देव, अरविंद देव आदि ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। रावा यानी आर्टिस्ट एसोसिएशन के प्रवर्तक प्रभात रंजन सरकार है। नृत्य कला में सामाजिक चेतना को जगाने और व्यक्ति को आध्यात्मिक आत्म- साक्षात्कार की ओर ले जाने की क्षमता होती है । हालाँकि, वर्तमान युग में कला व्यावसायिक और राजनीतिक दोनों हितों की गुलाम बन गई है। रेनेसां आर्टिस्ट्स एंड राइटर्स एसोसिएशन, (रावा) आनंदमार्ग का ही अंग है इसकी स्थापना प्रभात रंजन सरकार द्वारा 1958 में की गई थी। ताकि कला को सामाजिक और आध्यात्मिक जागृति के लिए एक उपकरण के रूप में इसकी बरव वास्तविक भूमिका को बहाल किया जा सके।

## हुसैनाबाद के वार्ड नौ व सात के पार्षदों ने किया धोती-साड़ी का वितरण

# विकास योजनाओं से जनता को लाभान्वित करना हमारी प्राथमिकता : वार्ड पार्षद

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र के वार्ड नौ व सात में रविवार को मुख्यमंत्री सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत गरीब ग्रामीणों के बीच साड़ी और धोती का वितरण किया गया। मौके पर वार्ड नौ के पार्षद नजीर अहमद व वार्ड सात के पार्षद सुहैल आलम ने ग्रामीणों को धोती और साड़ी देते हुए कई योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने नगर पंचायत द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए





जागरूक किया। साथ ही योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को सुलभ तरीके से क्षेत्र की जनता के बीच पहुचाना हमारी प्राथमिकता है।मौके पर वार्ड नौ के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार उमेश चौधरी, युवा समाजसेवी अंशु अग्रवाल,रीता कुँवर,अनिता देवी,सोनी देवी,संजय गुप्ता,सदरू राइन, खातून,विमला देवी,ममता देवी आदि मौजूद थे।वही वार्ड सात में वितरण के दौरान डीलर कलावती देवी, विमलेश कुमार कश्यप, अनवर आलम, मोबिन अहमद, इमाम अली, प्रह्लाद ठाकुर, रोहित चौधरी, इस्तेयाज आलम समेत दर्जनों लाभुक मौजूद थे।

# पत्रकार सुनिल विश्वकर्मा की स्मृति में तकनीकी शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन

## तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक हों छात्र-छात्राए : के विश्वा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** जेवाईएसएस के एजुकेशन सेल के तत्वावधान में हुसैनाबाद के बक्सी उच्च विद्यालय में दिवंगत पत्रकार सुनील विश्वकर्मा की स्मृति में जेवाईएसएस स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया । इस स्कॉलरशिप टेस्ट में लगभग 2000 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस स्कॉलरशिप टेस्ट के माध्यम से चयनित होने वाले 50 छात्रों को ?50000 तक की स्कॉलरशिप राशि दी जाएगी। झारखंड युवा स्वाभिमान संगठन के प्रमुख के विश्वा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम और आयोजन से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगती है और इस तरह के परीक्षाओं के



माध्यम से ग्रामीण छात्रों को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक करना हमारा लक्ष्य है । आने वाले समय में इस तरीके का कार्यक्रम और होंगे। जेवाईएसएस एजुकेशन सेल के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने कहा कि इस स्कॉलरशिप टेस्ट के माध्यम से 50 छात्रों को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए 50000 तक का स्कॉलरशिप राशि मुहैया कराई जाएगी ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी शहरी छात्र की तरह तकनीकी शिक्षा ले पाए। इस परीक्षा का सफल संचालन मे दीपक कुमार मेहता, पवन शर्मा, अंकित श्रीवास्तव, संजीत कुमार, पंकज कुमार सिंह, दीपक कुमार, जयप्रकाश शर्मा, पुनम कुमारी, सुधा कुमारी, अंशु केसरी, ओमप्रकाश कुमार, सत्यम कुमार सहित जेवाईएसएस एजुकेशन सेल के सभी कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान दिया।

## स्पोर्ट्स



लोहरदगा जैसे छोटे जगह में इस तरह के आयोजन की परिकल्पना हमने नहीं की थी

# 300 मी बालक वर्ग में धनबाद के प्रेम किशोर और बालिका वर्ग में रांची की मोनिका कुमारी अव्वल

- जिले के 300 मी तैराकी प्रतियोगिता में जतिन पांडेय अव्वल रहे
- डीसी और एसपी ने कहा कि प्रतियोगिता झारखंड के लिए मील का पत्थर बनेगा
- धनबाद, रांची, हजारीबाग, रामगढ़, गुमला के अलावा ओडिशा के सुंदरगढ़ से भी प्रतिभागी शामिल हुए

**लोहरदगा(आजाद सिपाही)।** लोहरदगा में रविवार को एक्टिवेट स्पोर्ट्स के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण रहा। लोहरदगा जिला स्विमिंग एसोसिएशन और एफडी एंटरप्राइजेज के तत्वावधान और सौजन्य से आयोजित इस प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ा तालाब के चारों ओर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। इसमें महिलाओं की संख्या भी उल्लेखनीय रही।



तालाब के आसपास के तमाम छतों में बड़ी संख्या में लोग खड़े होकर इस स्विमिंग प्रतियोगिता का आनंद उठा रहे थे. इसके पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू लोहरदगा उपायुक्त बाद डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस कप्तान आर रामकुमार, सिविल एसडीओ अरविंद कुमार लाल, कार्यपालक दंडाधिकारी अमित कुमार, स्विमिंग एसोसिएशन के सचिव दीपक मुखर्जी और एफडी इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर अब्दुल जब्बार अंसारी आदि ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इन्हीं अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा के लिए 28 अगस्त का दिन काफी सौभाग्यशाली रहा। इतनी बड़ी प्रतियोगिता अनुशासित ढंग से आयोजित होना अपने आप में मिसाल है। पानी का खेल खतरों से भरा होता है। बरसात में तालाब भरा हुआ है। लेकिन जिस तरीके से आयोजकों ने इस का सफल आयोजन किया। उसके लिए हम उन्हें बधाई देते हैं। उन्होंने उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण से आग्रह किया कि लोहरदगा में स्विमिंग पूल निर्माण के लिए डीपीआर बनाकर दे, हम उसे सरकार से स्वीकृति दिलाएंगे। उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि लोहरदगा जैसे छोटे जगह में इस तरह के आयोजन की परिकल्पना हमने नहीं की थी। बाहर के जिलों से भी बड़ी संख्या में युवक- युवतियां शामिल हुई। हम उन्हें भी बधाई देते हैं।

### तैराकी प्रतियोगिता के परिणाम

- 300 मी फ्री स्टाइल अंतर जिला तैराकी प्रतियोगिता प्रथम
- प्रेम किशोर महतो धनबाद-03 :01, अमन कुमार जयसवाल रांची-3 .07, और 3 . गौरव कुमार राणा हजारीबाग -3 .17
- 300 मीटर फ्री स्टाइल तैराकी प्रतियोगिता प्रथम -मोनिका कुमारी रांची4 .06, द्वितीय सुमति कुमारी4 .07, रांची और तृतीय स्थान पर सुशिता कुमारी रांची04 .54 रही।
- 50 गुना चार मीडले रेस-धनबाद के प्रेम किशोर महतो 1.27 हजारीबाग के हर्षित कुमार राणा 1.29 रांची के अमन कुमार जयसवाल 1.30 क्रमश: प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।
- मीडले प्रतियोगिता दूसरे जिले के लिए- रांची की मोनिका कुमारी -02 :02, रांची की सुमति कुमारी -02 :20, रांची की शुसिता कुमारी -02 :35 क्रमशा: प्रथम द्वितीय और तीसरे स्थान पर रही।
- लोहरदगा जिला के प्रतिभागियों के लिए 300 भी फ्री स्टाइल तैराकी प्रतियोगिता प्रथम जतिन पांडेय-4 .07, द्वितीय विकास उरांव 4 .07और तृतीय स्थान पर अफसर आलम 4 .54 रहे।
- 300 मीटर ट्यूबरेस प्रतियोगिता प्रथम अफसर आलम, द्वितीय गुड्डू शूजाउद्दीन तृतीय अजय साहू चतुर्थ लक्की साहू रहे।

# 3 सितंबर से दो दिवसीय राज्य स्तरीय पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप में पुरुष और महिला खिलाड़ी लेंगे भाग



**रांची।** पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के तत्वधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022 का आयोजन 3-4 सितंबर को ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम खेल गांव में किया गया है। झारखंड राज्य को-ऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल ने बताया है। कि दो दिवसीय राज्य स्तरीय पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप मे झारखंड के सभी जिलों के पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों के प्रतिभागी भाग लेंगे,अब तक 50 से भी अधिक खिलाड़ियों का आवेदन आ चुका हैं। तथा 2 सितंबर तक अतुल चंदन मो. नंबर- 870 9777757 तथा कमल अग्रवाल मो. नं.9308478465 से संपर्क कर आवेदन दे सकते हैं। एवं सभी खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन उनके आगमन पर स्टेडियम में ही किया जायेगा रजिस्ट्रेशन फॉर्म स्टेडियम में मिलेगा। खिलाड़ियों को सुबह 10 बजे तक स्टेडियम पहुंच जाना अनिवार्य है। खिलाड़ियों का ठहरने एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। पेरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने बताया है कि राज्य स्तरीय पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप को सफल बनाने के लिये तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। जिसमें खेल निर्देशक सुगंध नारायण, कमल कुमार अग्रवाल, संजय सर्राफ, अतुल चंदन, निर्मल कृष्ण डे, संदीप रंजन, मोहम्मद वसीम, अविनाश तिवारी, रथीन भद्रा, दुर्गादत्त, संजुक्ता एक्का, प्रतिभा तिर्की संजना कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है।

## कुमारधुबी में हर्षोल्लास से मनाया गया गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। कुमारधुबी बाजार स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा परिसर में रविवार को सिख समुदाय की ओर से सिखों के धर्म ग्रन्थ गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में 14 अगस्त से सहज पाठ आरंभ किया गया था। जिसकी समाप्ति रविवार को हुई। इसके बाद कुमारधुबी गुरुद्वारा के हजूरी रागी जत्था भाई हरदीप सिंह ने गुरबाणी एवं शबद कीर्तन किया। प्रकाश पर्व में कुमारधुबी, मैथन, चिरकुंडा, लायकडीह आदि क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। सभी श्रद्धालुओं के लिए लंगर का आयोजन किया गया था। संध्या गुरुद्वारा प्रांगण में दीप माला का आयोजन किया गया।

## जुबानी हमला : बलियापुर पर्जन्य बीएड कॉलेज पहुंचे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री

# हेमंत सरकार को राज्यवासियों की चिंता नहीं: रघुवर दास

**मोदी सरकार के कार्यों का किया बखान, हेमंत सरकार पर जमकर साधा निशाना**

आजाद सिपाही संवाददाता



कार्यक्रम में शामिल पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास व अन्य।

**सिंदरी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास रविवार को बलियापुर पर्जन्य बीएड कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। कहा कि देश के सभी नागरिकों को मन की बात सुननी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के लोकप्रिय नेता है। वो डिजिटल इंडिया पर बेहतर सोच रखते है। पूर्व मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं को गिनवाते हुए मोदी सरकार के कार्यों का बखान किया। साथ ही कहा कि उनके (रघुवर दास) के मुख्यमंत्री रहते झारखंड में बेहतर विकास कार्य हुआ था। लगे हाथ राज्य की वर्तमान महागठबंधन सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमकर आलोचना भी की। पत्रकारों से बातें करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान झामुमो की महागठबंधन सरकार अपनी भ्रष्ट कार्यशैली के चलते ही सत्ता से बेदखल हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पद से इस्तीफा देकर किसी अन्य वरिष्ठ नेता को मुख्यमंत्री बनाएं। खनन पट्टा मामले पर उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन को इतनी तो समज होनी ही चाहिए कि जब कोई मुख्यमंत्री, मंत्री या जनप्रतिनिधि बन जाता है तो वह सरकारी पट्टा नहीं ले सकता है। पर राज्य के मुखिया ही खनन पट्टा आदि लेकर व्यवसाय करने लगेंगे तो प्रजा क्या करेगी। हेमंत सरकार को राज्यवासियों की चिंता ही नहीं है। सरकार जब संकट के दौर से गुजर रही है तो मुख्यमंत्री अपने विधायकों के साथ मौज मस्ती करने में व्यस्त हैं।

### हमें राज्यपाल के निर्णय का इंतजार

रघुवर दास ने कहा कि भाजपा राज्यपाल के निर्णय का इंतजार कर रही है। उनका निर्णय आने के बाद ही सरकार बनाने पर रणनीति तय की जाएगी। दूसरी ओर, प्रधानखंता अंडर पास में चार मजदूरों की हुई मौत व मुआवजा की मांग को ले तारा देवी ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, संजय झा, संतलाल प्रमाणिक, नीताई रजवार, सुबोध सिंह, जिप सदस्य स्वाति कुमारी, मंडल अध्यक्ष आशीष मुखर्जी, मंटू रवानी, अरविंद पाठक, अजय गिरी, विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो, इंदूबाला देवी, विजय रवानी, दिनेश सिंह, इंद्रमोहन सिंह, अरविंद खत्री, वीरेंची सिंह, विनय मुखर्जी, मोहित मिश्रा और धर्मेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रतियोगिता में सफल एकल विद्यालय के विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। ग्राम स्वराज संच समिति (एकल विद्यालय अभियान) की ओर से अभ्युदय यूथ क्लब की ओर से रविवार को जुनकुंदर ब्रह्मस्थान में विद्यालय से जुड़े बच्चों के बीच खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अव्वल रहे बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के दौड़ के बालिका वर्ग में प्रथम निशा महतो, द्वितीय अनिता टुडू, तृतीय बेबी राय और बालक वर्ग में विकास मल्लिक, द्वितीय सुखेन मोहली, तृतीय प्रसन्नजीत मोहली रहे। जबकि तीन वर्ष के बच्चों में प्रथम मीत बाउरी, द्वितीय प्रशांत मल्लिक, तृतीय लक्ष्मण दास, कबड्डी में शंकरडीह टीम, फुटबॉल में शंकर जी टीम, जलेबी रेस में प्रथम झिरिक लायक, द्वितीय देवी कर्मकार, तृतीय रेशमी राय, म्यूजिकल चेयर में प्रथम अंजली टुडू, द्वितीय अंजली कुमारी, तृतीय लक्खी मोहली आदि ने स्थान पाया। इस मौके पर रिंटू पाठक, आशीष टुडू, कृष्णा मोहली, राजू चौहान, तपन पारामाणिक, सविता गोराई, ललिता देवी, संजय चौधरी और संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### अंबेडकर एकाडमी विद्यालय में सभा आयोजित कर दिवंगत शिक्षकों को अर्पित की श्रद्धांजलि



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। अंबेडकर एकाडमी में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर विधालय के प्राचार्य दिवंगत डीएन मुखर्जी और कोयलांचल स्कूल के प्राचार्य कमल कुमार को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। अतिथियों ने दोनों प्राचार्यों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान विभिन्न विधालयों के प्राचार्य और संचालक उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि डीएन मुखर्जी न सिर्फ एक प्राचार्य थे, बल्कि अभिभावक भी थे। वे छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों और प्राचार्यों के साथ भी ऐसे पेश थे कि जैसे वे अभिभावक हों। वे हमेशा छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने के बारे में सोचते थे। इस विधालय के कई छात्र आज अच्छे मुकाम पर है। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता विधालय के सचिव एसएस प्रसाद और संचालन इंदिरा गांधी स्कूल के प्राचार्य सोमेन कुमार घोष, प्राचार्य विनोद रस्तोगी डिफोडिल्स एकेडमी तापस बनर्जी संजय चौबे, इंडियन पब्लिक स्कूल के प्रवीण दुबे, प्राचार्य नालेज आफ मिशन स्कूल महादेव राउत, एमजी किड्स प्ले स्कूल की प्राचार्य सुमिता राउत, कामिनी भंडारी, रंजीत राजवंशी, सुनील कुमार, स्वपन सरकार आदि ने किया।

### आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश व विधायक लंबोदर ने किया जिप सदस्य कुमारी खुशबू को सम्मानित



नावाडीह (आजाद सिपाही)। रांची स्थिति आजसू के केंद्रीय कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें आजसू सुप्रीमो सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो, गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने उपरघाट नव निर्वाचित जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू को सम्मानित किया। वहीं, खुशबू ने सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, पूर्व विधायक अखिल अख्तर, झारखंड आंदोलनकारी संजय बसु, रोशन लाल चौधरी, बोकारो जिला परिषद उपाध्यक्ष बबिता कुमारी, तिवारी महतो और टिकैत कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## पुलिस व सुरक्षा प्रहरियों की सजगता से लूट का प्रयास विफल, अपराधी फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** पुलिस और सुरक्षा प्रहरियों की सक्रियता के कारण शनिवार की रात सेंद्रा स्थित कनकनी कोलियरी कार्यालय में लूट का प्रयास विफल हो गया। जानकारी के मुताबिक छह-सात की संख्या में अपराधियों ने देर रात कोलियरी कार्यालय पर धावा बोल दिया था। रात्रि सुरक्षा प्रहरी दामोदर सिंह चौधरी व रामचंद्र महतो को कब्जे में कर ऑफिस के एक रूम में बंद कर दिया। इसके बाद अपराधियों ने सेफ्टी और सर्वे आफिस का ताला तोड़ कर अंदर प्रवेश कर अलमारियों को खंगालना शुरू कर दिया। इधर सुरक्षा प्रहरियों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को फोन कर दे दी। जिसके बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस को आते देख अपराधी वहां से भाग खड़े हुए। मालूम हो कि 17 अगस्त को अपराधियों ने बगल में स्थित कनकनी कर्मशाला में धावा बोल का करीब 50 हजार रुपए के मोटर का स्टार्टर लूट ले गये थे। वहीं, कोलियरी के पीओ अवधेश कुमार ने बताया कि अपराधियों ने धावा बोला था। पर सुरक्षा प्रहरी और पुलिस की तत्परता के कारण अपराधियों की लूट की योजना नाकाम हो गयी।

### सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से चरमरायी स्वास्थ्य व्यवस्था

धनबाद (आजाद सिपाही)। वेतन वृद्धि समेत विभिन्न मांगों को लेकर रविवार की सुबह एसएनएमएमसीएच के सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। कर्मचारी नारेबाजी करते हुए अस्पताल के गेट पर बैठ गए। जिससे अस्पताल की सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। वार्डों में हर तरफ गंदगी बिखरी पड़ी है। मरीजों का शौच के लिए जाना मुश्किल हो रहा है। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें एजेंसी द्वारा प्रतिदिन 220 रुपए का भुगतान किया जाता है। जबकि सरकारी नियमानुसार प्रतिदिन 368 का भुगतान किया जाना चाहिए।

### स्त्री हेल्पलाइन नंबर महिलाओं को सशक्त बनाने में कारगर : ब्रजेंद्र सिंह



धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमेटी की ओर से रविवार को पार्टी कार्यालय में स्त्री टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर लॉच किया गया। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने फ्री हेल्पलाइन नंबर लॉच किया। कार्यक्रम के धनबाद जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा, सामाजिक न्याय, समरसता के साथ ही पार्टी जन कल्याण एवं महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण को लेकर सदैव तत्पर रही है। महिला राजनीतिक सशक्तिकरण को लेकर आधी आबादी को न्याय व सुरक्षा को लेकर टॉल फ्री नंबर 1800 2040589 जारी किया गया है। जिससे महिलाएं ज्यादा सशक्त होकर समाज के मुख्यधारा में शामिल हो सकेंगी। वहीं, सीता राणा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसुजा की महत्वकांक्षी योजना पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के 78वीं जयंती पर स्त्री टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर लॉन्च किया गया। जिसे हर जिला स्तर पर लॉन्च किया जाना है। इसकी मदद से आधी आबादी को उनका हक दिलाने के लिए न्यायिक सहायता पहुंचाने के साथ स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने में मदद करेगी। मौके पर देवी झा, गीता सिंह, दुलारी देवी, रिंकू कुमारी, अजमेरी खातून, कुसमी देवी, फातिमा खातून, पूनम कुमारी, उषा यादव, सुनीता सिंह, पूनम देवी, शारदा देवी, शोभा देवी, पप्पू तिवारी, प्रियव्रत सिंह चौधरी व पंकज चौधरी आदि थे।

### उमाकांत रजक का अपमान बर्दाश्त नहीं : जयराम महतो



चंदनकियारी (आजाद सिपाही)। चंदनकियारी रोड में रामडीह मोड़ स्थित बिनोद बाबू जयंती समारोह समिति की बैठक हुई। जिसमें जयराम महतो ने कहा कि बिनोद बाबू की प्रतिमा स्थापित करने वाले पूर्व मंत्री उमाकांत रजक को कुछ लोग अपमानित कर अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। यह बर्दास्त नहीं किया जाएगा। बिनोद बाबू की प्रतिमा पर चोट को उमाकांत रजक खुद पर लगी चोट मानते हैं। इस लिए आवेश में उन्हों कुछ बातें कही थी। जिसका वीडियो तोड़ मरोड़ कर जारी कर किया गया और उमाकांत रजक को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। पर प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं. कार्यक्रम की अध्यक्षता शत्रुघ्न महतो व संचालन परशुराम महतो ने किया।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कमीशन की टीम ने धनबाद के जिप अध्यक्ष से की मुलाकात

**ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते महिला उत्पीड़न से मुक्ति एवं बेहतर स्वास्थ्य व शिक्षा पर हुई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कमीशन की महिला शाखा की धनबाद जिला अध्यक्ष सुमन वासान और झारखंड के महासचिव सह पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र वासान ने रविवार को धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह एवं भाजपा महुदा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। इस दौरान संस्था के दोनों पदाधिकारियों ने जीप अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। पदाधिकारियों एवं जीप अध्यक्ष के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के अधिकार एवं उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए वार्ता हुई। वहीं महिलाओं के प्रति बढ़ते घरेलु हिंसा के कारणों के बारे में चर्चा करते हुए मानवाधिकार कमीशन की धनबाद जिला अध्यक्ष ने लोगों की गलत मानसिकता को बड़ा कारण बताया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के साथ घरेलू हिंसा के कारणों में बाल श्रम, शारीरिक शोषण या पारिवारिक परंपराओं का पालन न करने के लिये उत्पीड़न, उन्हें घर पर रहने के लिये मजबूर करना और उन्हें स्कूल जाने की अनुमति न देना बताया। इनसे मुक्ति के लिये उन्होंने कहा कि हम जिले के तमाम पंचायतों में जाकर सभी ग्रामीण महिलाएं एवं किशोरियों को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करेंगी, ताकि संकीर्ण विचारों एवं पुराने सोच से महिलाओं को मुक्ति मिल सके। वहीं महासचिव ने जीप अध्यक्ष से धनबाद जिले के पंचायतों में बने स्वास्थ्य केन्द्रों की लचर व्यवस्था एवं डॉक्टरों की कमी से ग्रामीणों को हो रही समस्याओ एवं केंद्रीय सरकार के महत्त्वकांक्षी योजना के तहत नये बने आंगनबाडी केंद्रों के अधूरे होने से ग्रामीण बच्चों की शिक्षा की स्थिति चिंताजनक होने से अवगत कराया। जिस पर जीप अध्यक्ष ने स्वास्थ्य एवं शिक्षा को बेहतर करने को लेकर जल्द ही सभी स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर डीसी बात करने का आश्वासन दिया।

### सामाजिक संरचना को संतुलित करता है समाजिक दायित्व : मुखिया मिनी देवी



ललपनिया (आजाद सिपाही)। सामाजिक संरचना को समाजिक दायित्व संतुलित करता है। पुराने जमाने में सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भंली-भांती होता रहा जिससे उस समय का सामाजिक संरचना संतुलित रहा। परिणाम समाज में रहने वाले सभी वर्गों के लोगों के बीच आत्मसंतुष्टि का भाव एवं समरसता का माहौल रहा। कुछ लोग आज भी इस नीति पर चल रहे हैं जिस कारण सामाजिक संरचना नियंत्रित है। कारण चाहे जो हो आज भी मददगार हैं जो आर्थिक तंगी से लड़ रहे लोगों के सहयोग में अपनों की तरह हाथ बढ़ाकर उस परिस्थिति से बाहर निकाल लेते हैं। ऐसा ही हुआ जब बारीडारी निवासी परन महतो की नजर मददगार को तलाश रही थी। उन्हें पत्नी के श्राद्धकर्म के लिए मददगार की जरूरत थी। मुखिया मिनी देवी एवं समाजसेवी आकाश कुमार यश जो जब इसके बारे में पता चला तो दोनों ने आवश्यक खाद्य सामग्री सहित कुछ अन्य वस्तुएं उपलब्ध कराकर सहयोग किया। जो सराहनीय कार्य है। शायद पुराने जमाने की सामाजिक समरसता पुनः कायम हो सके। उक्त दोनों ने सहयोग के साथ ही इस संकट की घड़ी में परिजनों को ढांढस भी बंधाया। ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे।

### साइकिल यात्रा निकाल फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज का दिया संदेश



फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच की बेरमो शाखा की ओर से आयोजित साइक्लोथॉन में रविवार को साइकिल यात्रा निकाल कर फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज का संदेश दिया गया। फुसरो में पूर्व युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर मंच अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, दिलीप गोयल और ओमप्रकाश अग्रवाल भी उपस्थित थे। नेशनल स्पोर्टस डे पर आयोजित साइक्लोथॉन में शहर के सैकड़ो लोग शामिल हुए। साईकल रैली श्री अग्रसेन भवन से शुरू होकर कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन विद्यालय प्रांगण पहुंच कर समाप्त हुई।इस मौके पर मंच के सचिव रोहित मित्तल, कोषाध्यक्ष सोनू अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक अरुण अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, भवानी शंकर अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, पिंटू राइका, टिंकेश गोयल, मुकेश शर्मा, राजू खेमका, राजेन्द्र अग्रवाल, आकाश ऐरण, सुमित बंसल, उमेश चौधरी, विकास मित्तल, पंकज मित्तल, संतोष मित्तल, संजय अग्रवाल, मनीष अग्रवाल सहित सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

### गोमिया विधायक की पहल से लगा ट्रांसफार्मर



ललपनिया (आजाद सिपाही)। गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कंडेर बाजार टांड में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। जिला संगठन सचिव सह पंचायत समिति मुंशी मुंडा ने ट्रांस्फॉर्मर का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के दिशा निर्देश पर उन्होंने यह उद्घाटन किया है। इस क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से बिजली गुल थी। अंधेरे में रहने के लिए लोग विवश थे। लेकिन गोमिया विधायक की पहल से नया ट्रांस्फॉर्मर लग गया। इस मौके पर पंचदेव माहतो, मनोज माहतो, भुनेश्वर माहतो, दिनेश माहतो, अनु मुंडा, लाइन मैन अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

## खुलासा : करीब 700 अज्ञात लोगों पर दर्ज किया गया है मामला

# सिंदरी बवाल कांड में नामजद 23 आरोपितों में जयराम महतो, मासस नेता बबलू और जगदीश रवानी भी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता





**सिंदरी।** सिंदरी में 25 अगस्त को उपद्रवी घटना से कुछ समय पहले गश्ती के दौरान बड़ादाहा मैदान में बलियापुर पुलिस पर हमला किए जाने के मामले में सहायक अवर निरीक्षक बरना उरांव की लिखित शिकायत पर बलियापुर थाना में दर्ज प्राथमिकी में 23 लोग नामजद आरोपी बनाए गए है। जबकि 600 से 700 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। नामजद आरोपियों में खतियानी आंदोलनकारी जयराम महतो, मासस के केंद्रीय सचिव बबलू महतो व मार्क्सवादी युवा मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी के अलावे जिला परिषद सदस्य श्वेता कुमारी व उनके पति राजेश महतो उर्फ राजू महतो, मुखिया बीडी महतो, सतीश महतो, प्रेम महतो, विकास महतो, सीताराम महतो, पंसस दिवाकर महतो, उमेश महतो, अविनाश महतो, विष्णु महतो, मुखिया विजय कालिंदी, अरुण महतो और मुखिया प्रतिनिधि आजाद हांसदा आदि शामिल हैं। बतातें चलें कि एएसआई बरना उरांव की लिखित शिकायत में बताया गया है कि बड़ादाहा पंचायत भवन के पीछे मैदान में 25 अगस्त को हरवे हथियार से लैस करीब 700 लोगों की भीड़ जुटी थी। यह लोग लक्की सिंह के सिंदरी स्थित कार्यालय व आवास में तोड़फोड़ करने एवं उसकी हत्या करने की योजना बना रहे थे। इन लोगों से जब पुलिस ने पूछताछ की तो वे लोग पुलिस से ही गाली गलौज करने लगे। पुलिस कर्मियों संग मारपीट भी की। जिप सदस्य श्वेता कुमारी के पति राजू महतो ने वर्दी फाड़ दी। इस दौरान सुना गया कि लोग जयराम महतो के कहने पर वहां इकट्ठा हुए हैं। इधर सिंदरी थाना में भी लक्की सिंह के आवास में तोड़फोड़ करने, लोगों से मारपीट व पुलिस पर हमला और हथियार चमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इसमें 39 लोग नामजद और दो हजार अज्ञात आरोपी बनाए गए हैं। वहीं लक्की सिंह के रिश्तेदार अमर सिंह ने भी सिंदरी थाने में शनिवार को 26 नामजद व एक हजार अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### 9 सितंबर को भाषा खतियान संघर्ष समिति की जनसभा

कसमार(बेरमो)। जरीडीह प्रखंड के जरीडीह ईकाई में भस्की मिलन चौक में भाषा खतियान संघर्ष समिति की एक बैठक की गई। बैठक में आगामी 9 सितंबर को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के नेता व मुख्य अतिथि जयराम महतो का आगमन एवं जनसभा को लेकर चर्चा की गई। भस्की पंचायत अंतर्गत भस्की मिलन चौक में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति जरीडीह ईकाई की बैठक की अध्यक्षता राहुल कुमार ने की। जिसने समिति के सभी सदस्यों द्वारा जनसभा को लेकर बिशेष चर्चा एवं जनसभा को शांतिपूर्ण सफ्ल बनाने को लेकर निति बनाई गई। मोके पर उपस्थित समिति के सदस्य भागिरथ महतो, राहुल कुमार, अरविंद सिंह, सजित सिंह, र?जित कुमार सिंह, सोनाराम हासदा, रवी कुमार महतो, रविन्द्र महतो, लालू कुमार महतो, देवेंद्र नाथ महतो, मनु महतो, समरेश महतो, बिरबल महतो, कमलेश मुर्मू आदि उपस्थित थे।

### संकल्प महिला समिति ने कुष्ठ रोगियों के बीच आवंटित किया सूखा राशन



कतरास (आजाद सिपाही)। दीक्षा महिला मंडल एवं संकल्प महिला समिति की ओर से तेतुलमारी स्थित कुष्ठ रोगी अस्पताल में रविवार को 15 रोगियों के बीच सुखा राशन जैसे चावल, दाल, सरसो तेल, आलू, मसाला, केला और गमछा आदि आवंटित किया गया। साथ ही 20 गरीब ग्रामीण बच्चों के बीच केला और गमछा का भी वितरण किया गया। मौके पर संकल्प महिला समिति की अध्यक्ष मंजू सिंह, शशि प्रसाद, उषा किरण, एम खान, रेखा कुमार, आशा संदील्या, पिंकी गुप्ता, तूलिका भूषण, बीना चौधरी, नीलू सिंह, फरहीन खान आदि उपस्थित थीं।

# भारत में सुजुकी कंपनी के 40 साल पूरे, ये हमारी मजबूत पार्टनरशिप का प्रतीक : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुज।** अपने दूसरे दिन के गुजरात दौरे पर पीएम नरेंद्र मोदी रविवार की शाम कच्छ से गांधीनगर पहुंचे। यहां उन्होंने एक कार्यक्रम में हरियाणा के लिए मारुति सुजुकी वाहन निर्माण सुविधा और गुजरात के हंसलपुर के लिए सुजुकी इवी बैटरी प्लांट की आधारशिला रखी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज गुजरात-महाराष्ट्र में बुलेट ट्रेन से लेकर यूपी में बनारस के रुद्राक्ष सेंटर तक, विकास की कितनी ही परियोजनाएं भारत-जापान दोस्ती का उदाहरण हैं और इस दोस्ती की जब बात होती है तो हर एक भारतवासी को हमारे मित्र पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय शिंजो आबे की याद जरूर आती है। मारुति-सुजुकी की सफलता भारत-जापान की मजबूत पार्टनरशिप का भी प्रतीक है। बीते आठ वर्षों में तो हम दोनों देशों के बीच ये रिश्ते नई ऊंचाइयों तक गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि शिंजो आबे जब गुजरात आए थे, उन्होंने जो समय यहां बिताया था, उसे गुजरात के लोग बहुत आत्मीयता से याद करते हैं। हमारे देशों को और करीब लाने के लिए जो प्रयास उन्होंने किए थे, आज पीएम किशिदा उसे आगे बढ़ा रहे हैं।

**कच्छ में किया स्मृति वन का लोकार्पण :** इससे पहले पीएम ने दोपहर को कच्छ पहुंचे, जहां उन्होंने 'स्मृति वन' समेत करीब एक दर्जन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। 'स्मृति वन' 26 जनवरी, 2001 को गुजरात में आये भूकंप में मारे गए करीब 13,000 से अधिक लोगों को श्रद्धांजलि के रूप में कच्छ जिले के भुज कस्बे के पास भुजियो पहाड़ी पर बनाया गया एक म्युजियम है। इस म्युजियम की परिकल्पना पीएम मोदी ने उस समय की थी, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। 'स्मृति वन' 470 एकड़ के क्षेत्र में बनाया गया है।

**गुजरात आपदओं से निपट ही रहा था कि साजिशों का दौर शुरू हो गया :** पीएम ने आगे कहा कि एक दौर था जब गुजरात पर एक के बाद एक संकट आ रहे थे। प्राकृतिक आपदा से गुजरात निपट ही रहा था, कि साजिशों का दौर शुरू हो गया। देश और दुनिया में गुजरात को बदनाम करने के लिए, यहां निवेश को रोकने के लिए एक के बाद एक साजिशें की गयीं। ऐसी स्थिति में भी गुजरात देश में आपदा प्रबंधन एक्ट बनाने वाला पहला राज्य बना। इसी एक्ट की प्रेरणा से पूरे देश के लिए भी ऐसा ही कानून बना।

**कच्छ में हुए काम अकल्पनीय :** पीएम मोदी ने कहा कि 2001 में पूरी तरह तबाह होने के बाद से कच्छ में जो काम हुए हैं, वो अकल्पनीय हैं। कच्छ में 2003 में क्रांतिगुरू श्यामजी कृष्णवर्मा यूनिवर्सिटी बनी तो वहीं 35 से भी ज्यादा नए कॉलेजों की भी स्थापना की गयी है। आज कच्छ के विकास से जुड़े 4,000 करोड़ रुपये से अधिक के अन्य प्रोजेक्ट्स का भी शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इनमें पानी, बिजली, सड़क और डेयरी से जुड़े प्रोजेक्ट हैं। ये गुजरात के कच्छ के विकास के लिए डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**स्मृतिवन स्मारक पूरे देश की साझी वेदना का प्रतीक :** पीएम मोदी ने कहा कि आज मन बहुत सारी भावनाओं से भरा हुआ है। भुज में स्मृतिवन स्मारक और अंजार में वीर बालक स्मारक का लोकार्पण कच्छ की, गुजरात की और पूरे देश की साझी वेदना का प्रतीक है। इनके निर्माण में सिर्फ पसीना ही नहीं, बल्कि कितने ही परिवारों के आंसुओं ने भी इसके पत्थरों को सींचा है।

# नये संसद भवन का मुख्य ढांचा तैयार, 'फिनिशिंग' जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** संसद के नये भवन का मुख्य ढांचा तैयार हो चुका है और अब आंतरिक स्तर पर फिनिशिंग के काम को पूरा किया जा रहा है। टाटा प्रोजेक्ट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीइओ) और प्रबंध निदेशक विनायक पई ने रविवार को यह जानकारी दी। टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड नये संसद भवन का निर्माण कर रही है जिसमें भारत की लोकतांत्रिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक भव्य संविधान हाल, सांसदों के लिए एक लाउंज, एक पुस्तकालय, कई समिति कक्ष, भोजन क्षेत्र और पर्याप्त पार्किंग स्थल बनाया जा रहा है। विनायक पई ने एक साक्षात्कार में बताया कि नए संसद भवन का मुख्य ढांचा पूरा हो चुका है। हम अब उस चरण में हैं, जहां हम आंतरिक साजसज्जा या फिनिशिंग को पूरा कर रहे हैं। यह अपनी तरह का एक खास भवन है। इसलिए वास्तुविदों द्वारा फिनिशिंग के काम को काफी सोच-विचार के बाद पूरा किया जा रहा है। सरकार का कहना है कि संसद का शीतकालीन सत्र नरेंद्र मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत बन रहे नए भवन में होगा। टाटा प्रोजेक्ट्स उच्च मुद्रास्फीति दबाव की चुनौती का सामना कैसे कर रही है, इस सवाल पर पई ने कहा कि निश्चित रूप से ऐसी चुनौतियां हैं जिनका अधिकांश उद्योग सामना कर रहे हैं, क्योंकि वे काफी हद तक जिंसों पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि एक चीज जिस पर हमें लगातार ध्यान देना है वह है स्मार्ट खरीद। इसलिए हमारे द्वारा की जाने वाली थोक सामग्री की बहुत सारी खरीद के लिए हमारे पास दीर्घकालक अनुबंध है।

# डॉ लिंगराज साजू को परिबेश रत्न पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओडिशा के उच्च शिक्षा मंत्री रोहित पुजारी ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी की एक-एक बूंद हमारे लिए अनमोल है। इसके लिए सभी को जल संरक्षण करना होगा। वे रविवार को भुवनेश्वर के जयदेव भवन में सूर्यक्षेत्र फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'पानी बचाओ, हर बूंद मायने रखता है' नामक राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी में फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ बिपिन बिहारी मिश्रा, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के अतिरिक्त सचिव मनोरंजन महापात्र ने मुख्य वक्ता के रूप में अतिथियों और प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने लोगों को पानी की कमी की समस्या को दूर करने के लिए जल संसाधनों का सम्मान करने की सलाह दी।

कलिंग एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ कल्चर एंड हेरिटेज (कपोच) के अध्यक्ष संग्राम केशरी पैकराय ने सम्मानित अतिथि के रूप में संगोष्ठी में भाग लिया। अन्य अतिथियों में प्रमुख वैज्ञानिक, भारतीय जल प्रबंधन संस्थान डॉ प्रमोद कुमार पांडा, डीएफओ, सिटी फॉरेस्ट डिवीजन, भुवनेश्वर अजीत कुमार सत्पथी, ओडिशा पर्यावरण सोसाइटी के सचिव डॉ जयकृष्ण पाणिग्रही, आध्यात्मिक नेता ब्रह्माकुमारी अपर्णा बहन, प्रसिद्ध उद्यमी सुरेश कुमार चौधरी और मैथन पावर लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी संदीप खेड़वाल और रवींद्र कुमार राउतरे शामिल हैं। इस अवसर पर बिपिन बिहारी नायक, प्रोफेसर जयकृष्ण पाणिग्रही, डॉ लिंगराज साहू, डॉ प्रमोद कुमार पांडा, ग्रीन वर्ल्ड और कपोच संगठन को पर्यावरण को बचाने की प्रतिबद्धता के लिए परिबेश रत्न पुरस्कार प्रदान किया गया।

# 19 अक्टूबर को मिलेगा कांग्रेस को फुल टाइम प्रेसिडेंट, 17 को वोटिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए 17 अक्टूबर को वोटिंग होगी और 19 अक्टूबर को काउंटिंग होगी। चुनावी शेड्यूल के मुताबिक 22 सितंबर को चुनाव संबंधी नोटिफिकेशन जारी होगा। 24 सितंबर से 30 सितंबर तक नॉमिनेशन किए जा सकेंगे। हालांकि अगर अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक उम्मीदवार होता है तो ऐसी स्थिति में रिजल्ट की घोषणा 30 सितंबर को ही की जा सकती है। रविवार को हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री ने यह जानकारी दी। सीडब्ल्यूसी की बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने इस चुनाव शेड्यूल पर सहमति जताई। पार्टी नेता जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष पद के लिए कोई भी नामांकन दाखिल कर सकेगा। केवल हमारी पार्टी में यह लोकतंत्र है।

बैठक में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, केसी वेणुगोपाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, पी चिदंबरम, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल और जी-23 का हिस्सा रहे आनंद शर्मा मौजूद थे। पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत कई नेता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल हुए।

# बिहार में सीएम नीतीश कुमार के काफिले को रोकने की कोशिश

## अचानक सड़क पर आ गये दो युवक



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोपालगंज।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफिले को रोकने की कोशिश की गयी। जानकारी के मुताबिक सीएम गोपालगंज से सड़क मार्ग से पटना लौट रहे थे। इस दौरान दो युवक अचानक सड़क पर आ गए। कारकेट गुजरने के दौरान सड़क पर दो युवकों को देख सुरक्षा में तैनात कर्मी तुरंत अलर्ट हो गये।

मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को गोपालगंज से सड़क मार्ग से पटना लौट रहे थे, तभी मांझागढ़ थाना क्षेत्र के भोजपुरवा गांव के समीप सीएम नीतीश कुमार के काफिला को रोककर दो युवक ज्ञापन सौंपने की कोशिश करने लगे। इसके बाद दो युवक पहुंचे छात्र नेता विपुल चौबे सहित दो युवकों को नगर थाने की पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

रविवार को सीएम नीतीश कुमार पूर्व मंत्री सुभाष सिंह के श्राद्धकर्म में शामिल होने गोपालगढ़ पहुंचे थे। इस दौरान श्राद्ध कर्म कार्यक्रम से शामिल होने के बाद रोड से ही पटना लौट रहे थे। इसी बीच भोजपुरवा मोड़ के समीप सीएम नीतीश कुमार का काफिला रोककर छात्र नेता विपुल चौबे व राजकुमार साह ज्ञापन सौंपना चाहते थे। इस दौरान पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। इस मामले में सदर एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि ऐसा कोई मामला नहीं है। युवकों के द्वारा ज्ञापन देने की तैयारी थी। सूचना के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। बता दें कि खराब मौसम के चलते सीएम सड़क मार्ग से निर्धारित समय से पहले गोपालगंज पहुंचे थे। उनका आगमन हेलीकॉप्टर से होना था। इसके लिए ख्वाजापुर में हेलीपैड की भी व्यवस्था की गई थी। मौसम को देखते हुए उनका कार्यक्रम बदल गया। गौरतलब है कि बीते दिनों भी पटना में मुख्यमंत्री का काफिले में शामिल गाड़ियों पर प्रदर्शन कर रही भीड़ ने हमला कर दिया था। गनीमत की बात यह थी सीएम कारकेट में मौजूद नहीं थे? इस दौरान चार गाड़ियों के शीशे तोड़ दिये गये थे।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**